लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 147, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आओ सहेजें अपनी विरासत को व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 36.0° अधिकतम तापमान, 24.0° न्यूनतम तापमान, धूप खिली रहेगी, हल्के बादल रहेंगे। सूर्योदय 05 : 46, सूर्यास्त 18 : 32

बरेली, रविवार, 14 अप्रैल 2024

परिणीति चोपड़ा ने फिल्म के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया...15

## कंगना रनौत के सामने विक्रमादित्य को उतारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। चंडीगढ़ सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल की दो और ओडिशा की नौ सीट के लिए एलान किया गया है। साथ ही पार्टी ने गुजरात की पांच विस सीटों पर उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। हालांकि, उन्हें भाजपा

### कांग्रेस की नई सूची



उम्मीदवार किरण खेर के हाथों 49 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को राज्य के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अपना प्रत्याशी बनाया है। विक्रमादित्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे हैं।

## रोड शो के दौरान पथराव, आंध्र प्रदेश के सीएम घायल

**विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)।** विजयवाड़ा में रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर शनिवार को अज्ञात लोगों ने पथराव किया। माथे पर पत्थर लगने से सीएम घायल हो गए। मुख्यमंत्री सिंह नगर के विवेकानंद स्कूल सेंटर में भीड़ का अभिवादन कर रहे थे तब उन्हें पत्थर आ लगा, जिसके बाद लोगों ने रूमाल से उनका ललाट पोछा। बस के अंदर डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार किया। घटना के बावजूद मुख्यमंत्री ने अपना टूर जारी रखा और चार घंटे तक प्रचार किया। वाईएसआरसीपी ने आरोप लगाया कि इसके पीछे तेदेपा (तेलुगु देशम पार्टी) का हाथ है।

# भारत आ रहे इजराइली मालवाहक जहाज पर ईरान का कब्जा

तेहरान, एजेंसी

ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के सैन्य बलों ने इजरायल से जुड़े एक मालवाहक जहाज को शनिवार को जब्त कर लिया जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। समाचार एजेंसी 'तस्नीम' ने यह खबर दी है।

सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इस जहाज पर 17 भारतीय नागरिक भी मौजूद हैं। यह जहाज ओमान की खाड़ी से होर्मुज पास होते हुए भारत आ रहा था जिस पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। वीडियो के फुटेज में ईरानी सैन्य बल के जवान हेलिकॉप्टर से जहाज पर उतरते हुए दिख रहे हैं। ईरान

### जहाज पर सवार हैं 17 भारतीय, ईरान और इजरायल के बीच तनाव चरम पर

इजराइली जहाज को अपने कब्जे में लेते ईरान के कमांडोज।

और इजरायल में तनाव बढ़ता जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, कब्जे में लिया जहाज, जिसका नाम एमएससी एरीज़ है, पुर्तगाल के झंडे के नीचे संचालित होता है। यह लंदन स्थित कंपनी ज़ोडियाक मैरीटाइम से जुड़ा है और इसका स्वामित्व इज़राइली अरबपति इयाल ओफर के पास है। इजरायली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा, हम किसी भी तरह के हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी राजदूत के पास हवाई हमला किया था जिसमें ईरान के दो शीर्ष आर्मी कमांडर समेत 13 लोगों की मौत हो गयी थी। ईरान ने इसके बाद बदला लेने के लिए इजराइल पर हमला करने की धमकी दी है। अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए जहाज के संबंध में अधिक जानकारी जारी किए जाने की आशा है।

**ईरान-इजराइल से भारतीयों को बचाने की तैयारी :** न्यूज एजेंसी पीटीआई ने बताया कि भारत दोनों देशों से भारतीयों को बचाकर वापस देश लाने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा वहां भारतीयों के लिए सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं।

### ईरान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया

ईरान में भारतीय दूतावास ने तनाव की स्थिति में वहां भारतीय नागरिकों की मदद के लिए एक इमरजेंसी नंबर जारी किया है। ईरान में लगभग 4000 भारतीय रहते हैं। वहीं इजराइल में 18500 प्रवासी भारतीय रहते हैं। हाल ही में भारत से 6 हजार कामगारों को कंस्ट्रक्शन के काम के लिए इजराइल भेजा गया था। हालांकि, इजराइल में भारतीय दूतावास ने अब तक किसी तरह की कोई एडवाइजरी इश्यू नहीं की है।

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. वन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की जगह जहन्नुम : योगी

## बहेड़ी की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा की सरकारों में चारों तरफ दंगे होते थे, लेकिन प्रदेश में सात साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। दंगा करने वालों को मालूम है कि दंगा करेंगे तो उल्टे लटका दिए जाएंगे। व्यापारियों और बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पता है कि जेल जाने से पहले उनके लिए जहन्नुम का रास्ता तैयार है।

मुख्यमंत्री शनिवार को पीलीभीत में जितिन प्रसाद के समर्थन में बहेड़ी के रामलीला मैदान में जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नया भारत देश की सीमाओं को सुरक्षित करना जानता है। कहा कि पिछली सरकारें कर्फ्यू लगाती थीं लेकिन अब माफिया गले में तख्ती लटकाकर घूम रहे हैं और बोल रहे हैं कि बस जान बख्श दो। कहा कि कुछ लोग पहले ही अपने कर्मों की सजा पा चुके हैं। कुछ भयभीत होकर खुद जहन्नुम जा रहे हैं। कहा कि अब यह नहीं होगा कि दंगा भी कराएंगे और फिर किसी पार्टी से फतवा जारी कर अव्यवस्था पैदा करेंगे। वहीं उत्तराखंड में भी सीएम योगी विपक्ष पर हमलावर दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा समस्या नहीं समाधान पर विश्वास करती है। यह बात सीएम ने शनिवार को हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज में हुई विजय संकल्प रैली में कही।

बहेड़ी की जनसभा में गदा उठाए सीएम योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### मुरादाबाद दंगे की जांच दबाई, हमने किया खुलासा

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जो माफिया को पालते थे, वह सुरक्षा नहीं दे सकते। 1980 के मुरादाबाद दंगों में दर्जनों लोग मारे गए। इसकी जांच रिपोर्ट सालों तक दबाए रखा। मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए खुलासे में बड़े-बड़े लोग बेपर्दा हुए। मुख्यमंत्री मुरादाबाद की विधानसभा बढ़ापुर के गांव आलमपुर गांवड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने 2016 में सहारनपुर में हुए सिख विरोधी दंगे का जिक्र किया।

### अब कोई भी खरीद सकता है जम्मू-कश्मीर में जमीन

उन्होंने कहा कि आज यूपी और किसान आगे बढ़ चुका है। जम्मू कश्मीर में अब किसी भी वर्ग, जाति का व्यक्ति जमीन खरीद सकता है। कांग्रेस ने इससे लोगों को वंचित कर रखा था। जमीन चाहे रामलला की हो या फिर किसी गरीब या व्यापारी की, उससे ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

### कई मंत्रियों के सचिव बनकर अफसरों को धमकाया, कराए काम

# सीएम के सचिव का नाम... अवैध काम, एसटीएफ ने किया खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिलों के अधिकारियों के फोन पर सीएम के सचिव का सीयूजी नंबर प्रदर्शित कराकर उन्हें आदेश देकर अवैध काम करवाने वाले गिरोह को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। ये गिरोह वायस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल का सहारा लेकर मुख्यमंत्री, विभिन्न विभागों के मंत्रियों के निजी सचिव बनकर अधिकारियों को रौब मे लेता रहा। पकड़ा गया मास्टरमाइंड अन्मेष तिवारी एवं कप्तान तिवारी रौनाही अयोध्या के रहने वाले हैं। ये चाचा-भतीजे हैं। इनके पास से चार मोबाइल फोन, छह एटीएम, एक लैपटॉप और सूचना डायरी बरामद की है। डायरी से अधिकारियों का सीयूजी नंबर हासिल करते थे।

गिरोह के सरगना अन्वेष तिवारी ने बताया कि उसने 2018 में अयोध्या से एमसीए करने के बाद 2023 में खुद की कंपनी बनायी और लगभग तीन हजार साफ्टवेयर बनाये हैं। 2022 में उसे 'इंडीकॉल' ऐप की जानकारी मिली जिसके माध्यम से किसी भी नम्बर को प्रदर्शित कर कॉल किया जा सकता था। अन्वेष तिवारी ने बताया कि उसने इसकी जानकारी अपने चाचा कप्तान तिवारी को दी और इसके बाद फोन करके अधिकारियों से काम कराने लगा। लखनऊ के सीनियर अधिकारियों का सीयूजी नंबर देखकर अधिकारियों को शक नहीं होता था और इनके काम झटपट हो जाते थे।

कप्तान तिवारी अन्वेश तिवारी

- एसटीएफ ने लखनऊ से की गिरफ्तारी, चाचा-भतीजा ने मिलकर बनाया था गिरोप
- चार मोबाइल फोन, छह एटीएम, एक लैपटॉप और सूचना डायरी की गई बरामद

### बरेली में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे में की पैरवी

बरेली के इज्जतनगर थाने में आरोपी अन्मेश तिवारी के खिलाफ के मुकदमा दर्ज हुआ था। 2022 में फिनटेंक कंपनी बरेली को साफ्टवेयर बना कर दिया गया था। जिसके लिए फिनटेंक कम्पनी द्वारा अन्मेश के बैंक खाते में 8 लाख रुपये जमा किया गया। लेकिन आगे चलकर पैसे को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद कंपनी ने पूरा पैसा वापस करने का दबाव बनाने के लिए थाना इज्जतनगर में मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया। जिसमें पैरवी के लिए उसी इंडीकॉल ऐप के माध्यम से 22 फरवरी 2024 को एसएचओ इज्जतनगर को मुख्यमंत्री का निजी सचिव बनकर कॉल किया। एसएचओ को निर्देश दिया कि मुकदमे में अभियुक्त अन्वेश तिवारी व आरती पांडेय निवासी पिरखौली बड़ागांव अयोध्या तथा विनीत कुमार निवासी नाथू मिश्रा का पुरवा मजरे पंडितपुर अयोध्या व खुश्बू के खिलाफ कोई कार्रवाई न किया जाए। इसी तरह से आरोपियों ने मुख्यमंत्री के निजी सचिव का नंबर प्रदर्शित कराकर अयोध्या के डीसी मनरेगा, एसडीएम सोहावल, सीएमएस से कई कार्यों को अपने हिसाब से प्रभावित कराया।

# कक्षा पांच की छात्रा को अगवाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, दो दिन तक रखा बंधक

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** कक्षा पांच की छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात सामने आई है। पीड़िता को दो दिन तक लखनऊ में बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म किया गया। आरोपियों के चंगुल से छूटी पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर एक नामजद समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है। घटना आठ अप्रैल की बताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र की 13 वर्षीय किशोरी गांव के निजी स्कूल में पांचवीं में पढ़ती है। पुलिस को दी

- एक नामजद समेत दो के खिलाफ एफआईआर, आरोपियों को तलाश रही पुलिस

तहरीर के अनुसार, गांव का युवक स्कूल आते-जाते वक्त रास्ते में रोककर आए दिन उससे छेड़छाड़ करता था। आठ अप्रैल की सुबह वह घर निकली थी। पहले से घात लगाए आरोपी ने चाकू के बल पर उसका अपहरण कर लिया। गांव के बाहर गन्ने के खेत में दुष्कर्म करने के बाद आरोपी उसको लखनऊ ले गया। वहां पर दो दिनों तक एक घर में बंधक बनाकर अपने दोस्त के साथ मिलकर दुष्कर्म करता रहा। आरोपियों ने पीड़ित किशोरी को शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। गत दिवस वह मौका पाकर वहां से भाग निकली और अपने घर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही अनुज कुमार व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। चिकित्सीय परीक्षण के लिए पीड़िता को अस्पताल भेजा जाएगा।

### रामेश्वरम कैफे विस्फोट

## दोनों आरोपी रिमांड पर गए बेंगलुरु

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए ने कोलकाता से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर यहां लेकर आई है। दोनों को चिकित्सा जांच के बाद एनआईए की अदालत में पेश किया जाएगा। कोलकाता की अदालत ने विस्फोट मामले में दोनों आरोपियों को शुक्रवार को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा और एनआईए को उन्हें कर्नाटक की राजधानी ले जाने की अनुमति दी थी। एनआईए ने मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

# बाबा हत्याकांड : मास्टरमाइंड सुल्तान हरियाणा से गिरफ्तार

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह को एसटीएफ ने हरियाणा के जींद जिले से गिरफ्तार कर लिया। इस पर 25 हजार का इनाम था। वह बिलासपुर (रामपुर) का हिस्ट्रीशीटर था। उधर, बीते दिवस गौरी फंटा (लखीमपुर खीरी) से पकड़े गए षड़यंत्रकारी सतनाम सिंह का शनिवार को चालान कर दिया गया। दूसरा शूटर सर्वजीत सिंह अभी भी हत्थे नहीं चढ़ा है।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बाबा तरसेम हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह व बीते दिवस गिरफ्तार सतनाम सिंह की जानकारी दी। बाबा की हत्या के

- बिलासपुर (रामपुर) का हिस्ट्रीशीटर है सुल्तान सिंह, 25 हजार का था इनाम

षडयंत्र में शामिल रहे सतनाम सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी कुईया महोलिया बंडा (शाहजहांपुर) को एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर से सटे गौरी फंटा (लखीमपुर) से गिरफ्तार किया था। एसएसपी ने बताया कि सुल्तान ने सतनाम सिंह द्वारा दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, प्रगट सिंह, हरविंदर उर्फ पिंदी के साथ मिलकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या का षडयंत्र रचा। इसे पूरा करने के लिए धार्मिक स्थल और दिलबाग सिंह के घर पर हत्या की योजना बनाई गई। बाबा की हत्या का मुख्य शूटर अमरजीत सिंह एनकाउंटर में मारा जा चुका है।

## सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल को वैध करार देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी है। हाईकोर्ट ने धनशोधन के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया था और कहा था कि बार-बार समन देने के बावजूद जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास थोड़ा विकल्प बचा था। हाईकोर्ट ने आप नेता की गिरफ्तारी और संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका रद कर दी है। हाईकोर्ट की ओर से मामले में ईडी की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ही ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को अदालत ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और वह अब तिहाड़ जेल में हैं।

# हेल्थ ड्रिंक बताकर नहीं बेचा जा सकेगा बॉर्नविटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से पोर्टल से बॉर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है। अब इसे हेल्थ ड्रिंक के नाम पर नहीं बेच सकेंगे।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने दिए परामर्श में कहा कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा (3) के तहत गठित वैधानिक निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि एफएसएस अधिनियम 2006, एफएसएसएआई

- ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश, ऐसे पेय पदार्थ करें श्रेणी से बाहर

और मोंडेलेज इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत नियमों और विनियमों के तहत कोई हेल्थ ड्रिंक परिभाषित नहीं है। आदेश 10 अप्रैल को जारी हुआ है। इसमें कहा गया कि ई-कॉमर्स कंपनियों/पोर्टलों को सलाह दी जाती है कि वह अपने मंच/साइट से बोर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को हेल्थ ड्रिंक की श्रेणी से हटा दें। खाद्य सुरक्षा मानक नियामक एफएसएसएआई ने दो अप्रैल को ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों को वेबसाइट पर बिक रहे उत्पादों का वर्गीकरण करने का निर्देश दिया था।

## मानवाधिकारों का संदेशखालि में हुआ उल्लंघन : आयोग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प. बंगाल के संदेशखालि मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की घटनाओं को चिह्नित किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई लापरवाही से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया, जिससे लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और हर सिफारिश पर बंगाल सरकार से आठ सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

### राहत — क्षुद्रग्रह एपोफिस वैज्ञानिकों की चिंता का सबसे बड़ा कारण था

# टल गया पृथ्वी पर आने वाला अबतक का सबसे बड़ा खतरा

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** बहुचर्चित नही बल्कि कुख्यात भी साथ ही वैज्ञानिकों की चिंता का बड़ा कारण क्षुद्रग्रह एपोफिस के पृथ्वी से टकराने की संभावना नही रही। इस से वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है और पृथ्वी के लिए अबतक का सबसे बड़ा खतरा भी टल गया है। यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से को तबाह करने की ताकत रखता है। हालिया गणना में यह जानकारी सामने आई है।

एपोफिस की खोज 2004 में हुई थी। हमारे आसमान में बेख़ौफ घूमती इस चट्टान का आकार करीब आधा किमी है। अगर यह पृथ्वी से

टकरा जाए तो हजारों किमी हिस्से को तबाह कर सकती है। इसके पृथ्वी से टकराने की प्रबल संभावना के चलते खगोलविद् बेहद चिंतित हो चले थे। जिस कारण नासा समेत रसिया व इसा स्पेस एजेंसी इसकी जांच पड़ताल के साथ ही लगातार निगरानी कर रहे थे। शुरुआती गणना में उसके अप्रैल 2013 में पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई गई थी। जिसे लेकर वर्ष 2013 में धरती के तबाह होने की खबरों ने दुनियाभर के लोगों ने चिंता में डाल दिया था। मगर उसी दौरान एक और अध्ययन ने इसके 2013 के बजाय 2029 में टकराने की संभावना की घोषणा कर दी। इस गणना से निकट भविष्य का खतरा तो टल गया, लेकिन समस्या का सही निदान नही मिल पा रहा था। इसके बाद 2021 में पूनः एपोफिस की गणना की गई तो पता चला कि अब यह 2036 में पृथ्वी से टकराएगा। इस तरह से इस आकाशीय पिंड पर वैज्ञानिक पल पल नजर बनाए रहे और इस खतरे को दूर करने के उपाय भी तलाशते रहे। मगर अब जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक पृथ्वी को अगले सौ साल किसी भी आकाशीय पिंड यानी क्षुद्रग्रह से कोई खतरा नही है। इसकी ऑर्बिट की सटीक गणना को लेकर गोल्डस्टोन डीप स्पेस कम्युनिकेशंस कॉम्प्लेक्स व ग्रीन बैंक टेलीस्कोप का सहारा लिया गया , तब यह जानकारी सामने आई। एपोफ़िस पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करता है, जिसे एक चक्कर पूरा करने में 323.6 दिन लगते हैं, जबकि पृथ्वी को 365.3 दिन का समय लगता है।

### 2029 में देखा जा सकेगा कुख्यात एपोफिस को

**नैनीताल।** हाल के वर्षों की गणनाओं से पता चला है कि यह क्षुद्रग्रह 2029 और 2036 दोनों में पृथ्वी के पास से सुरक्षित रूप से गुजरेगा। 2029 में पृथ्वी की सतह से 19,662 मील की मामूली दूरी से गुजरगे। यह पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले कई उपग्रहों से अधिक निकट की दूरी है। तब इसे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का सामना करेगा। तब संभव है कि एपोफिस पर भूकंप आए। इससे एपोफिस की कक्षा में भी थोड़ा बदलवा आएगा। इस दौरान इस पिंड को आसानी से देखा जा सकेगा।

## अवकाश में भी खुला चुनाव कार्यालय, काम निपटाए

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 7 मई को मतदान है और 12 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 13, 14 और 17 अप्रैल को अवकाश होने की वजह से नामांकन नहीं होंगे। शनिवार को सरकारी विभागों के कार्यालय तो बंद रहे, लेकिन निर्वाचन कार्यालय में चहल-पहल रही। दोपहर के समय एडीएम न्यायिक आशीष कुमार चुनाव कार्यालय में तैयारियों के संबंध में जानकारी ले रहे थे। इस दौरान कर्मी काम निपटा रहे थे। कंट्रोल रूम का कार्यालय भी खुला रहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह भी कार्यालय में बैठकर चुनाव की तैयारियों को पूरा कराने में व्यस्त रहे।

## 2022 चुनाव की भरपाई करेगी बहेड़ी की जनता

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी में जनसभा में पीलीभीत के भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद ने कहा कि अयोध्या की तरह यहां भी भरपूर विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि 2022 के चुनाव की भरपाई बहेड़ी की जनता इस बार के चुनाव में करेगी। उन्होंने रामलीला की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया। जनसभा को सांसद संतोष गंगवार, बरेली लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने भी संबोधित किया।

### विकास की योजनाएं गिनाईं

मुख्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां और योजनाएं गिनाते हुए कहा कि हाईवे बन रहे हैं। रेलवे की बड़ी परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं। मेडिकल कॉलेज, आईआईटी-आईआईएम बन रहे हैं। मेगा फूड पार्क का काम बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है।

# गन्ना भुगतान न किया तो किसानों को बना देंगे चीनी मिल का मालिक

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहेड़ी को परिवर्तन की धरती बताकर भावनात्मक रिश्ता जोड़ने का भी किया प्रयास

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** बहेड़ी में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना किसानों की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 120 चीनी मिलों में से 105 एक सप्ताह में भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जो भी चीनी मिलें गन्ना भुगतान समय पर नहीं करेंगी, हम किसानों को उसका मालिक बनाएंगे। किसान ही उन चीनी मिलों को संचालित करेंगे। किसानों का एक भी पैसा डूबने नहीं देंगे। बहेड़ी की केसर मिल पर हजारों किसानों का कई करोड़ रुपये का बकाया है। उन्होंने बहेड़ी के लोगों से भावनात्मक रूप से भी जुड़ने की कोशिश की।

उन्होंने कहा प्रदेश के गन्ना किसानों का ढाई लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकारों ने 22 सालों में इतना भुगतान नहीं किया। उन्होंने कहा बहेड़ी क्षेत्र किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां का परिश्रमी किसान धरती से सोना उगाकर देश का पेट भरने का काम करता है, मगर पिछली सरकारों ने इसके परिश्रम और पुरुषार्थ की कीमत नहीं समझी। करीब 20 मिनट से ज्यादा के भाषण में मुख्यमंत्री बहेड़ी के लोगों से भावनात्मक रूप से जुड़े। बहेड़ी को परिवर्तन की धरती बताकर उन्होंने यहां के लोगों के निर्णयों से होने वाले कौतूहल का जिक्र कर रिश्ते और पक्का किया। उन्होंने कहा कि वह 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के समर्थन में रैली करने आने वाले थे मगर बारिश ने खलल डाल दिया लेकिन इस बार पहले से सोच रखा था कि बहेड़ी जरूर जाना है। बताया जा रहा है कि पिछले सप्ताह भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को जाट सम्मेलन के दौरान जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की गई थी। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने पर उन्होंने कार्रवाई कर सबक सिखाने की बात कही।

बहेड़ी के रामलीला ग्राउंड में आयोजित जनसभा में मंचासीन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद संतोष गंगवार, प्रत्याशी जितिन प्रसाद व अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### विपक्षी पार्टियों पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को विपक्षी दलों पर जमकर बरसे। इससे पहले बरेली में प्रबुद्ध सम्मेलन और चुनाव से पहले हुए सभा में सीएम ने एक बार भी किसी भी दल का नाम नहीं लिया था और कानून व्यवस्था, विकास, भ्रष्टाचार के मुद्दों पर पिछली सरकारों को घेरा था लेकिन शनिवार को सपा, बसपा, कांग्रेस का नाम कई बार मंच से लिया।

### कांग्रेस, सपा, बसपा कहती थी...राम, कृष्ण हुए ही नहीं

मुख्यमंत्री ने लोगों को आस्था से भी जोड़ते हुए कहा कि पांच सौ साल बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। लोगों से पूछा कि बताइए सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकारें क्या ऐसा कर पातीं। जवाब न में मिला। कहा कि ये लोग तो कहते थे राम और कृष्ण तो हुए ही नहीं। उन्होंने भारत माता के जयकारे से अपना संबोधन शुरू किया और भारत माता, वंदे मातरम, दुर्गा मैया और काली माता के जयकारे लगवाए और जय श्रीराम के साथ बात खत्म की।

### चुनाव प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर शिक्षक पर रिपोर्ट : बरेली

मतदान प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर फरीदपुर क्षेत्र में तैनात शिक्षक हंसा के खिलाफ बीईओ ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बहेड़ी से बरेली को भी साधा

मुख्यमंत्री ने बरेली लोकसभा सीट को भी साधा। उन्होंने कहा कि इतनी तेज आवाज लगाइए कि बरेली तक जाए। सांसद संतोष गंगवार के आशीर्वाद से बरेली में छत्रपाल गंगवार को प्रत्याशी बनाया गया है।

### मंच पर इनकी रही मौजूदगी

जनसभा के मंच पर राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, मंत्री राकेश सचान, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद संतोष गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक डीसी वर्मा, पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, गुलशन आनंद, हेमराज वर्मा, पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल, चौधरी देवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे बरेली में लोग खरीदते हैं, वैसे ही जम्मू कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद खरीद सकते हैं। उन्होंने सिखों को बैसाखी पर्व के साथ ही खालसा पंथ के स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने तीन तलाक की बात भी की। कहा कि इस कुप्रथा को क्या विपक्षी दल खत्म कर पाते। उन्होंने कहा कि 19 को मतदान के बाद आप लोग अयोध्या दर्शन करके आइए। उन्होंने कहा कि जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। उनके पत्र आने के बाद जिले से जांच कराकर तीन दिन में पैसे खाते में भेज दिए जाते हैं।

मेरा गोण्डा, मेरी शान।।
20 मई को करें मतदान।।
कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, गोण्डा
पत्रांक : स0शि0/लेखा0/431/2024-25
दिनांक :- अप्रैल 2024
समस्त गोण्डा वासियों से बेसिक शिक्षा विभाग की अपील

☑ लोक तंत्र के इस महापर्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, स्वयं मतदान करें तथा अपने आस-पड़ोस के प्रत्येक मतदाता को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए स्वतंत्र व निश्पक्ष मतदान संपन्न कराये करें।
☑ 01 अप्रैल 2024 से नवीन शैक्षिक सत्र प्रारम्भ हो चुका है, अतः 6-14 आयु वर्गके प्रत्येक बच्चे को उनके घर के निकटवर्ती परिषदीय प्राथमिक /उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय में नामांकित कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करायें।
☑ 15 से 35 आयु वर्ग का यदि कोई व्यक्ति निरक्षर है, तो उसका विवरण नजदीकी विद्यालय में उपलब्ध करायें, जिससे उन्हें भी नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत साक्षर बनाने की प्रकिया पूर्ण की जा सकें।
☑ निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में प्रदत्त व्यवस्थानुसार अलाभित समूह व दुर्बल के अधिक से अधिक बच्चों को उनके पड़ोस के गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालय में नामांकित कराते हुए उनकी प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।
☑ 01 अप्रैल 2024 से संचारी रोग से बचाव हेतु निम्नलिखित उपाय अपनायें :-
1. नियमित रूप से मच्चछरों से बचाव हेतु दरवाजों व खिड़कियों पर जाली का प्रयोग।
2. मच्छरदानी का प्रयोग, मच्छर रोधी उपायों का प्रयोग, तथा अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने दे, पानी की टंकी पूरी तरह से ढंक कर रखें।
3. बच्चों को पूरी आस्तीन का कपड़ा पहनायें।
4. घर और कार्य स्थल के आस-पास तथा नालियों में पानी जमा न होने दें।
5. खुले में शौच न जांय।
6. बुखार हाने पर उसका नजदीकी चिकित्सक से तत्काल इलाज प्रारम्भ करायें।

मतदान है जरूरी

प्रेमचन्द्र यादव
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गोण्डा

एम अरुन्मोलि
मुख्य विकास अधिकारी
गोण्डा

नेहा शर्मा
जिलाधिकारी
गोण्डा

## षष्ठम कात्यायनी

कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।

# परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में फोम फैक्ट्री में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जला

## फायर ब्रिगेड ने ढाई घंटे में आग पर पाया काबू, अग्निशमन विभाग से नहीं ली थी एनओसी

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

**अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र स्थित परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार फोम फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल कर्मियों ने ढाई घंटे में आग पर काबू पाया।

आलमगीरीगंज निवासी अभिषेक खंडेलवाल की परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में अनुष्का इंटरप्राइजेज नाम से फोम फैक्ट्री है। फैक्ट्री में गद्दे बनते हैं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे गोदाम परिसर में पड़े फोम के कबाड़ ने आग लग गई। कुछ देर में आग पूरी फैक्ट्री में फेल गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और कई किलोमीटर तक धुंआ फैल गया। फैक्ट्री परिसर में खड़ी एक कार भी जल गई। फायर ब्रिग्रेड की पांच गाड़ियों के साथ बीएलएग्रो की फायर फाइटर टीम भी मौके पर पहुंच और आग बुझाई। घटना के समय फैक्ट्री के मजदूर बाहर माल उतारने की तैयारी कर रहे थे। गेट पर खड़े ट्रक को हटाकर आग से बचाया गया। फैक्ट्री में आग लगने पर दूसरी फैक्ट्रियों में काम कर रहे कर्मचारियों को भी फैक्ट्री से बाहर निकाल दिया गया।

आग से फैक्ट्री से सटी दूसरी फैक्ट्रियों की दीवार में भी दरारें पड़ गईं। सूचना मिलते ही फैक्ट्री मालिक अभिषेक खंडेलवाल भी मौके पर पहुंचे। आग से लाखों रुपये की कीमत का सामान जल गया। हालांकि अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। शार्ट सर्किट से आग लगने का आशंका जताई जा रही है।

परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में फोम फैक्ट्री उठतीं आग की लपटें। ● अमृत विचार

आग में जली कार। ● अमृत विचार

फोम फैक्ट्री में आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### फैक्ट्री में आग बुझाने के नहीं थे इंतजाम

सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीएफओ के मुताबिक फैक्ट्री बिना फायर एनओसी की चलाई जा रही थी। फैक्ट्री में आग बुझाने का कोई इंतजाम नहीं था। फैक्ट्री मालिक अभिषेक खंडेलवाल को नोटिस जारी कर तलब किया है। अगर कागजात पूरे नहीं पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी।

# 10 साल से घर की बिजली बंद पर आ रहा लगातार बिल

**बरेली, अमृत विचार :** एक उपभोक्ता के घर की 10 वर्ष से बिजली बंद है, लेकिन विभाग लगातार बिल भेज रहा है। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। नवाबगंज के ईंध जागीर गांव के रहने वाले सौरभ कटियार ने बताया कि 20 नवंबर 2012 को एक किलोवाट का बिजली कनेक्शन लिया था। 2014 में विभाग ने उनके मोहल्ले की तरफ से पोल हटा दिए गए। तब से घर में बिजली की सप्लाई बंद है, लेकिन पुराने कनेक्शन पर हर माह विभाग बिल भेजा जा रहा है। वह 12 बार अधिकारियों से लेकर लखनऊ मुख्यालय तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं किया गया है। अब तक 50 हजार से अधिक का बिल हो चुका है। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया का कहना है अगर ऐसा है तो मामले की जांच कराई जाएगी।

# दो साल के बच्चे को कुत्तों के झुंड ने नोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के भगवंतपुर गांव में दो साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। बच्चा खेत पर मां के साथ गया था। घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भगवंतपुर गांव निवासी पूजा शनिवार को खेत पर गेहूं काटने के लिए गई थीं। वह अपने साथ दो साल के बेटे वंश को भी लेकर गई थीं। पूजा ने बताया कि वह गेहूं काट रही थीं और बेटा पास में ही खेल रहा था। इसी बीच कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। वंश के रोने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे अन्य लोगों ने कुत्तों को भगाया और बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शहर से लेकर देहात तक आवारा कुत्तों के हमलों के मामले सामने आ रहे हैं।

सरकारी अस्पतालों में वैक्सीन लगवाने के लिए भी रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। सीबीगंज क्षेत्र में पिछले साल कुत्तों के हमलों में तीन बच्चों की जान भी जा चुकी है।

जिला अस्पताल में भर्ती बच्चा।

- खेत पर गेहूं काटने गई मां के साथ गया था बच्चा
- भोजीपुरा क्षेत्र के भगवंतपुर गांव का मामला, बच्चा अस्पताल में भर्ती

# सिविल लाइंस और कुतुबखाना में साढ़े चार घंटे गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 2 बजे तक था शटडाउन मगर शाम को साढ़े चार बजे शुरू की गई आपूर्ति
- गर्मी में परेशान होते रहे लोग आए दिन मरम्मत कार्य के चलते प्रभावित हो रही आपूर्ति

**अमृत विचार:** कुतुबखाना और सिविल लाइंस इलाके में शनिवार को साढ़े चार घंटे तक बिजली गुल रही। शटडाउन से अधिक समय तक बिजली गुल रहने से लोग गर्मी में परेशान हो गए।

सिविल लाइंस प्रथम उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में शनिवार को नगर निकाय योजना के तहत काम कराने के लिए सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक शटडाउन लिया गया था लेकिन बिजली साढ़े चार बजे आई। इसकी वजह से बेसू वन, बेसू टू, हेलन रोड, स्टेशन रोड, आवास विकास, मुख्य डाकघर क्षेत्र में बिजली गुल रही। वहीं इसके अलावा कुतुबखाना के सराय खाम फीडर में 11 केवी और एलटी लाइन में काम कराने के लिए सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक शटडाउन लिया गया। इसकी वजह से सरायखाम गेट, आजमनगर, पुराना रोडवेज, बांसमंडी इलाके में बिजली गुल रही।

### आज इन इलाकों में की जाएगी कटौती

विद्युत उपकेन्द्र फरीदपुर ग्रामीण और फतेहगंज पूर्वी से संबंधित 33 केवी की लाइनों पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी।

# आज तेज हवा चलने के साथ हो सकती है बारिश

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम विभाग ने रविवार को तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। शनिवार को भी कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी का पूर्वानुमान था लेकिन तेज धूप खिलने से लोग गर्मी में परेशान हो गए। शनिवार को अधिकतम तापमान 37.9 और न्यूनतम सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से रविवार को बारिश होने का पूर्वानुमान जताया गया है। इस दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

## शहर में आज

- कुर्मी क्षत्रिय सभा द्वारा 16वां वार्षिकोत्सव एवे स्वजातीय परिचय सम्मेलन कुर्मी छात्रावास में सुबह 11:30 बजे।
- मानव सेवा क्लब द्वारा सम्मान समारोह और पत्रिका का विमोचन रोटरी भवन में शाम 4 बजे।
- आंबेडकर पार्क निकट कोतवाली में आंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी शाम 5 बजे।
- बाबा साहब जन्मोत्सव समारोह समिति की ओर से शोभायात्रा दोपहर 1 बजे।

# लोकसभा चुनाव में जाएंगी रोडवेज की 422 बसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बसों के चुनाव में जाने से यात्रियों को हो सकती है दिक्कत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए बरेली परिक्षेत्र से अलग-अलग दिनों में 422 रोडवेज बसों को चुनावी डयूटी में भेजा जाएगा। ऐसे में यात्रियों को परेशानी हो सकती है। पहले चरण के लिए सबसे पहले पीलीभीत में बसों को भेजा जाएगा।

अभी तक 20 बसों को अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना कर दिया गया है। बरेली परिक्षेत्र के बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो से 422 बसों को लोकसभा चुनाव की डयूटी में लगाया गया है। इनमें 356 बसें पैरामिलिट्री फोर्स और 86 होमगार्ड के लिए दी जाएंगी। बरेली परिक्षेत्र के सेवा प्रबंधक धनजी राम ने कहा है कि जिन बसों को चुनाव डयूटी में भेजा जा रहा है उनकी मरम्मत भी ठीक तरीके से कराई जा रही है। यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

# चेन छीनने वाले बदमाशों की हुई पहचान

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र में सिविल लाइंस चौकी के पास आबकारी दरोगा की पत्नी से चेन छीनने वाले दोनों बदमाशों की पुलिस ने पहचान कर ली है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं। सिविल लाइंस निवासी अरविंद कुमार तिवारी आबकारी विभाग में दरोगा हैं। उनकी पत्नी कमलेश तिवारी से शुक्रवार सुबह सिविल लाइंस चौकी से पहले बाइक सवार दो बदमाशों ने चेन छीन ली थी। विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें सड़क पर गिरा दिया था। दोनों बदमाश बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हो गए थे। दोनों की पुलिस ने पहचान कर ली है। कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024

अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक अपने साथ लेकर पोलिंग बूथ जाएं और अपनी पहचान स्थापित करें

01 आधार कार्ड
02 मनरेगा जॉब कार्ड
03 बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक
04 स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)
05 ड्राइविंग लाइसेंस
06 पैन कार्ड
07 स्मार्ट कार्ड (एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी)
08 भारतीय पासपोर्ट
09 पेंशन दस्तावेज़ (फोटोग्राफ सहित)
10 फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी)
11 आधिकारिक पहचान पत्र (सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए)
12 विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड)

| मतदान कार्यक्रम | मतदान की तारीख |
|---|---|
| प्रथम चरण | 19 अप्रैल, 2024 |
| द्वितीय चरण | 26 अप्रैल, 2024 |
| तृतीय चरण | 7 मई, 2024 |
| चतुर्थ चरण | 13 मई, 2024 |
| पंचम चरण | 20 मई, 2024 |
| षष्ठम चरण | 25 मई, 2024 |
| सप्तम चरण | 1 जून, 2024 |

मतदाता सूची में अपना नाम चेक करें और बनें जागरूक मतदाता

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
NOTHING LIKE VOTING, I VOTE FOR SURE
#एक वोट देश के लिए

मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in तथा https://voterportal.eci.gov.in अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.in पर अपने Mobile No. द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

QR CODE FOR CEO WEBSITE
QR CODE FOR VOTER HELPLINE APP
अपने क्षेत्र में मतदान की तिथि जानने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

voiceofvotersup | @ceoup | ceo_up | @ceoup | हेल्पलाइन : 1950/1800 180 1950
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस.
(आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

- कान का बहना, कम सुनाई देना
- चक्कर आना
- सिर में दर्द
- नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना
- नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना
- सोते समय खर्राटे आना
- आवाज का बैठ जाना
- मुंह न खुलना
- चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना
- खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले
- गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
- कान के पर्दे में छेद
- नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी
- गले में टांसिल
- मुँह में कैंसर
- गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ
- लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन
- नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी
- गले में मांस के कारण बैठी आवाज
- आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें
- दाँतों का डिजिटल X-Ray
- दाँतों की नस का इलाज (RCT)
- अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling)
- दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना
- फिक्स दाँत (Bridges)
- बत्तीसी बनाना (Complete Denture)
- बिना दर्द के दाँत निकालना
- लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing)
- हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant)
- टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment)
- बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :-
- नाक, कान, गला रोग
- दन्त रोग
- हड्डी व जोड़ रोग
- चर्म रोग
- जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

# यूटीएस में आई खराबी, टिकट न मिलने पर यात्रियों का हंगामा

- कैंट स्टेशन पर बीपीटी की बिक्री शुरू, यात्रियों ने रेल अफसरों से की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट स्टेशन पर यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) में खराबी आने के कारण टिकट न मिलने पर यात्रियों ने हंगामा किया। यात्रियों को बरेली-रोजा पैसेंजर में बिना टिकट सफर करना पड़ा। हालांकि, यात्रियों की शिकायत के बाद स्टेशन पर बीपीटी की बिक्री शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को विपिन कुमार सिंह नाम के यात्री ने एक्स पर शिकायत करते हुए रेल अफसरों को बताया कि कैंट स्टेशन पर टिकट नहीं दिया जा रहा है। 04380 बरेली रोजा पैसेंजर ट्रेन स्टेशन पर खड़ी है। हम चार लोग बरेली कैंट से शाहजहांपुर के बीच सफर कर रहे हैं। रास्ते में कुछ होता है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेदार होगा। इसके बाद डीआरएम मुरादाबाद के एक्स हैंडल से जवाब आया कि बरेली कैंट स्टेशन अधीक्षक के मुताबिक यूटीएस कार्य नहीं कर रहा है। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में सूचना दी गई है। उधर, वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक शनिवार को उपकरण को मरम्मत के लिए भेजा गया है। बीपीटी (ब्लैंक पेपर टिकट) की बिक्री कराई जा रही है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षणः- घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, डाइबिटीज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक) डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
PILES, FISSURE, FISTULA, AVN, PANCREAS, TIP
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 6397009532
डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
- मेडिसिन विभाग
- सर्जरी विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- मानसिक रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- न्यूरो विभाग
- बाल रोग विभाग

आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# ट्रेनों में भीड़ बढ़ने से मुश्किल में महिलाओं और बुजुर्गों का सफर

## अवध असम, सियालदह एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में नहीं मिल रही जगह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। उन्हें ट्रेनों में बैठने के लिए जूझना पड़ रहा है। नियमित ट्रेनों के स्लीपर और जनरल कोच में सफर करना किसी चुनौती से कम नहीं है। भीड़ के कारण लोग शौचालय में बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। शनिवार को बरेली जंक्शन पर अवध असम, सियालदह और गुवाहटी एक्सप्रेस में ऐसे ही हालात दिखे।

कुछ बुजुर्ग और महिलाओं ने अवध असम एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास किया लेकिन गेट से ही अंदर जाने की जगह नहीं थी, इतने में ट्रेन चल दी, लिहाजा उन्होंने ट्रेन छोड़ दी। उधर आरपीएफ को भी कंट्रोल रूम से ट्रेन में भीड़ होने का मेसेज मिला था। आरपीएफ मौके पर पहुंची, लेकिन ट्रेन में इतनी भीड़ थी कि स्टाफ अंदर जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका।

**गुस्साए यात्रियों ने की एक्स पर शिकायत :** ट्रेनों में भीड़ के चलते यात्रियों को परेशानी हो रही है। वे एक्स के माध्यम से रेल अफसरों से शिकायत कर रहे हैं। कौशिक नाम के यात्री ने एक्स पर 15934 न्यू तिनसुखिया एक्सप्रेस के अंदर की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीटीई रिश्वत लेकर आरक्षित कोच में अनारक्षित यात्रियों को चढ़ा रहा है। वहीं, 18104 अमृतसर टाटा एक्सप्रेस में सफर कर रहे राकेश कुमार ने भी तस्वीरें साझा कर बताया कि एसी कोच के अंदर अनाधिकृत यात्री भरे पड़े हैं, क्या इस सुविधा के लिए हमने पैसा दिया है।

जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

ट्रेन के गेट पर बैठकर यात्रा करते लोग।

ट्रेन के शौचालय में बैठे यात्री।

- स्लीपर और जनरल कोच एक जैसे, शौचालय में यात्रा करने को मजबूर यात्री

# 50 समर स्पेशल और 180 नियमित ट्रेनों की वजह से समय पालन चुनौती

- समय से ट्रेनों के न पहुंचने से यात्रियों को होगी दिक्कत

**बरेली, अमृत विचार :** जल्द बरेली जंक्शन से करीब 50 स्पेशल ट्रेनें होकर गुजरेंगी, जबकि यहां से 180 नियमित ट्रेनें पहले से ही गुजरती हैं। लिहाजा आने वाले दिनों में ट्रेनों का समय पालन रेल प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगा। इसको लेकर रेल प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

दरअसल रेल प्रशासन ने राजस्थान, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब जैसे राज्यों के अलग-अलग स्टेशनों के लिए विशेष ट्रेनें चलाने का एलान किया है। लिहाजा, हैवी ट्रैफिक का असर दूसरी ट्रेनों को लाइन क्लियर देने और क्रासिंग कराने पर पड़ सकता है। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि स्पेशल ट्रेनों को लेकर विशेष तैयारी की है। प्रयास रहेगा कि बरेली से चलने वाली ट्रेनों का समय पालन दुरुस्त रखा जाए।

**इन स्पेशल ट्रेनों का भी होगा संचालन :** शनिवार को रेल प्रशासन ने कई और स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की। जिसमें 04068 दिल्ली-दरभंगा समर स्पेशल ट्रेन 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से 19:30 बजे चलकर बरेली जंक्शन से दूसरे दिन देर रात 00.03 बजे रवाना होगी। वापसी यात्रा में 04067 दरभंगा-दिल्ली समर स्पेशल 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक बुधवार और शनिवार को दरभंगा से 18:00 बजे चलकर बरेली से अगले दिन 12:02 बजे रवाना होगी। 04028 आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा समर स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल से 24 जून तक प्रत्येक सोमवार को आनंद विहार से 11:10 बजे चलकर बरेली से 15:13 बजे रवाना होगी। वापसी में में 04027 सहरसा-आनन्द विहार एक मई से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को सहरसा से 9.30 बजे चलकर बरेली से दूसरे दिन 9:34 बजे रवाना होगी।

# विशेष टीकाकरण में जिले को प्रदेश में मिला तीसरा स्थान

- शासन ने जारी की रैंकिंग, 10 अप्रैल को चला था टीकाकरण अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** बच्चों को खसरा, रूबेला, हेपेटाइटिस समेत तमाम बीमारियों से बचाव के लिए 10 अप्रैल को विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान 6 हजार से अधिक बच्चों को प्रतिरक्षित किया गया। शासन की ओर से जारी रैंकिंग में जिले को प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है।

विशेष टीकाकरण अभियान के दौरान कुल 532 सत्र आयोजित किए गए और 6449 बच्चों को टीका लगाया गया। वहीं प्रदेश में बलरामपुर पहले स्थान पर रहा। जहां 262 सत्र में 3438 बच्चों को और दूसरे स्थान पर अलीगढ़ रहा। जहां 433 सत्रों में 5363 बच्चों को टीका लगाया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन का कहना है कि भविष्य में पहला स्थान पाने के लिए प्रयासरत हैं।

## यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए रेल प्रशासन ने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में रेल प्रशासन ने यात्रियों की प्यास बुझाने की पूरी तैयारी कर ली है। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि स्टेशनों पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर लगाए गए हैं। बरेली जंक्शन समेत मण्डल में पर्याप्त वाटर कूलरों की व्यवस्था की गई है। प्रमुख स्टेशनों पर स्काउट- गाइड्स और स्वयं सहायता समूहों को भी पेयजल वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। ट्रेनों में पानी की उपलब्धता को लेकर ओबीएचएस स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं।

## बिना टिकट यात्रियों को पकड़ने के मामलों में कार्रवाई नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** रोडवेज की बसों में बिना टिकट यात्रा के लगातार मामले पकड़े जा रहे हैं लेकिन अभी तक परिचालकों पर कार्रवाई नहीं की गई है। नोडल अधिकारी ने अधिकारियों को अंतिम चेतावनी दी है कि अगर बिना टिकट यात्रा के मामले में लापरवाही की तो कार्रवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के परिचालक यात्रियों से पैसे लेकर उन्हें टिकट नहीं दे रहे हैं और पैसे जेब में रखकर राजस्व को चुना लगा रहे हैं। मार्च में बदायूं डिपो की तीन अलग-अलग बसों में बिना टिकट यात्रा कराने के मामले बरेली बदायूं मार्ग पर पकड़े गए थे। इसके अलावा 3 अप्रैल को प्रधान प्रबंधक की टीम ने उत्तराखंड मार्ग पर रुहेलखंड डिपो की बस में सात यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा था। इन मामलों में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## सार-संक्षेप

### एफएसडीए ने खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

**बरेली, अमृत विचार :** नवरात्र शुरू हो चुके हैं, लेकिन अब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य पदार्थों के नमूने लेने की सुध ली है। शनिवार को विभाग की टीमों ने पांच स्थानों से सिंघाड़ा आटा, कुट्टू आटा, साबूदाना आदि के सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को बद्रीनाथ कुतुबखाना खोयामंडी से सिंघाड़ा आटा, रिलायंस रिटेल शॉप आंवला से साबूदाना, गोलू भाई किराना स्टोर साउथ सिटी करगैना से कुट्टू आटा, घनश्याम पान भंडार एवं किराना स्टोर इंदिरानगर से कुट्टू आटा, जायसवाल आटा चक्की एवं किराना स्टोर हरूनगला से कुट्टू आटा का नमूना लिया। सभी नमूने जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कवि दीपक मुखर्जी को भीम स्मृति सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर साहित्यिक संस्था कवि गोष्ठी आयोजन समिति ने शनिवार को सरस कवि गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। इस मौके पर साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कवि दीपक मुखर्जी 'दीप' को भीम स्मृति सम्मान -2024 से अलंकृत किया गया। सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट आदि ने काव्य पाठ किया। अध्यक्षता कवि रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने की। मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. महेश मधुकर रहे। संयोजक योगेश जौहरी, अतुल सक्सेना, सुभाष रावत राहत बरेलवी, बृजेंद्र तिवारी अकिंचन, रामकुमार भारद्वाज अफरोज, उमेश अद्भुत, अश्वनी कुमार तन्हा, राजकुमार अग्रवाल, मनोज दीक्षित टिंकू मौजूद रहे।

### इज्जतनगर स्टेशन पर लगाया जल सेवा शिविर

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा शिविर लगाया। जिसमें स्काउट गाइड के सदस्यों ने काठगोदाम-लखनऊ, बरेली सिटी-लालकुआं और बरेली सिटी-पीलीभीत ट्रेन के यात्रियों को जल वितरित किया। रविवार से मंडल के फर्रुखाबाद, फतेहगढ़, कासगंज और बरेली सिटी रेलवे स्टेशनों पर भी शिविर लगाया जाएगा। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि जून तक शिविर लगाए जाएंगे।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

# खालसा साजना दिवस मनाया, मुख्य दीवान सजा

## रागी जत्थों ने कीर्तन गायन कर संगत को किया निहाल, कुर्मांचल नगर में खालसा ग्राउंड पर हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिख समाज ने 325 वां खालसा साजना दिवस शनिवार को कुर्मांचल नगर में खालसा ग्राउंड पर धूमधाम से मनाया। यहां मुख्य दीवान सजाया गया। रागी जत्थों ने कीर्तन गायन कर संगत को निहाल कर दिया।

सुबह 9 बजे मॉडल टाउन गुरुद्वारे से गुरु ग्रन्थ साहिब की सवारी कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इस मौके पर सवैया गुरवाणी ग्रुप के बच्चों ने भट्ट साहिबान के सवैयें गाकर प्रकाश किया। बाहर से आए रागी जत्थों में जगतार सिंह (आनन्दपुर साहिब) और जसपाल सिंह दिल्ली वालों ने कीर्तन गायन किया। ज्ञानी जगतार सिंह ने बैसाखी के इतिहास पर प्रकाश डाला। शबद कीर्तन सुनकर संगत निहाल हो गई। कार्यक्रम में मेयर डॉ. उमेश गौतम का स्वागत किया गया। उनके साथ भाजपा नगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, विशाल मेहरोत्रा भी पहुंचे। पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन भी पहुंचीं।

**सैकड़ों लोगों ने छका लंगर**

खालसा नगर में हुए कार्यक्रम में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 48 लोगों ने रक्तदान किया। माता भाग कौर ग्रुप ने गुरमत कैंप लगाया। राकेश कुमार नागपाल ने स्टाल लगाकर पुरानी करेंसी का प्रदर्शन किया। सिख मशीनरी ने धार्मिक पुस्तकों एवं जोड़ा घर की सेवा निभाई। बैसाखी को पेंटिंग के जरिए दिखाने व धार्मिक सवालों के जवाब देने पर पौधों का वितरण किया गया। सिख संगत एवं श्रीहरि मंदिर कमेटी ने मीठी छबील ठंडाई आदि की व्यवस्था को संभाला। बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर छका। वहीं, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन में गुरु ग्रंथ साहिब का शुकराना कार्यक्रम देर रात तक चला। इस दौरान प्रबंध कमेटी ने संगत से रविवार को अमृत संचार कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। गुरदीप सिंह बग्गा, गुर्दाशन सिंह, प्रभजोत सिंह, मनजीत सिंह, राना प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, गुरमीत सिंह मंदीप सिंह का सहयोग रहा।

खालसा साजना दिवस पर सजा मुख्य दीवान और मौजूद संगत। ● अमृत विचार

कीर्तन गायन करते ज्ञानी जगतार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

खालसा ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

## यात्रियों को ट्रेनों में मिल रहा सात्विक भोजन

**बरेली, अमृत विचार :** नवरात्र में ट्रेन के सफर के दौरान उपवास रखने वाले यात्रियों के लिए सात्विक भोजन मिल रहा है। आईआरसीटीसी की ओर से ट्रेनों में यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आईआरसीटीसी अधिकारियों के अनुसार व्रत रखने वाले यात्री ई-कैटरिंग के जरिए रोस्टेड मखाने से लेकर ड्राईफ्रूट्स और लस्सी, साबूदाने की खिचड़ी, कुट्टू के आटे की पूड़ी, फ्रूट चाट, जूस, दूध आदि ऑर्डर कर सकते हैं। वीआईपी ट्रेनों के अलावा लगभग सभी ट्रेनों में यह व्यवस्था ऑनबोर्ड उपलब्ध है। आप ऑनलाइन आर्डर कर सकते हैं। अगले स्टेशन पर आपको व्रत का खाना मिल जाएगा। आईआरसीटीसी ने ई-कैटरिंग के लिए स्थानीय प्राइवेट रेस्टोरेंट से अनुबंध किया है। राजधानी, वंदे भारत, गरीबरथ जैसी ट्रेनों के अंदर इसका खास ख्याल रखा गया है।

## कुलपति की प्रतिनियुक्ति बढ़ाने के लिए लिखा पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय से पंत नगर विश्वविद्यालय को प्रो. केपी सिंह की प्रतिनियुक्ति बढ़ाने के लिए पत्र लिखा गया है।

रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ
उत्तर प्रदेश व भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
महेन्द्र गायत्री नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी कालेज
धनवन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
फतेहगंज पश्चिमी, बरेली मो. 7599203105
G.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट, अंग्रेजी अनिवार्य
A.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट
B.Sc. Nursing योग्यता-इण्टरमीडिएट, बायो ग्रुप
DIPLOMA O.T. ❖ DPT ❖ D.OPT.
योग्यता-इण्टरमीडिएट, मैथ या बायो ग्रुप
D. Pharma 12th Pass Science Side
B.A.M.S.
● उच्च शिक्षा ● उच्च प्रैक्टिस ● उच्च क्लीनिक ट्रेनिंग

आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

## केशलता इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी महोत्सव की धूम

**बरेली, अमृत विचार :** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को बैसाखी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल चेयरमैन डॉ. लता अग्रवाल और प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने की। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को बैसाखी पर्व का महत्व बताया। बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। मनप्रीत, स्नेहदीप ,सिमरत,मनरीत,अघामज्योत,जपलीन आदि बच्चों की प्रस्तुति पर लोग तालियां बजा कर उत्साह वर्धन करते रहे। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने सभी छात्रों को पर्व की शुभकामनाएं दीं शिक्षिका तनप्रीत कौर ,शिवांगी साहनी, रुचि शर्मा , शबीना आदि उपस्थित रहीं।

# कैंट में निकाला नगर कीर्तन

बीआई बाजार में नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारे। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में कैंट के सदर बाजार स्थित गुरुनानक उदासीन सिख गुरुद्वारा साहिब से शनिवार को नगर कीर्तन निकाला गया। मुख्य सेवादार सरदार करतार सिंह के नेतृत्व में गुरु ग्रंथ साहिब की हुजूरी में यह नगर कीर्तन निकाला गया, जो गोल बाजार, शंकर चौराहा, बीआई बाजार होते हुए गुरुद्वारे पर संपन्न हुआ। गुरु ग्रंथ साहिब के वाहन के आगे सेवादार चल रहे थे। लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे। वाहन के पीछे गतका पार्टी और महिलाओं का कीर्तन जत्था चल रहा था। सरदार कुलदीप सिंह, श्याम सिंह, नवीन सिंह, मनजोत सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।

नगर कीर्तन में घोड़े पर सवार लोग। ● अमृत विचार

कैंट में नगर कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## नवरात्र के पांचवें दिन मंदिरों में हुई स्कंदमाता की पूजा

**बरेली, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन शनिवार को मंदिरों में स्कंद माता की पूजा की गई। मंदिरों में देवी दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। नौ देवी मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर समेत कई मंदिरों में महिलाओं ने देवी के छंद गाए। कालीबाड़ी मंदिर में शाम को हुई आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## भजन कीर्तन कर किया देवी का गुणगान

**बरेली, अमृत विचार :** आर्ट आफ लिविंग की शमा गुप्ता ने शनिवार को शिवा हाल में मां नवदुर्गा ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर दर्शन दे गई एक छोटी सी कन्या...,श्री राम को देख कर जनक नंदिनी बाग में खड़ी की खड़ी रह गईं...आदि भजन प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। शालिनी तिवारी, डॉ. गीता चौहान, सविता कृष्णन, डॉ. शालिनी गुप्ता, सुनील, अंजली शर्मा, सुषमा रस्तोगी, राजकुमारी सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

## सेमीफाइनल में पहुंचे डीपीएस और मिशन एकेडमी

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन शनिवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच हुए। मिशन एकेडमी और डीपीएस ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच 10-10 विकेट से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले क्वार्टर फाइनल में पीएमश्री केवी एनईआर के खिलाफ 9 रन देकर 5 विकेट लेने वाले मिशन एकेडमी के शोएब खान को मैन आफ द मैच चुना गया। जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में डीपीएस के नमन प्रताप मैन आफ द मैच रहे। पहला क्वार्टर फाइनल मिशन एकेडमी और पीएमश्री केवी एनईआर के बीच हुआ। केवी एनईआर ने 16.5 ओवर में 58 रन बनाए। मिशन एकेडमी ने 3.4 ओवर में ही 10 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरा क्वार्टर फाइनल राधा माधव सीनियर सेकेंडरी और डीपीएस के बीच हुआ। राधा माधव ने 12.2 ओवर में 67 रन बनाए। डीपीएस ने दस विकेट से यह मैच जीत लिया। आयोजकों के अनुसार तीसरा क्वार्टर फाइनल पुलिस लाइन पीएसी और सेंट फ्रांसिस कान्वेंट, चौथा क्वार्टर फाइनल विद्या वर्ल्ड और बेदी इंटरनेशनल के बीच सोमवार को होगा।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंने बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंने 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंने डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार मालियों की पुलिया बरेली

9837023223



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202


# ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड की सड़क हादसे में मौत

## नवाबगंज में बरखन तिराहे पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर बरखन तिराहे के पास साइकिल सवार होमगार्ड की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। होमगार्ड चौकी रिछौला से ड्यूटी कर घर लौट रहे थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की पहचान कर रही है।

लेखराज।

गांव विशनपुर निवासी होमगार्ड लेखराज शुक्रवार की रात नवाबगंज की पुलिस चौकी रिछौला पर ड्यूटी पर थे। ड्यूटी खत्म कर वह शनिवार की सुबह करीब चार बजे के बाद साइकिल से घर वापस जा रहे थे। नया पुल पार करने के बाद बरखन तिराहे के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीर ने पास में रहने वाले रामधुन गुप्ता और पुलिस को सूचना दी।

होमगार्ड लेखराज के बिलखते हुए परिजन। ● अमृत विचार

## बिना अनुमति के डांस पार्टी कराने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित फरीदापुर चौधरी में ईद पर बिना अनुमति मेला लगाकर डांस पार्टी लगाने का आरोप लगा है। इस मामले में आईजी डॉ. राकेश सिंह से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई। कुछ लोगों ने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर भी पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है।

फरीदापुर चौधरी निवासी नयाब खान और उनके साथियों ने आईजी कार्यालय में शिकायत कर आरोप लगाया कि एक पूर्व पार्षद ने यह मेला लगवाया है। आरोप लगाया है कि मेले में बिना अनुमति के डांस पार्टी संचालित हो रही है। यहां देर रात तक लड़कियों का अश्लील डांस चलता है। मेला लगाने की कोई भी प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई है। आपत्तिजनक डांस होने से किशोरों और बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है।


डॉ. अमन रस्तोगी BAMS, MD Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज। ● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय डिग्री कोर्स) शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग (2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम. (3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम. (2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# बिथरी चैनपुर में ट्रक में मिला ड्राइवर का शव

- चार दिन पहले राजस्थान से बरेली के लिए निकला था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार रात ट्रक में चालक का शव बरामद हुआ था। चालक के परिजनों और ट्रक मालिक ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस पोस्टमार्टम के बाद कार्रवाई करेगी।

राजस्थान के अजमेर निवासी शोभालाल (45) के परिजनों ने बताया कि वह एक कंपनी में ट्रक चलाते थे। चार दिन पहले शोभालाल कंपनी से सामान लेकर बरेली के लिए निकले थे। शुक्रवार को पुलिस ने ट्रक मालिक को सूचना दी, तब उन्हें जानकारी हुई। परिजनों ने बताया कि उन्हें किसी पर कोई शक नहीं है। पुलिस के मुताबिक राहगीर ने सूचना दी कि ट्रक में एक व्यक्ति बेहोशी हालत में है। ट्रक की तलाशी ली तो शोभालाल मृत अवस्था में मिला। जांच में पुलिस को लूट या हत्या जैसे सुराग नहीं मिले हैं। पुलिस का अनुमान है कि चालक की मौत हृदयगति रुकने से हुई है। परिजनों ने कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है।

## भजन गायिका पर हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी में भजन गायिका की कार में टक्कर मारकर हमला करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भजन गायिका अंजली द्विवेदी शुक्रवार को देर रात चंडीगढ़ से भजन संध्या के कार्यक्रम से वापस आ रहीं थी। उसी दौरान फतेहगंज पश्चिमी के पास उनकी कार से ईको कार टकरा गई। उन्होंने मुख्यमंत्री और पुलिस अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर जानलेवा हमले की बात कही। भजन गायिका की ओर से पंकज द्विवेदी ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में शिकायती पत्र दिया गया था। फतेहगंज पश्चिमी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि पंकज द्विवेदी की तहरीर पर ईको कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अब अंजली ने उनसे कहा कि वह रिपोर्ट दर्ज कराना नहीं चाह रही थीं। इंस्पेक्टर ने बताया कि हमला नहीं ये हादसा है। इस संबंध में पंकज द्विवेदी से वार्ता करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

## जानलेवा हमले के आरोपी अधिवक्ता को दे रहे धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में जानलेवा हमले के आरोपी महिला अधिवक्ता को धमकी दे रहे है। अधिवक्ता का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। आरोपी नेताओं जरिए समझौते का दबाव बना रहे हैं। डर के कारण अधिवक्ता कोर्ट में भी नहीं जा रही हैं। उन्होंने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अशोकनगर निवासी अधिवक्त प्रेरणा सिंह ने बताया कि उन्होंने दबंगों के खिलाफ कुछ लोगों के प्रार्थना पत्र लिख दिए थे, इससे विष्णु व उसकी पत्नी, बेटा और बेटी रंजिश मानने लगे थे। कुछ दिन पहले आरोपियों ने उन पर हमला कर गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की थी। सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक घटना स्थल का नक्शा ही बनाया है।

## बेटे के हत्यारोपियों ने पिता को दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**शिवपुरी, अमृत विचार :** बेटे के हत्यारोपियों ने बाप को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिरौली के गांव शिवपुरी निवासी बुद्धपाल सिंह ने बताया कि उसके बेटे धीरज कुमार की 27 जुलाई 2020 की रात को गांव के ही पुष्पेंद्र और धौरेरा गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने हत्या कर दी थी। जिसकी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया था। वर्तमान में दोनों घर पर हैं। दो दिन पूर्व वह गांव के ईदगाह से ईद मिल कर घर लौट रहा था। इसी बीच पुष्पेन्द्र और जितेन्द्र रास्ते में मिल गए गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर गये हैं। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। जिसपर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Admission Open 2024-25

योगा सिखायें स्वस्थ रहें

COURSE OFFERED

PGDYN

Post Graduate Diploma in Yoga and Naturopathy

Course Duration : 1 year

योग्यता : स्नातक

Contact : 8755922339

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India

Email : ramchorg@gmail.com


## मठ लक्ष्मीपुर में हरे पेड़ काटने का आरोप

**सीबीगंज, अमृत विचार :** इज्जतनगर के मठ लक्ष्मीपुर में शुक्रवार रात आम के छह हरे पेड़ों को काटने का आरोप लगा है। शनिवार सुबह जब लोग टहलने निकले तो जानकारी हुई और वन विभाग को जानकारी दी। लोगों ने इस मामले में वन विभाग के एक दरोगा से साठगांठ का आरोप लगाया है। इस मामले में वन रेंजर सतीश मेहता ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# कुलसचिव ने जताया जान का खतरा, तैनात किए सुरक्षाकर्मी

## कुलसचिव की शिकायत पर प्रमुख सचिव ने सुरक्षा बढ़ाने का दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में काम से हटाए गए कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने शिक्षकों और कर्मचारियों से जान का खतरा बताया है। कुलसचिव की शिकायत पर प्रमुख सचिव ने कुलपति प्रो. केपी सिंह को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। कुलपति के आदेश पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह ने कुलसचिव के कार्यालय और आवास की सुरक्षा बढ़ाकर सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए हैं।

विश्वविद्यालय में बुधवार को प्रोन्नति के बाद भी वेतन वृद्धि न करने का आरोप लगाते हुए शिक्षकों और कर्मचारियों ने कुलसचिव अजय कृष्ण यादव का घेराव किया था। उनके साथ धक्कामुक्की हुई थी और उनकी कार के टायर की हवा भी निकाल दी गई थी।

कुलसचिव ने प्रमुख सचिव को फोन किया था, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची थी, हालांकि शुक्रवार को उन्हें काम से हटाकर उप कुलसचिव सुनीता यादव को अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया। अब उन्हें नेहरू केंद्र में संबद्ध किया गया था। उन्होंने प्रमुख सचिव से शिकायत कर शिक्षकों और कर्मचारियों से जान का खतरा बताया है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह ने सुरक्षा प्रभारी सुधांशु को पत्र लिखा कि काम से हटाए गए कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रदर्शन के बाद प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में शिक्षकों और कर्मचारियों से जान माल का खतरा बताया है और सुरक्षा की गुहार लगाई है। इसकी प्रति कुलपति के पास भी आई है। कुलपति के निर्देश पर अजय कृष्ण यादव के आवास और नेहरू केंद्र स्थित कार्यालय पर अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाई जाए। उनके पास आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पूरी जानकारी रजिस्टर में लिखी जाए और उसकी फोटोग्राफी भी कराई जाए और उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। सुरक्षा संबंधी रोजाना रिपोर्ट उन्हें दी जाए।

## गर्मी में पेट दर्द, उल्टी दस्त के रोगी बढ़े

**बरेली, अमृत विचार :** रमजान के बाद लोगों की सामान्य दिनचर्या शुरू हो गई है, लेकिन एकदम हाई कैलरी युक्त भोजन लेने से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। पेट दर्द, उल्टी, दस्त के रोगी बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार अनियमित खानपान के चलते लोग पेट संबंधी बीमारी के चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तीन दिन में डायरिया से ग्रसित 11 मरीज भर्ती हुए हैं। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. राहुल वाजपेयी के अनुसार रोजा या उपवास के बाद लोग एकदम हाई कैलरी युक्त भोजन खाते हैं। इससे पाचन क्रिया प्रभावित होती है। रोटी, चावल के साथ तरल पेय पदार्थों का अधिक सेवन करें।

### बच्चों पर भी डायरिया का हमला

बड़े ही नहीं बच्चे भी मौसम में बदलाव के चलते डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। शनिवार को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में दोपहर 22 बच्चे भर्ती थे, जिसमें 17 बच्चे डायरिया से ग्रसित थे।

## टीमों ने घर-घर दी दस्तक तो मिलने लगे मलेरिया रोगी

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव के बाद संचारी रोगों ने भी पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। गर्मी बढ़ने से मलेरिया का हमला तेज हो गया है। स्वास्थ्य टीमों ने दस्तक अभियान के तहत घर घर जाकर सर्वे शुरू कर दिया है। अभियान के तहत मीरगंज और शेरगढ़ ब्लाक में चार लोगों में मलेरिया की पुष्टि हुई है।

जिले में 10 अप्रैल से दस्तक अभियान चल रहा है। 32 सौ टीमें सर्वे कर रही हैं। अफसरों के अनुसार मलेरिया की पुष्टि होने पर मरीज को तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही संबंधित इलाके में मलेरिया विभाग की ओर से निरोधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

आंकड़ों के अनुसार जनवरी से मार्च तक जिले में महज 17 मलेरिया के मामले सामने आए थे, अब मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

- **तीन दिन में चार लोगों में मलेरिया की पुष्टि, जिले में 32 सौ टीमें कर रही हैं सर्वे**

### मीरगंज समेत पांच ब्लाक हैं संवेदनशील

जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले में दस्तक अभियान के तहत रोजाना 20 से 22 हजार घरों का सर्वे टीमें कर रही हैं। अब तक 50 हजार से अधिक घरों का सर्वे किया जा रहा है। जिले में मीरगंज, शेरगढ़, नवाबगंज समेत पांच ब्लाक संवेदनशील हैं।

## हीट वेव : जिला अस्पताल में दस बेड का बना क्राइसिस वार्ड

**बरेली, अमृत विचार :** हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए जिला अस्पताल में दस बेड का क्राइसिस वार्ड बनाया गया है, जिसमें लू से ग्रसित मरीजों को इलाज दिया जाएगा। हालांकि, अभी वार्ड में कोई मरीज भर्ती नहीं हुआ है।

एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि क्राइसिस वार्ड इमरजेंसी वार्ड की पहली मंजिल पर बनाया गया है। यहां कूलर और पंखे भी लगवा दिए गए हैं। चिकित्सकीय व्यवस्थाओं को चाक चौबंद किया जा रहा है।

- **लू से ग्रसित मरीजों को इस वार्ड में मिलेगा इलाज**

### धूप में जाने से बचें, जरूरी काम होने पर ही घर से निकलें

दिन में गर्म हवाएं चल रही हैं। चिकित्सकों की सलाह है कि जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलें। धूप से बचने के लिए टोपी, गमछा, छाता का इस्तेमाल करें। शरीर में पानी की मात्रा सामान्य बनाए रखने के लिए पानी पीते रहें।

### एंबुलेंस चालकों को भी निर्देश

स्वास्थ्य विभाग ने एंबुलेंस संचालकों को निर्देशित किया है कि हीट स्ट्रोक के मरीज को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराएं। वहीं इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों को निर्देश हैं कि मरीज को पहले ग्लूकोस चढ़ाएं, ताकि शरीर में पानी का स्तर सामान्य हो। इसके बाद आवश्यकतानुसार मरीज को ऑक्सीजन लगाएं।

बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा देकर बाहर आते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## परीक्षा में नकल सामग्री के साथ चार छात्र पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान चार छात्रों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। सभी को बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है। शनिवार को तीसरी पाली में 36 सौ छात्रों ने परीक्षा हुई। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया तृतीय पाली में एमए प्रथम वर्ष राजनीति शास्त्र की छात्रा प्रवेश पत्र पर नकल लिखकर लाई थी। इसके अलावा एमकॉम के दो छात्रों और एम प्रथम वर्ष अर्थशास्त्र के पास गेस पेपर के पेज मिले हैं। शनिवार को कक्ष निरीक्षकों की पर्याप्त संख्या रही।

अमृत विचार Matrimonials
परिचय सम्मेलन
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 12 व 13 मई 2024 को सम्पन्न होगा। विवाह हेतु शीघ्र पंजीयन करायें। मो0 9412466473, 9897181728, 9412048525, 9927833351, 8923414444, 9927047430, 9927324855

## गंगा समग्र ने मनाया निषादराज महोत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** गंगा समग्र संगठन ने शनिवार को सिविल लाइंस स्थित प्रांतीय कार्यालय पर निषादराज महोत्सव आयोजित किया। इस मौके पर अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सौरभ सिंह ने कहा कि पौराणिक ग्रंथों के अनुसार केवट भोईवंश के थे, वे मल्लाह का काम करते थे। केवट रामायण के खास पात्र हैं, जिन्होंने श्री राम को वनवास के दौरान माता सीता और लक्ष्मण के साथ अपने नाव में बिठा कर गंगा पार कराई थी। संयोजक अमित शर्मा ने बताया कि निषादराज केवट का वर्णन रामायण के अयोध्याकांड में किया गया है। उन्हीं की स्मृति में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अखिलेश सिंह, शुभव, अनुराग अग्रवाल, अरविंद गंगवार आदि मौजूद रहे।

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

## प्रो. श्याम बिहारी भोलाखान और सुमित्रा बनीं विभागाध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालयों में तीन शिक्षकों को विभागाध्यक्ष बनाया गया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर कुलसचिव सुनीता यादव ने प्रो. श्याम बिहारी लाल को प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग का 28 अप्रैल से तीन वर्ष, प्रो. भोला खान को अनुप्रयुक्त क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग का 18 अप्रैल से तीन वर्ष और प्रो. सुमित्रा कुकरेती को अनुप्रयुक्त अंग्रेजी विभाग का 6 अप्रैल से तीन वर्ष के लिए विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलपति ने प्रो. श्यामबिहारी और प्रो. भोला खान को 31 मार्च और प्रो. सुमित्रा कुकरेती को 6 अप्रैल को विभागाध्यक्ष बनाने का आदेश दिया था। नौ अप्रैल को तीनों के आदेश भी तैयार हो गए लेकिन अब आदेश जारी किए गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपनी पत्नी सुमन गोस्वामी व पुत्र भूपेंद्र गिरी गोस्वामी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-चल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके किए किसी भी कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **पेशल गिरी पुत्र स्व. हरि चंद्र गोस्वामी, निवासी- 83 बी, वाटिका सनसिटी विस्तार, बरेली**

सूचना
मैं, Payel Basak पत्नी नं. 15450706L Sepoy Tirthasish Laha निवासी ग्राम बादामाईल, थाना -बालुरघाट, पोस्ट- कामारपारा, जिला -दक्षिण दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल ने नोटरी बालुरघाट पश्चिम बंगाल के समक्ष दिनांक 10.04.24 के हलफनामे के माध्यम से मेरा नाम Payel Basak Laha से बदलकर Payel Basak कर दिया है।

सूचना
मेरी पुत्री ANUBHA BHARDWAJ के स्कूल अभिलेखों में मेरा नाम SONAM BHARDWAJ पंजीकृत है,जो कि गलत है,सही नाम SONAM BHARADWAJ है। SONAM BHARADWAJ W/O SACHIN KUMAR निवासी मो. छोटा खुदागंज, होली का चौराहा, पीलीभीत।

REQUIREMENT
Wanted Experienced
PRT / TGT / PGT
Administration Assistants
Tally Accountants
Office Executive
Liaisoning Assistant
Computer Operator
ST. XAVIER SCHOOL
Sainik Vihar, Opp. Bareilly Cantt. Chanehti, Bareilly
Mob. 8532045366

बिकाऊ है
1247 वर्गगज का प्लाट मय बाउंड्रीवॉल व गेट और पक्का साइट आफिस।
नैनीताल बाईपास रोड (हार्टमैन पुल और पुलिस चौकी अशरफ खाँ के मध्य) बरेली।
सम्पर्क
7500000102, 9837093499

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
Based on NCF 2024, CBSE, New Delhi
Under the guidance of renowned Dr. Keshav Agrawal, Chancellor of Bareilly International University (Rohilkhand Medical College and Hospital)
BISALPUR ROAD, NAVADIA JHADA, BAREILLY
Mob.: 9012577666, 9258116083
Website : www.klis.in | Email : klisbly@gmail.com
SPECIAL FEATURES
Digital Institute Powered by Teachmint
- First Chalk free school of Bareilly region.
- We focus on all round development of your child.
- Syllabus according to CBSE New Education Policy 2024-25 .
- Peer monitoring system introduced.
- Fully Wi-Fi campus where every corner with C.C.T.V. and Cordless speakers.
- Open Theatre, Art and Craft rooms, composite Maths, Science and Computer lab.
- Highly qualified, trained and experienced faculty.
- Well connected transport facility from all areas of Bareilly.
- Eco- Friendly Environment far from the city Crowd & pollution.
- Huge playground with facilities of playing cricket football , volleyball, badminton, netball etc.
- Indoor table tennis and badminton courts.
- Proper training of dance ( Indian and western ) yoga etc. by professionally experts.
- Career guidance and counselling by CBSE expert resource person.
50% OFF ADMISSION OPEN
GROUP INSTITUTIONS
- Bareilly International University
- Rohilkhand Medical College & Hospital
- Institute of Dental Sciences.
- Rohilkhand College of Nursing
- Rohilkhand College of Paramedical Sciences.
- Keshlata Hospital.
- Keshlata Institute of Paramedical Sciences & Nursing.
- Keshlata Institute of Paramedical Sciences & Nursing.
- Keshlata College of Pharmacy
- Varun Arjun College of Pharmacy, Shahjahanpur.
- Varun Arjun College of Nursing, Shahjahanpur.
- Varun Arjun University, Shahjahanpur.
- BIU College of Pharmacy
DR. LATA AGRAWAL (Director)
MR. NARENDRA SHARMA (Principal)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Taxation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# वसूली का खेल : वर्दी की वजह से पकड़े गए तो अपना ड्रेस कोड ही बदल लिया

## सफेद शर्ट और नीली पैंट पहनने का है आदेश पर खाकी पहन रहे हैं टीआई और टीएसआई

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

**अमृत विचार** : शहर में जाम की समस्या जितनी पुरानी है, उतना ही ट्रैफिक पुलिस का वसूली का खेल। ड्यूटी कागजों में कहीं और होती है, वसूली के चक्कर में ट्रैफिक पुलिस के जवान कहीं और नजर आते हैं। कुछ दिन पहले एसएसपी और आईजी ने भी सेटेलाइट पर ड्यूटी छोड़कर ट्रैफिक पुलिस के जवानों को वीरांगना चौक पर 'चेकिंग'करते पकड़ा था। इसके बाद भी वसूली का खेल ज्यादा दिन नहीं रुक पाया। दोबारा पकड़ में आने से बचने के लिए ट्रैफिक पुलिस के टीआई और टीएसआई ने अपनी वर्दी ही बदल ली है और वसूली का खेल दोबारा शुरू हो गया है।

शहर में स्मार्ट सिटी के तहत आई ट्रिपल सी प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद ट्रैफिक पुलिस को काफी समय पहले ही वाहनों की चेकिंग और चालान काटने की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया था। ट्रैफिक इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और सिपाहियों की ड्यूटी शहर के उन चौराहों पर लगाने का निर्देश दिया गया था जो स्थाई रूप से जाम की समस्या से जूझते हैं। चेकिंग के नाम पर वसूली का खेल जारी रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस यह आदेश जारी होने के बावजूद खुद वाहन चेकिंग करती रही। अफसरों की साठगांठ से कागजों में जरूर उनकी ड्यूटी जाम वाले इलाकों में लगाई जाती रही। तत्कालीन एसपी ट्रैफिक राममोहन सिंह के समय में तो आई ट्रिपल सी के जरिए होने वाले चालान की प्रक्रिया तक को रोक दिया गया था। कमिश्नर ने यह खेल पकड़ने के बाद कड़ी नाराजगी भी जताई थी। इसके कुछ ही दिन बाद राममोहन सिंह का ट्रांसफर हो गया लेकिन वसूली का खेल नहीं रुका।

पिछले महीने एसएसपी और आईजी ने वीरांगना चौक पर ट्रैफिक पुलिस के सबइंस्पेक्टर के साथ कई जवानों को वाहन चेकिंग करते हुए पकड़ा था। पूछताछ करने पर पता चला था कि उनकी ड्यूटी सेटेलाइट तिराहे पर जाम न लगने देने के लिए लगाई गई थी लेकिन अपना ड्यूटी प्वाइंट छोड़कर वीरांगना चौक पर चले आए थे। इस पर एसएसपी ने मौके से ही फोन करके एसपी ट्रैफिक शिवराज पर कड़ी नाराजगी जताई थी। एसपी ट्रैफिक को इसके बाद वायरलेस पर मेसेज जारी करना पड़ा था कि चालान काटना या चेकिंग करना ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, इसलिए वे हर हालत में अपने ड्यूटी प्वाइंट पर ही रहें। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस के जवान ड्यूटी प्वाइंट पर नजर आना शुरू हुए लेकिन यह सिलसिला एक सप्ताह ही चल पाया। इसके बाद उन्होंने शहर के बाहरी इलाकों में चेकिंग करते हुए अफसरों की पकड़ से आने से बचने का रास्ता निकाल लिया और सफेद कमीज और नीली पैंट का ड्रेस कोड छोड़कर खाकी पहननी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि टीआई और टीएसआई की ओर से इसके लिए एसपी ट्रैफिक से ही अनुमति ली है। टीआई और टीएसआई ने इससे पहले पूर्व एसपी ट्रैफिक राममोहन सिंह से भी यही अनुमति मांगी थी लेकिन उन्होंने ऊपर के आदेश का हवाला देकर इन्कार कर दिया था।

शहर में एक स्थान पर वाहनों को चेक करते खाकी वर्दी में टीएसआई। (फाइल फोटो)

### क्लीन चीट : ड्यूटी थी सेटेलाइट पर, अफसरों ने पकड़ा वीरांगना चौक पर, फिर भी क्लीन चिट

एसएसपी के नाराजगी जताने पर एसपी ट्रैफिक ने ड्यूटी छोड़कर वीरांगना चौक पर चेकिंग करते पकड़े गए टीएसआई और उनके साथ मौजूद जवानों से ट्रैफिक इंस्पेक्टर के जरिए स्पष्टीकरण मांगा था। इन सभी को जारी पत्र में स्वेच्छाचारिता और ड्यूटी के प्रति लापरवाही का आरोप लगाया गया था। स्पष्टीकरण मिलने के बाद एसपी ट्रैफिक ने इन सभी को क्लीन चिट दे दी है।

सेटेलाइट के पास खाकी वर्दी में वाहन चेकिंग करते टीएसआई।

### चार साल से लागू है ड्रेस कोड

ट्रैफिक पुलिस में पहले सिर्फ हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल पर सफेद शर्ट के साथ नीली पैंट पहनने का आदेश लागू था लेकिन 1 दिसंबर 2019 को तत्कालीन एडीजी ने इसमें बदलाव कर यह आदेश इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के लिए भी प्रभावी कर दिया ताकि ट्रैफिक पुलिस की वर्दी में समानता और एकरूपता लाई जा सके।

### ट्रेंड टीएसआई साइड लाइन और अनट्रेंड को टीआई का चार्ज

वसूली के खेल की वजह से करीब एक महीने से ट्रैफिक पुलिस में लगातार खींचतान भी चल रही है। दरअसल एक टीआई और पांच टीएसआई सिविल पुलिस के हैं जिनमें सिर्फ टीआई की ही तैनाती यातायात निदेशालय ने की है। पांचों टीएसआई न निदेशालय से तैनात किए गए हैं, न स्पेशल ट्रेनिंग की है। इसके साथ पीएसी के भी 25 टीएसआई है जिनमें से 22 की ही नियुक्ति निदेशालय ने की है। ये सभी कोर्स भी किए हुए हैं और वरिष्ठ भी हैं। इसके बावजूद टीआई का चार्ज उनके बजाय अनट्रेंड टीएसआई को दे दिया गया है। इस कारण अंदरखाने जबर्दस्त खींचतान चल रही है। हद यह है कि मुख्य आरक्षी से प्रमोट हुए कई टीएसआई को भी टीआई का चार्ज दे दिया गया है।

> वे खाकी वर्दी भी पहन सकते हैं, उनके मैनुअल में जो है वही कर रहे हैं। खाकी और सफेद दोनों पहन सकते हैं। इसमें कोई आपत्ति नहीं है।
> – **शिवराज**, एसपी ट्रैफिक

> टीआई पहले से खाकी पहनते हैं। टीएसआई का देख लेते हैं ड्रेस कोड क्या है। कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल सफेद शर्ट में ही दिख रहे हैं।
> – **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

## वर्दी को दागदार करने वालों तक नहीं पहुंच पाती है पुलिस

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में खाकी पर दाग लगाने वाले पुलिस कर्मियों की गर्दन तक पुलिस की पकड़ नहीं हो पाती है। इस वजह से आरोपी पुलिसकर्मी बड़ी आसानी से कोर्ट में आत्म समर्पण कर देते हैं।

- **अधिकतर मामलों में आरोपी पुलिसवाले नहीं हो पाते हैं गिरफ्तार**

10 नवंबर 2023 को किसान संतोष शर्मा हत्याकांड भी इसमें से एक रहा। मामले में सरदार नगर चौकी इंचार्ज टिंकू कुमार, दरोगा नेपाल सिंह, सिपाही दीपक, मनोज, पुष्पेंद्र और अंकित को पुलिस ने आरोपी तो बना दिया, लेकिन इन आरोपियों के बीच आंखमिचौली का खेल चलता रहा। इस संवेदनशील मामले में भी आरोपियों की गर्दन बचाने के लिए बड़ी सुस्ती के साथ विवेचना हुई। संतोष के भाई ने पैरवी कर कोर्ट से आरोपियों के गैर जमानती वारंट करा दिए। बावजूद गिरफ्तारी नहीं हुई और आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। हाल ही में सुभाषनगर क्षेत्र में सिपाही और उसके साथियों ने शराब की दुकान की कैंटीन में घुसकर उसके मालिक पर लात-घूंसे बरसाए थे। मामले में गणेशनगर निवासी अमित सक्सेना ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभी तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वहीं, हनी ट्रैप में लोगों को फंसाकर उनसे वसूली करने के आरोपी पुलिसवालों के खिलाफ 26 फरवरी को किला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी दरोगा सौरभ कुमार और सिपाही कौलेंद्र गायब हैं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। शहर में तैनात रहे एक दरोगा और पुलिस लाइन में तैनात सिपाही के खिलाफ 14 मार्च को दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज हुई थी, लेकिन गिरफ्तारी की कोशिश नहीं की गई।

## ओरल हेल्थ माह : बच्चा मुंह से ले रहा सांस तो हो सकता है खतरनाक

- **इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति किया जा रहा जागरूक**

**बरेली, अमृत विचार** : ओरल हेल्थ माह के तहत बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि बच्चे सोते समय नाक की बजाए मुंह से सांस लेने लगते हैं, लेकिन ऐसा करना बच्चे के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इससे न सिर्फ बीमारियां होती हैं बल्कि चेहरा खराब होने का भी डर रहता है। ऐसे होने पर बच्चे को मुंह के सूखेपन (ड्राई माउथ) की समस्या हो सकती है। दरअसल जब बच्चे मुंह से सांस लेते हैं, तो हवा उनके पूरे मुंह से गुजरती है और अपने साथ नमी भी ले जाती है, जबकि मुंह को बैक्टीरिया से बचाने के लिए आपके मुंह में सलाइवा (थूक) की पर्याप्त मात्रा बेहद जरूरी है। जब बच्चा लंबे समय तक मुंह से सांस लेता है, तो चेहरा पतला और लंबा हो सकता है और दांत आड़े-तिरछे हो सकते हैं। इसके अलावा मुस्कुराते या हंसते समय मसूढ़े दिखाई देने की समस्या हो सकती है। उन्होंने बताया कि इसका इलाज संभव है। इसमें डॉक्टर व्यायाम की भी सलाह देते हैं। इसलिए अगर बच्चा मुंह से सांस ले रहा है तो तुरंत दंत चिकित्सक की सलाह लें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### ई रिक्शा चालक को पीटा

**आंवला, अमृत विचार** : ई-रिक्शा चालक ने रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को कहा तो युवक ने पीटा। मनौना गांव निवासी ई रिक्शा चालक साजिद खां ने बताया कि शनिवार को वह ई-रिक्शा से लकड़ी लेकर जा रहे थे। रास्ते में एक बाइक खड़ी थी, बाइक हटाने को कहा तो युवक ने अनसुना कर दिया। लकड़ी बाइक में लगने पर युवक ने उसे पीटा।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## सियासी हलचल

### लोगों को समस्याओं से दिलाएंगे निजात : नीरज मौर्य

**बरेली, अमृत विचार** : आंवला लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नीरज मौर्या ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान परेशान किसानों और सरकार की गलत नीतियों से परेशान लोगों से कहा कि चुनाव जीतने के बाद हर समस्या से निजात दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के दातागंज और शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के अलापुर, गुलड़िया, सराय, ककराला, गंज, कादरचौक आदि कई गांवों में संपर्क किया। इस दौरान किसानों ने उन्हें अपनी समस्याएं बताईं। कई लोगों ने कहा कि वह सरकारी की गलत नीतियों और बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। इस दौरान दातागंज विधानसभा अध्यक्ष सतीश, पूर्व विधायक भूपेंद्र दद्दा, शिवम राठौर, गोलू राठौर, रामकिशोर मौर्या, विनोद शाक्य, मोहम्मद मजहरुद्दीन, रफीउद्दीन, काजी रिजवान, गोवर्धन कुशवाहा, सर्वेश्वर सिंह मौजूद रहे।

### प्रवीण सिंह ऐरन ने भोजीपुरा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली लोकसभा क्षेत्र से सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने शनिवार को भोजीपुरा क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क किया। उन्होंने कर्मपुर चौधरी, विल्वा, आसपुर पीतमराम, पिपरिया,घंघोरा, अभयपुर, कमुआ मकरूका, टांडा, धौरा, परसुनगला, बिबियापुर कायस्थान, अधकटा, न्योधना, खानपुर, अभयराजपुर, डहिया, फरीदापुर जगीर, सागलपुर, मझुआ गंगापुर आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया। धौराटांडा में जनसभा भी की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की विफलताओं के बारे में बताया। यहां विधायक शहजिल इस्लाम, सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, मनोहर पटेल, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी संजीव यादव, तनवीर उल इस्लाम, वकील अहमद, हारून प्रधान, केके कश्यप, सतेन्द्र सिंह सागर, डॉ. बाबू राम गंगवार, जावेद खां आदि मौजूद रहे।

### बूथ अध्यक्षों की मेहनत से भाजपा की बन रही है सरकार

**बरेली, अमृत विचार** : शहर विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन शनिवार को मिनी बाइपास स्थित एक रिजार्ट में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य ने कहा कि बूथ अध्यक्षों की वजह से ही 2014 से अब तक लगातार भाजपा की सरकार बनती आई है। अब फिर से 2024 में भी सभी बूथ अध्यक्षों के कारण ही बहुमत की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा देश का मान व सम्मान विश्व पटल पर बढ़ाया है। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि हमारा कार्यकर्ता पूरी मेहनत और लगन से लगा हुआ है। भाजपा में ही बूथ अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष बनता है और तहसील प्रचारक देश का प्रधानमंत्री बनता है। सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ को मजबूत करें। विधायक डॉ. संजीव अग्रवाल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार ने भी विचार रखे। लोकसभा क्षेत्र संयोजक राजकुमार शर्मा, सहसंयोजक डॉ. केएम अरोरा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, विधानसभा संयोजक अनिल कुमार एडवोकेट, संजय पटेल, बंटी ठाकुर, नीलम जेठा, ज्ञान प्रकाश लोधी, विष्णु अग्रवाल, राजीव कश्यप, मनोज कपूर, गौरव गुप्ता, विक्रम सिंह विक्रम शर्मा, राजीव गुप्ता, रेखा श्रीवास्तव, संजीव शर्मा, राजकिशोर कश्यप, अनीस अंसारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### क्षेत्र में तेजी से फैल रहा बुखार का प्रकोप

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** क्षेत्र में इस समय बुखार का प्रकोप फैलने लगा है । हर घर में कोई न कोई बुखार से पीड़ित मिल जाएगा। सरकारी अस्पताल के अलावा प्राइवेट डॉक्टरों के यहां लाइन लग रही है। सफाई नहीं होने से नाले-नालियां चोक पड़ी है, इस वजह से गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। लोग मच्छरों की वजह से बीमार पड़ रहे हैं। लोगों ने बताया कि मच्छरों की भरमार के बाद भी गलियों में फागिंग नहीं कराई जा रही हैं। वहीं सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्थाएं नहीं होने से लोग प्राइवेट डॉक्टरों के यहां इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

### घास काटने गई युवती से दबंगों ने की अश्लीलता

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** घर से खेत पर घास काटने गई युवती को दबंगों ने घेरकर अश्लीलता की, उसे अभद्र इशारे कर बाग में बुलाने लगें। युवती ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दबंग भाग गए ।पीड़िता ने थाने में पहुंचकर दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती ने बताया कि वह शनिवार सुबह खेत पर घास काटने को गई थी। वहीं बगिया में पहले से मौजूद दबंग उसे अश्लील इशारे करके बुलाने लगे। पीड़िता ने थाने में पहुंचकर दोनों दबंग के खिलाफ तहरीर दी ।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ठिरिया सैदपुर में मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ग्राम ठिरिया सैदपुर में रविवार को बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के सचिव यशवंत सिंह के अनुसार सुबह बुद्ध वन्दना के साथ ही बहुजन महापुरुषों की झांकियों के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी। शाम को घर घर दीप जलाए जाएंगे।

### देवस्थान पर लगे मेले में पहुंचे श्रद्धालु

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** कस्बे के प्राचीन देव स्थान पर शनिवार को मेले का आयोजन किया गया। मेला अध्यक्ष रमेश पाठक ने बताया कि यहां लंबे समय से मेला लगता आ रहा हैं। मेले में आए भक्तों ने मामा महाराज की पूजा-अर्चना की, मेले में खान- पान समेत खिलौनों की दुकानें लगी. लोगों ने जमकर खरीदारी की ।

### ईद और होली मिलन समारोह में पहुंचे लोग

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** सपा की ओर से शनिवार को धौराटांडा के एक बारात घर में ईद और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया, विधायक शहजिल इस्लाम अंसारी ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम आपस में भाईचारा व मोहब्बत का पैगाम देते हैं हम सभी लोगों को चाहिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहना चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी की ओर से सभी को ईद व होली की मुबारकबाद दी । इस मौके पर वकील अहमद नेताजी, मुजाहिद रजा टंडन, बाबू अंसारी, अहमद जान छोटू, इरशाद मंसूरी, सरदार खान, इश्तियाक अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### रिठौरा में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

**रिठौर, अमृत विचार :** रबी की फसल से धनधान्य से परिपूर्ण होने पर ईश्वर का आभार प्रकट करते हुए बैसाखी का पर्व शनिवार को हर्षोल्लास से गांव तिगरा में गगनदीप उर्फ हैप्पी के झाले पर मनाया गया। लोगों ने कहा कि वाहेगुरु की जय हो जिसने हम सबको भरपेट खाने को अन्न दिया और भविष्य को उज्जवल बनाने के सपने दिखाए। इस मौके पर अमित, कुलदीप, धर्मेंद्र पटेल, हितेन्द्र चौधरी, इरशाद अंसारी उवैस रजा, रहीस अहमद अंसारी राजन वर्मा सहित भारी संख्या में लोगों ने बैशाखी की लख लख बधाइयां दीं।

# हाईटेंशन लाइन से टकराई ट्रॉली, गेहूं की फसल जली

## ट्रैक्टर चालक की सतर्कता से बची तीन किसानों की जान

संवाददाता, भमोरा

हाईटेंशन लाइन से लगी आग से जलती किसान की फसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर ट्रॉली से गेहूं की फसल ले जा रहे किसान की फसल विद्युत तारों से टकरा गई। आग लगने से ढाई बीघा की फसल जलकर राख हो गई। ट्रैक्टर चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा ट्रैक्टर बैठे चालक समेत तीन लोगों के साथ बड़ा हादसा हो सकता था।

बिशारतगंज के गांव महातिया डांडी निवासी ग्रामीणों ने बताया कि रामेश्वर दयाल का गांव के समीप ढाई बीघा खेत है। वह गेहूं की फसल काटकर गांव के समीप निकासी के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली से एकत्रित करवा रहा था। सुबह करीब 8:30 बजे रामेश्वर दयाल का बेटा सत्यवीर फौजी और रामप्रकाश गांव के ही हेतराम के ट्रैक्टर से फसल भरकर गांव के समीप ला रहे थे। इसी बीच रास्ते में भमोरा विद्युत उपकेंद्र से आने वाली 11 हजार की झूलती हुई लाइन से फसल टकरा गई। सप्लाई चालू होने के कारण फसल में आग लग गई। आग लगने पर चालक ने ट्रैक्टर तेज कर तारों के संपर्क से निकाल लिया। आग की लपटों को देखकर किसान दौड़ पड़े और ट्रॉली से ट्रैक्टर को अलग कराया। किसानों ने पड़ोस के नलकूप और गांव से पानी लाकर आग पर काबू पाया। परंतु तब तक ट्रॉली में भरी सारी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि इसी लाइन से गत वर्ष एक भैंस की मौत हो गई थी। शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, शनिवार को बड़ा हादसा होने से बच गया।

## आबिद अली ने भाजपा सांसद को कहे अपशब्द, वीडियो वायरल

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला से बसपा प्रत्याशी सय्यद आबिद अली ने भाजपा प्रत्याशी और सांसद धर्मेन्द्र कश्यप और सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तीखे प्रहार किए, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वह भाजपा प्रत्याशी को पंक्चर जोड़ने वाला कह रहे हैं।

वीडियो मनौना गांव में एक नुक्कड़ सभा का बताया जा रहा है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि सांसद है कि डॉक्टर जो नसबंदी कर देगा, जनता उन्हें जवाब देगी। खुद को आंवला का मालिक बताते हुए कहा कि यहां घुसने को तरस जाओगे। सपा पर बरसते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने मुरादाबाद में एक टिकट काट दिया, क्योंकि ऊपर से आदेश आ गया कि मुरादाबाद की सीट हमें चाहिए। इसलिए टिकट बदल दिया गया। सपा अपने परिवार की पांच सीट छोड़कर सभी को दाव पर लगा देते हैं। यदि गठबंधन करना है तो आंवला में दलित और मुस्लिमों से गठबंधन कर लो, अपना कैंडिडेट वापस ले लो, हम आंवला सीट जिताकर देंगें।

### क्षत्रिय महासभा ने धर्मेंद्र कश्यप का किया विरोध

**सिरौली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सांसद धर्मेंद्र कश्यप का क्षत्रिय महासभा ने विरोध किया। उनके एक बयान से आहत होकर शनिवार को लीलौर सहसा, लीलौर चहारम, लीलौर बुजुर्ग में बैठक कर उनके खिलाफ मतदान करने की बात कही गई। बैठक में क्षत्रिय महासभा से जय गोविंद सिंह, डॉक्टर भुवनेश्वर सिंह, अश्विनी कुमार सिंह चौहान, अतुल कुमार सिंह चौहान, ठाकुर वीरपाल सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, डाक्टर भानू प्रताप सिंह ,मनोज सिंह, सुधीर कुमार सिंह,अमन प्रताप सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक महीने बाद भी बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

संवाददाता, नवाबगंज

● नवाबगंज में बच्ची से बाइक सवार ने किया था दुष्कर्म

**अमृत विचार :** एक माह पूर्व सात साल की बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले में नवाबगंज पुलिस संदिग्ध आरोपी को पकड़ना तो दूर उसकी पहचान भी नहीं करा पाई है। पुलिस की माने तो कुछ संदिग्धों को पकड़कर पीड़िता से पहचान कराई गई पर पहचान नहीं हो सकी।

संदिग्ध की तलाश जारी है ।नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की सात साल की बच्ची को एक बाइक सवार ने उस समय अपनी हवस का शिकार बनाया था, जब वह होली चौक पर डालने के लिए फूल तोड़ने खेतों की ओर जा रही थी। पीड़िता फूल तोड़ने 12 मार्च को जा रही थी कि पीछे से आए एक बाइक सवार ने खेत पर छोड़ने की बात कहते हुए बाइक पर बैठा लिया और मुन्ना लाल के गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही पीड़िता को सीएचसी नवाबगंज भेजा जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया। जहां पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवार का स्कैच जारी कर उसकी तलाश शुरू कर दी ।सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी ने बताया कि बच्ची से दुष्कर्म करने वाले की तलाश में पुलिस जुटी है। तीन चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर वादी पक्ष से शिनाख्त कराई पर पहचान नहीं हो पाई।

## देवर पर लगाया दुष्कर्म की कोशिश का आरोप

**आंवला, अमृत विचार :** एक विवाहिता ने देवर पर दुष्कर्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी है। महिला ने बताया कि उसका निकाह 24 फरवरी 2023 को आंवला कस्बे के एक युवक से हुआ था। निकाह के बाद से ही ससुराली दहेज कम मिलने का ताना देकर पांच लाख की नकदी की मांग करने लगे। इसी बीच उसका देवर उस पर बुरी नजर रखने लगा। आरोप लगाया कि उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाता था। विरोध करने पर मारपीट करता था। शौहर के साथ 12 अप्रैल को ससुराल में ईद मनाने आई थी। दिन में वह अकेली थी, इसी बीच उसका देवर उसके कमरे में आ गया और उससे दुष्कर्म की कोशिश की। शोर सुनकर लोग आ गए तो आरोपी भाग गया ।

## शादी करने के नाम पर युवक से तीन लाख ठगे

संवाददाता, कैंट

● अब महिला मकान बनवाकर देने का बना रही दबाव

**अमृत विचार :** एक महिला ने अपने गिरोह के साथ मिलकर युवक से तीन लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद भी एक मकान बनवा कर देने की मांग कर रही है। परेशान होकर युवक ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने महिला और उसके गिरोह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के मोहनपुर नकटिया निवासी रामवीर ने बताया कि उसकी मुलाकात एक महिला से हुई। उसने बताया कि 2019 में पति से उसका तलाक हो चुका है। उसने अपनी बातों में उलझाकर तीन लाख रुपये ले लिए। 30 अप्रैल 2022 को महिला युवक से शादी करके उसके साथ रहने लगी। जब युवक को पता चला की महिला उसके साथ ठगी कर रही है तो उसने विरोध किया। आरोप है कि महिला कहने लगी मुझे एक मकान बनवा कर दे दे। वरना तुझे एससी-एसटी के झूठे मुकदमे में फंसा दूंगी, मेरा यही काम है। परेशान होकर पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत करके महिला के गिरोह पर कार्रवाई करने की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने पूनम निवासी सैनिक विहार कॉलोनी नकटिया थाना कैंट व कुछ अज्ञात महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**बाइक को बनाया लोडर**

चौंकिए मत! यह कोई बड़ा वाहन नहीं है बल्कि बाइक पर सामान लेकर युवक जा रहा है, ऐसे दृश्य यहां आम हैं।

### चोरी का सामान बेचने जा रहा चोर गिरफ्तार

**मीरगंज, अमृत विचार :** शाही पुलिस ने गश्त के दौरान एक एक चोर को पकड़ा, तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और चोरी का माइक बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम महेश उर्फ लोचन निवासी ग्राम चौबारी थाना कैंट ने बताया। दो महीने पहले उसने अपने मामा किशन निवासी ग्राम जिया नगला थाना शेरगढ़ और अपने साथी राकेश निवासी ग्राम कुड़का थाना शेरगढ़ के साथ मिलकर शाही से मिर्जापुर की ओर जाते हुए एक ट्रक पर चढ़कर चावल के कट्टे चोरी किए थे। चोरी के चावल बेचने के दौरान उसका मामा किशन और साथी राकेश पकड़े गए थे। डेढ़ महीने पहले उसने ग्राम चकदाह भगौतीपुर के एक धर्मस्थल से एमप्लीफायर, माइक, लीड दान पत्र में पड़े 1000 नगद चोरी कर लिए थे।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला पुलिस ने एक युवक को चोरी की बाइक और तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। उस पर रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसआई मोहित चौधरी ने पुलिस बल के साथ आंवला रेलवे स्टेशन रोड तिराहे के समीप से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक चोरी की बाइक, एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। उसने अपना नाम सत्यम निवासी मोहल्ला गौंसिया चौक आंवला, हाल निवासी मोहल्ला खेड़ा धर्मपुर थाना बादलपुर जिला गौतम बुद्ध नगर बताया है। उसने बताया कि वह पहले भी कई बाइकें चोरी कर चुका है ।

## बीजग्राम मॉडल से किसानों की आय बढ़ाएगा आईवीआरआई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● चार स्थानों पर पशुओं के लिए बीजग्राम बनाने की योजना आईसीएआर को भेजा प्रस्ताव

**अमृत विचार:** पशुधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) की ओर से बीजग्राम विकसित किए जाएंगे। इस संबंध में आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव आईसीएआर को भेजा है। प्रयोग के रूप में इसको बदायूं रोड स्थित अखा गांव में लागू किया गया। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

अखा गांव में करीब 70 साहिलवाल प्रजाति की गाय हैं। इससे पहले गांव में सिर्फ देसी गायों का ही पालन किया जाता रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे निश्चित रूप से किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि पांच सीड विलेज प्रोजेक्ट में बरेली को साहिवाल गाय, रुहेलखंड क्षेत्र को बकरी, मुक्तेश्वर को चैगरखा बकरी, पुणे को उस्मानाबादी नस्ल की बकरी के

बीजग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी, क्योंकि देसी गाय की तुलना में साहिलवाल गाय की दुग्ध उत्पादन क्षमता अधिक है। चयनित गांवों में वैज्ञानिकों की टीम की ओर से आर्टिफिशियल इनसीमीनेशन किया जाएगा। फरीदपुर तहसील में बकरियों को लेकर एफपीओ बनाए गए हैं। इनमें बकरियों की उन्नत किस्म की प्रजातियों को किसानों को पालने के लिए जागरूक किया जाएगा।

## शिक्षक टैबलेट से नहीं भेज रहे सूचनाएं, चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में टैबलेट से शिक्षक, छात्र उपस्थिति, डीबीटी, मिड डे मील आदि की जानकारी विभाग को नहीं दे रहे है। बीएसए ने प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी किया है। टैबलेट से सूचनाएं न भेजने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। सभी स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं का संचालन शुरू होने के बाद बच्चों की उपस्थिति सहित तमाम विभागीय सूचनाओं को साझा करने के लिए टैबलेट मुहैया कराए गए हैं, लेकिन शिक्षक टैबलेट से सूचना के आदान प्रदान का निरंतर विरोध कर रहे हैं। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि स्कूल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की मंशा से यह व्यवस्था लागू की गई है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि शिक्षकों से करीब 16 ऑनलाइन कार्य कराए जा रहे हैं। टैबलेट संचालन के लिए न तो विभाग ने सिम दिया है और न ही इंटरनेट की व्यवस्था की है। यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार का कहना है कि पुरानी पेंशन बहाली, की ओर से सकारात्मक कदम उठाए जाए, इसके बाद ही टैबलेट संचालन शुरू किया जाएगा।

## छोटे-छोटे विवादों से पति और पत्नी के रिश्तों में पड़ रही दरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** छोटे-छोटे विवाद पति पत्नी के रिश्तों में दरार डाल रहे हैं। जिंदगी भर साथ चलने का वादा करने वाले बीच सफर में ही अलग हो रहे हैं। परामर्श केंद्र में ऐसे मामले पहुंच रहे हैं।

एक दूसरे का समय न देना,अपने साथी को दोस्त व परिवारजनों से कम महत्व देना, बात-बात पर ताना कसी करना, फोन पर अधिक समय बिताना जैसी वजहों से भरोसे की डोर कमजोर हो रही है। परामर्श केंद्र की काउंसलर हरिंदर कौर चड्ढा ने बताया कि दो महीने में 12 मामले ऐसे आ चुके हैं, जिनमें पति या पत्नी का अफेयर घर में प्रेम व महत्व न मिलने के कारण शुरू हुआ,जिससे शादीशुदा जीवन खत्म होने की कगार पर आ गया। वहीं, उनके घर वाले दोनों को सही-गलत समझाने की जगह उनकी गलतियों पर पर्दा डालते हैं और सामने वाले को दोषी ठहराते हैं।

**केस 1 :** बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया दो साल पहले प्रेम विवाह हुआ था। पति एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। पत्नी का आरोप है कि पति का दूसरी महिला से अफेयर है, क्योंकि आधी रात को उसने पति को एक महिला के साथ वीडियो कॉल पर देख लिया। इसपर उनके बीच विवाद हुआ। फिलहाल, मामले की काउंसलिंग में दोनों को साथ रहने के लिए कहा गया है।

**केस 2 :**-भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति की शादी दो साल हुई थी। युवक दिल्ली में नौकरी करता है। पत्नी को कई बार साथ आने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। पति का आरोप है कि पत्नी मायके में रहती है। वहां उसका अफेयर है। ऐसे में पति को अपना घर बचाने के लिए नौकरी छोड़नी पड़ी।

**केस-3 :**सुभाष नगर थाना क्षेत्र में महिला सास-ससुर और देवर के साथ रहती है। उसकी 5 माह की बेटी है। महिला का आरोप है कि पति का बाहर अफेयर चल रहा है। इस बात को पूछने पर पति झगड़ा करने लगता है। पत्नी के मायके वाले जब दामाद को समझाने पहुंचे तो उनसे मारपीट की गई। ऐसे में पत्नी ने पति के साथ रहने से मना कर दिया।

## विधवा से सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**कैंट, अमृत विचार :** पति की मृत्यु के बाद जेठ, देवर, ननदोई ने महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने शनिवार को 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला ने बताया कि शादी के 4 साल बाद 2 बीमारी से उसके पति की मौत हो गई। वह दो बच्चों के साथ ससुराल में ही रहकर गुजारा करती है। लेकिन जेठ देवर, ननद, ननदोई आदि ससुराल वाले महिला को घर से भागना चाहते थे। महिला का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद से ही जेठ, ननदोई, देवर, उसके ऊपर बुरी नीयत रखने लगे। 4 अप्रैल को महिला अपने दोनों बच्चों के साथ घर में अकेली सो रही थी। इस बीच उसका जेठ, देवर, ननदोई उसके कमरे में घुस आए। ननद ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। उससे आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

## शहर की तर्ज पर गांव में भी गाड़ी वाला आया

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** 'गाड़ी वाला आया ...घर से कचरा निकाल' की आवाज अब गावों में भी सुनाई देने लगा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अभियान के तहत विकास खंड मीरगंज के गांव चुरई दलपतपुर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और निस्तारण की व्यवस्था की गई।

सफाई कर्मियों के अलावा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ने के लिए कूड़ा एकत्रित करने का काम उन्हें दिया गया। ग्राम पंचायत चुराई दलपतपुर में ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों के प्रयास से सरकार की योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को गांव में साफ- सफाई रखने का संदेश दिया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत जो गांव ओडीएफ फेस -2 में आया है। वहां पर यह व्यवस्था शुरू की गई हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि सबसे पहले फेस में विकास खंड मीरगंज के गांव सिंधौली, चुरई दलपतपुर और सैजना ओडीएफ प्लस फेज 2 घोषित हुआ था। इसके बाद अधिकतर सभी गांव ओडीएफ प्लस फेज 2 घोषित हो गए हैं।

## सार-संक्षेप

### बाल शिविर में छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से बाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा के माध्यम से खेलकूद ,आसन, समता, व्यायाम योग आदि का अभ्यास कराया गया। बाल शिविर सत्र में मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्रचारक कृष्ण चंद्र ने बाल स्वयंसेवकों से परस्पर संवाद करते हुए कहानियों के माध्यम से अनुशासित जीवन जीने, जातिगत भेदभाव को समाप्त करने एवं एकता में शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जलेबी दौड़, सामान्य ज्ञान और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर प्रचारक सुधांशु, नगर सह संघचालक सत्यपाल, नगर कार्यवाह गौरवित, विपिन चौहान, नगर व्यवस्था प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, नगर बौद्धिक प्रमुख दयाशंकर शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार (आचार्य), जिला बौद्धिक प्रमुख नन्हेंलाल, अभय कश्यप, सह जिला प्रचार प्रमुख विकास आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### स्कूलों में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**आंवला, अमृत विचार :** विद्यालयों में रविवार को अवकाश होने के कारण शनिवार को ही डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर बच्चों को उनके बारे में बताया गया। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में मुख्य वक्ता विपुल कुमार ने बाबा साहब के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य दयाशंकर शर्मा आंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस दौरान आचार्य संजीव कांत, नन्हेंलाल गंगवार, हरिशंकर, रीता सिंह, नीतू सिंह, ज्योति सिंह, रश्मि सिंह, साक्षी शर्मा, अमित कुमार सिंह, लेखा मौर्या, सुधा शर्मा आदि मौजूद रहे ।वहीं नगर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में प्रधानाचार्य गवेंद्र सिंह चौहान ने भीमराव आंबेडकर के जीवन के बारे में छात्रों को अवगत कराया। इस दौरान आचार्य पंकज सिंह, रामनारायण शुक्ला, आचार्य सुधांशु गुप्ता, मुन्नालाल गंगवार, धर्मेंद्र कुमार, अखिल गुप्ता, आचार्या अंजू सिंह, कमलेश मौर्य, सोनाली सैनी, दिशा सिंह आदि मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया बैसाखी का पर्व

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** हांडा पब्लिक स्कूल में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छात्र पारंपरिक वेशभूषा में स्कूल आए। छात्रों ने शिक्षिका रचना बाली के मार्गदर्शन में जलियावाला बाग हत्याकांड पर एक सभा और थिएटर शो प्रस्तुत किया। सभा ने ढोल की थाप पर खुशी मनाई और भांगड़ा के साथ बैसाखी मनाई। छात्रों को बताया गया कि जालिया वाला बाग कांड 1500 से अधिक लोग घायल हुए और 1000 लोग मारे गए जिनमें बूढ़े, जवान, महिलाएं और बच्चे शामिल थे।

### गोष्ठी में छात्रों को आग से बचाव की जानकारी दी

**आंवला, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को आग से बचाव आदि की जानकारी दी गई ।गोष्ठी में शिक्षकों ने आग से बचाव, अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. एकता सिंह ने लू से बचाव के लिए तरल पदार्थों का सेवन, धूप में सिर को ढककर निकलने, ग्लूकोस और ओआरएस घोल आदि की जानकारी दी। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एम .पी. सिंह, योगेन्द्र, आशीष, अर्चना पाण्डेय, डॉ एकता सिंह आदि मौजूद रहे।

### नकदी और आभूषण के साथ युवती को ले गया युवक

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के एक मोहल्ले के एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके दूर के रिश्तेदार का बेटा उसकी पुत्री को बहलाकर घर में रखी नकदी और जेवरात के साथ भगा ले गया। जब उसने युवक के पिता से बेटी के बारे में जानकारी की तो वह आग बबूला हो गया और गालियां देने लगा जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। राहगीरों को आता देख आरोपी पिता कार्रवाई करने पर परिवार को नष्ट करने की धमकी देता हुए भाग गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही युवती की तलाश शुरू कर दी है। युवती के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 10 अप्रैल को उसकी पुत्री घर पर अकेली थी, इसी दौरान उसके रिश्तेदार बेटा उसकी बेटी को बहलाकर घर में रखी 55 हजार की नकदी के साथ ही घर में रखे आभूषणों के साथ ले गया। नवाबगंज पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### एसडीएम ने निगरानी टीम का किया निरीक्षण

**आंवला, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष कराने के लिए प्रशासन दिन -रात मेहनत कर रहा है। चुनाव आयोग के निर्देश पर विधानसभा स्थायी निगरानी टीम और फ्लाइंग स्क्वाड टीम बार्डर, मुख्य चौराहों, आदि प्रमुख स्थानों पर वाहनों की चेकिंग कर रही हैं। ताकि आचार संहिता का पूर्ण रुप से पालन हो सके। शनिवार को व्यय प्रेक्षक योगेश गुनक और एसडीएम आंवला नहने राम ने चेकिंग टीम का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि आंवला विधानसभा क्षेत्र में आंवला -बदायूं बार्डर, आंवला-बिसौली बार्डर, सिरौली रामपुर बार्डर और बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में भमोरा बदायूं बार्डर पर निगरानी टीम का निरीक्षण किया।

### किशोरी को भगा ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** घर से बाजार खरीदारी करने गई एक किशोरी को कोई युवक बहलाकर भगा ले गया। घर नहीं लौटने पर किशोरी के पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी बेटी घर से बाजार कुछ सामान खरीदने गई थी, वहीं से उसे कोई भगा ले गया। घर नहीं लौटने पर पहले अपने स्तर पर तलाश किया नहीं पता चलने पर थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस मामले में जांच कर रही हैं।

**खतरे की अनदेखी**

बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर चार पर ट्रेन गुजरने के दौरान लोगों ने जान खतरे में डालकर निकलने की कोशिश की। आरपीएफ ने लोगों को रोककर वापस किया। ● उमेश शर्मा

# राष्ट्र सर्वोपरि आस्था

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आंबेडकर ने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

डॉ.बी.आर. आम्बेडकर वाकई भारत रत्न हैं। प्रख्यात मनीषी, संविधान सर्जक, व श्रद्धेय राष्ट्र निर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे, अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं। वे अपने जीवनकाल से ज्यादा आधुनिक काल में भी प्रभावी हैं। वर्तमान जैसे विद्यमान श्रीमान है। प्रखर राष्ट्रवादी हैं। डॉ. आम्बेडकर अपने समकालीन विद्वानों, राजनेताओं के मध्य श्रेष्ठ बुद्धिजीवी थे। राष्ट्रनिष्ठ और बहुपठित थे। वे भारतीय समाज संरचना के तर्कनिष्ठ आलोचक थे। उन्होंने ऋग्वेद सहित सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय वाङ्.मय पढ़ा। उपनिषद पुराण और स्मृति ग्रंथ भी उनके प्रिय विषय रहे। उन्होंने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का एक बड़ा धड़ा आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा, "यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यो का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में है। आर्यो और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।" (डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज खण्ड 7 पृष्ठ 420) आर्यों को विदेशी मानने का झूठ अभी भी जारी है।

डॉ.आम्बेडकर की पुस्तक "हू वेयर शूद्राज" (शूद्र कौन थे?) (1946) पठनीय है। उन्होंने एक विद्वान अधिवक्ता की तरह पहले पाश्चात्य विद्वानों के विचार दिये हैं। उन स्थापनाओं को तर्क सहित गलत बताया है। उन्होंने ऐसे विद्वानों की 7 मुख्य स्थापनाएं बनाई - 1. जिन लोगों ने वैदिक साहित्य रचा था, वे आर्य नस्ल के थे। 2. आर्य नस्ल बाहर से आई थी और उसने भारत पर आक्रमण किया था। 3. भारत के निवासी दास और दस्यु रूप में जाने जाते थे और ये आर्यो से नस्ल के विचार से भिन्न थे। 4. आर्य श्वेत नस्ल के थे, दास और दस्यु काली नस्ल के थे। 5. आर्यो ने दासों और दस्युओं पर विजय प्राप्त की। 6. दस और दस्यु विजित होने के बाद दास बना लिए गए और शूद्र कहलाए। 7. आर्यो में रंगभेद की भावना थी। इसलिए उन्होंने चातुर्वर्ण्य का निर्माण किया। इसके द्वारा उन्होंने श्वेत नस्ल को काली नस्ल से, यथा दासों और दस्युओं से अलग किया। (वही, खण्ड 7, पृष्ठ 65) इसके बाद सातों विचार बिन्दुओं की सभी स्थापनाओं को गलत बताया। ऋग्वेद के उद्धरण दिये और लिखा "इन (शब्दो) के प्रयोग देखने से निष्कर्ष यह निकलता है कि ये शब्द नस्ल के अर्थ में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए" (वही पृष्ठ 70) वे आर्यों को विदेशी बताने का तर्क काटते हैं "जहां तक वैदिक साहित्य का संबंध है, वह इस सिद्धांत के प्रतिकूल है कि आर्यो का मूल निवास भारत से कहीं बाहर था।" (वही) आर्य विदेशी होते तो भारतीय नदियों को माता कहकर प्रणाम न करते। आर्य हम सबके पूर्वज थे।

डॉ. आम्बेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यो और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिए और लिखा, "आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है।" डॉ. आम्बेडकर की स्थापना है "इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यो में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् है, वे श्याम वर्ण के, और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।" आर्यों के दोनों अवतारी पुरुष श्रीराम व श्रीकृष्ण सांवले थे। महाभारत के प्रतिष्ठित योद्धा अर्जुन भी श्याम रंग के थे। समूचा आर्य समाज एक था। हिन्दू प्राचीन आर्य समाज की ही नई संज्ञा है।

डॉ. आम्बेडकर ने लिखा "हिन्दुओं से अछूतों को अलग करने की मांग पर मुसलमानों ने जोर दिया था। 27 जनवरी 1910 को उन्होंने सरकार के सामने एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उनका दावा था कि देश की राजनीतिक संस्थाओं में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात सभी हिंदुओं की संख्या के अनुसार निश्चित न किया जाना चाहिए वरन् सवर्ण हिंदुओं की संख्या के अनुरूप ही निश्चित होना चाहिए। उनका कहना था कि अछूत हिंदू नहीं हैं।" (खण्ड 5 पृष्ठ 7) लिखा कि "1909 में मुसलमानों की ओर से आगा खां ने वायसराय मिंटों के सामने आवेदन पेश किया था-राजनीतिक संस्थाओं और सार्वजनिक सेवाओं में मुसलमानों को पृथक् और पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। 1901 में जो मर्दुमशुमारी हुई थी उसमें मुसलमान कुल आबादी का चैथाई या पांचवां हिस्सा थे। यदि हिन्दू समुदाय से अस्पशर्य अंगों को निकाल दिया जाए, जो प्रकृति पूजक हैं या छोटे-मोटे धर्म मानने वालें हैं, वे निकाल दिये जाएं, तो बहुसंख्यक हिंदुओं के मुकाबले मुसलमानों की संख्या का अनुपात पहले से बढ़ जाता है।" (खण्ड 7, पृष्ठ 311-12)

ऋग्वेद में कहीं भी 4 वर्ण नहीं है। शब्द ब्राह्मण का भी वर्ण के अर्थ में प्रयोग नहीं हुआ। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेष, पृष्ठ 53) है, "ऋग्वेद में ब्रह्मन् शब्द बहुत बार आया है। इसका अर्थ ब्राह्मण वर्ण नहीं है। ब्रह्मन् की तरह अनेक बार ब्रह्मा का भी प्रयोग हुआ है। इसका मूल अर्थ प्रषस्तिपरक काव्य है। कवि इन्द्र से कहता है, हम तेरे लिए अभूतपूर्व स्तोत्र कहते हैं। (8.90.3) ब्रह्मन् की तरह ब्रह्मा भी कवि, गायक, स्तोता हैं। वशिष्ठ इसी अर्थ में ब्रह्मन् है। (8.90.3) इन्द्र वशिष्ठ से कहते हैं-हे वशिष्ठ, ब्राह्मन्, तू उर्वषी के मन से उत्पन्न हुआ है। (7.33.11) इन तमाम संदर्भो में स्तुति और स्तोत्र की चर्चा है। ब्राह्मणाम् का अर्थ ब्राह्मण जाति या वर्ण नहीं, कवि, ब्रह्मकार गायक है।"

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था है। डॉ. आंबेडकर ने लिखा, "भारत एक भौगोलिक इकाई है। इस इकाई का निर्माण प्रकृति ने किया है। यह सही है कि भारतवासी आपस में झगड़ते रहते हैं,परंतु इन झगड़ों से उस एकता का नाश नहीं हो सकता जो प्रकृति के समान ही सनातन है। भौगोलिक एकता के साथ ही यहां सांस्कृतिक एकता भी है।" डॉ. आम्बेडकर के निष्कर्ष रोमांचकारी हैं। भारत प्रकृति निर्मित राष्ट्र है। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता प्रकृति के समान सनातन है। संविधान निर्माण के आखिरी दिन (25.11.1949) उन्होंने भावुक भाषण दिया। अंत में कहा, "यहां मैं अपना भाषण खत्म कर देता किन्तु मेरा मस्तिष्क देश की भविष्य चिन्ता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाये रखने में कामयाब होगा? जाति और मत-मतान्तर राजनैतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत-मतान्तरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र के मत मतान्तरों से ऊपर?" डॉ. आम्बेडकर की आस्था का केन्द्र राष्ट्र था। हम सबको अपने भारतरत्न पर गर्व है।

# दिल्लीः केंद्र की किंकर्तव्यविमूढ़ता

> केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संधिधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अधूरे प्रदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 मार्च को शराब घोटाले में जेल भेजे जा चुके हैं,तब से वहीं पर हैं और जन तथा विधायी कार्य देखने की स्थिति में नहीं हैं। वे त्याग पत्र नहीं दे रहे हैं और वहीं से सरकार चलाने की हठ कर रहे हैं। इस बिंदु पर संविधान में कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। हर चीज पर कानून या सांविधानिक प्रावधान हो भी नहीं सकते। व्यवहारिक पक्ष और नैतिकता भी मायने रखती है।

हालांकि आजकल नैतिकता शब्द केवल डिक्शनरी तक सीमित है,व्यवहार में दृष्टिगत नहीं होता है। इसके पहले कई बार पदासीन मुख्यमंत्रियों के जेल जाने की नौबतें आई, तब उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया और जगहंसाई नहीं करवाई। केजरीवाल अद्वितीय निकले। त्यागपत्र तो नहीं ही दे रहे हैं, जेल से सरकार चलाने का भी दावा कर रहे हैं। उनका एक दुर्गुण आज उनके लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। वह यह कि उन्होंने अपने पास कोई विभाग ही नहीं रखा जिससे फिलहाल रोजमर्रा के काम नहीं रुक रहे। इस तरह फिलहाल वे चन्द्रमा पर से भी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं।

दिक्कतें आएंगी, जब उनकी सदन, विधान मंडल दल और जनता में उपस्थिति जरूरी होगी, किंतु तत्काल तो वे समस्याएं पैदा ही कर रहे हैं। देश में एक केंद्र सरकार भी है। उसकी इस प्रकरण पर तीन हफ्ते से तटस्थता आश्चर्यजनक है। जब मुख्यमंत्री को कारागार भेजा है तो परवर्ती परिणामों का भी ख्याल रखना चाहिए था और उपाय कर लेना था। शायद भाजपा ने सोचा होगा कि इस्तीफा तो हो ही जाएगा और फिर विधायकों की तोड़फोड़ करके अपनी सरकार बना लेंगे जिससे दिल्ली व अन्यत्र भी लोकसभाई चुनावों में लाभ मिलेगा। गणित फेल हो गई। अब निरुपाय होकर टुकुर-टुकुर क्या देख रहे हैं? विश्व में एक नमूना कायम हो रहा है,क्योंकि दिल्ली संसार के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजधानी है। विश्व में यह संदेश जा रहा है कि मुख्यमंत्री या उस जैसा कोई अन्य जन प्रतिनिधि अपराधिक मामले में जेल में बंद रहकर भी पद पर बना रह सकता है।

केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं। बशर्ते कि वहां संवैधानिक तंत्र चरमरा गया हो। यह शर्त दिल्ली में स्पष्टतया पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री नेता सदन होता है। सदन के प्रति वह उत्तरदायी भी है। क्या जेल से वह सदन में बैठ सकेगा? वह कैबिनेट बैठकों की अध्यक्षता भी करता है। कारागार से कैसे करेगा?

जनता का दुख दर्द समस्याएं सुनना,समझना और निराकरण उसका दायित्व है। आज के हालात में वह यह सब कैसे करेगा? तब फिर केंद्र किस बात इंतजार कर रहा है? जनता की समस्याओं से मुंह क्यों फेरे हैं? शायद चुनावी नफा नुकसान! या सुप्रीमकोर्ट का डर कि कहीं राष्ट्रपति शासन लगाने की उद्घोषणा का न्यायिक पुनरीक्षण न कर ले और स्थगित न कर दे। तब चुनाव बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगे,जो भी हो केंद्र को कदम तो उठाना ही होगा। साहसहीनता आधारित किंकर्तव्य विमूढ़ता ठीक नहीं। दिल्ली प्रांत के लिए संविधान में एक प्रावधान और है,जो राज्य सरकार को निष्क्रिय कर देगा। वह है-अनुच्छेद 239 ए बी। इसका प्रयोग भी किया जा सकता है। बहरहाल हर हाल में कदम तो बढ़ाना ही पड़ेगा।

# आधुनिक भारत के शिल्पी, सर्व समाज के आदर्श बाबा साहेब

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के संविधान की रचना करने वाले महामुनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप बनाने का निर्णय लिया,क्योंकि इसी संविधान सभा ने 1949 में अपना काम पूरा कर लिया था,तब से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की राष्ट्र निर्माण एवं संविधान निर्माण में अद्वितीय, अतुलनीय और अप्रतिम योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का इससे बेहतर कोई और विकल्प मेरी समझ से हो नहीं सकता था। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में संवैधानिक मूल्यों के प्रति देश के नागरिकों में सम्मान की भावना प्रबल करने और नई पीढ़ी को इन मूल्यों के प्रति जागरूक करने लिए के इस दिवस का विशेष महत्व है।

संविधान सभा की प्रारूप समिति में जिन सात लोगों को शामिल किया गया,उनमें कन्हैयालाल मुंशी,मोहम्मद सादुल्लाह,अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर,गोपाल स्वामी अय्यंगार,एन. माधव राव और टीटी कृष्णमचारी थे। इनमें से एक सदस्य बीमार हो गए,दो दिल्ली के बाहर थे,एक विदेश में थे, एक ने बीच में ही इस्तीफा दे दिया और एक सदस्य किन्हीं कारणों से नहीं आ सके। इस तरह से सात सदस्यों वाली कमेटी में अकेले डॉ. आंबेडकर के कंधों पर संविधान का मसौदा तैयार करने की सारी जिम्मेदारी थी। यह तथ्य ड्राफ्टिंग कमेटी के ही सदस्य टीटी कृष्णामाचारी ने नवंबर 1948 में संविधान सभा में कहा कि 'मृत्यु, बीमारी और अन्य व्यस्तताओं' की वजह से कमेटी के ज्यादातर सदस्यों ने मसौदा बनाने में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। इसके चलते संविधान तैयार करने का बोझ डॉ. आंबेडकर पर आ पड़ा। इससे समझा जा सकता है कि इतने महत्वपूर्ण मसौदे को तैयार करने में कितनी शक्ति एवं विचार की आवश्यकता रही होगी।

संविधान में सर्व कल्याण की मूल भावना समाहित है,क्योंकि उसमें इस श्लोक के विचार को समाहित किया गया है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।' मंत्र को केंद्र में रखते हुए सर्व समाज के कल्याण एवं हितों का संरक्षण करने वाले संविधान की रचना की। इस मंत्र को साकार करने के लिए संविधान में आर्टिकल 41 एवं 42 के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि राज्य अपनी आर्थिक क्षमता और विकास की सीमाओं के अनुसार काम पाने,शिक्षा पाने, बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने, काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का प्रभावी उपबंध करेगा। इन्हीं प्रावधानों के करण पिछले 75 वर्षों से देश के सभी नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सामाजिक कल्याण की सुविधाएं प्राप्त हो रही है और इन कल्याणकारी सुविधाओं या योजनाओं में किसी प्रकार का जाति,धर्म, क्षेत्र या वर्ग में कोई भेद नहीं है,ये प्रावधान सर्व समाज के लिए एवं देश के प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध हैं। हमारे आपस में दलगत राजनीति के कारण कितने ही मतभेद क्यों न हों,लेकिन जब भी देश की बात होती है तो सभी लोगों की राय एक ही रहती है कि देश चलेगा तो संविधान से ही,यह भाव इसकी सर्वग्राहता एवं सार्वभौमिकता का द्योतक है। बाबा साहब डॉ. आंबेडकर सामाज में व्याप्त भेदभाव से वाकिफ थे और इसके निवारण के लिए वे शिक्षा के प्रसार एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर देते थे,उनका स्पष्ट मानना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षित होना आवश्यक है। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है। परिवार ने निजी तौर पर कई दुश्वारियां झेली,उनके चार-चार बच्चे काल के गाल में समा गए,लेकिन बाबा साहब इन सबको दरकिनार कर निजी दुख से विचलित हुए बिना देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य को सवांरने की चिंता में लीन राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक कल्याण के लिए एक तपस्वी संत की भांति पूर्ण मनोयोग से समर्पित रहे। नित रोज कुछ नया करने एवं सीखने की ललक डॉ. आंबेडकर को पुस्तकों के करीब ले जाती थी। वे हर दिन घंटों अपने निजी पुस्तकालय में अध्ययन करते थे, उनके पुस्तकालय में हजारों पुस्तकें थी,उनको लिखने का बहुत शौक था। डॉक्टर आंबेडकर लगभग 65 वर्ष से भी कम समय तक हम लोगों के बीच रहे। इतने कम समय में इतनी पुस्तकों का अध्ययन व रचना करना उनके उच्च अकादमिक कैलिबर के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।

एक बार सांसद को संबोधित करते हुए बाबा साहब ने मजाकिया अंदाज में जिक्र किया था कि इस समाज को जब कभी दिशा देने की आवश्यकता पड़ी तो समाज ने हमको चुना। महाभारत काल में मत्स्यगंधा के पुत्र महर्षि वेद व्यास ने महाभारत ग्रंथ की रचना की,त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि ने रामायण रची और आधुनिक काल में यह दायित्व डॉक्टर आंबेडकर को मिला। महर्षि वाल्मीकि का चित्र वाला रामायण देश व दुनिया के करोड़ों घरों व देवालयों में स्थापित है। महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत भी करोड़ों घरों और देवालयों में शोभायमान है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का स्थान एक समाज के नायक, महान समाज सुधारक,महामुनि और महान तपस्वी संत से अधिक आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पी के रूप में युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

# वंचितों के मसीहा डॉ.आंबेडकर

डॉ. सुभाष चन्द्र
सह. पुस्तकालय अध्यक्ष एमजेपीआरयू, बरेली

भक्ति काल में वंचित एवं पिछड़ी जातियों में अनेक संतों का उदय हुआ था। उनमें मुख्यतः कबीर, रविदास, घाना, पीपा इत्यादि महान संत हुए। इसके इतर सामाजिक बुराइयों से संघर्ष करने वालों में नारायण गुरु, पेरियार, महात्मा ज्योतिबा फुले आदि शख्सियतों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ण व्यवस्था कई तरह के अन्यायों यथा- आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय, राजनीतिक अन्याय, धार्मिक अन्याय एवं सांस्कृतिक अन्याय की जननी रही है। हम सभी जानते है कि डॉ. आंबेडकर का जन्म एक अछूत जाति में हुआ था। बाल्यकाल से ही उन्हें उपरोक्त अन्यायों को सहन करना पड़ा और इन अन्यायों ने जीवन पर्यंत किसी न किसी रूप में उनका पीछा नहीं छोड़ा।

कई बार लोग कहते हैं कि आंबेडकर स्वतंत्रता आंदोलन में कहां थे? वे स्पष्ट कहते हैं कि 'इस देश को आजादी मिलनी चाहिए, जितना आप चाहते हैं, उतना ही मैं भी चाहता हूं,लेकिन मेरे मन में एक प्रश्न है कि देश की आजादी आएगी तो मेरी और मेरे मित्रों और बंधुओं की आजादी या नहीं या वे वैसे ही गुलाम बने रहेंगे'। वे कांग्रेस के नेताओं से पूछते थे कि 'क्या आप मुझे विश्वास दिला सकते हो कि आजादी मिलने के बाद मेरे इन बंधुओं की भी आजादी आ जाएगी, क्या वे स्वतंत्र होंगे'? उस समय हिंदू नारियों की अवस्था भी वंचित तबके के समान ही दयनीय थी। इस संदर्भ में हिंदू कोड बिल के माध्यम से उन्होंने जो कानूनी प्राविधान किए थे,वे ऐतिहासिक स्वरूप के हैं।

आंबेडकर ने वंचित समाज के लोगों को एक मंच दिया,मूक लोगों को वाणी दी, जैसा कि 'मूकनायक' नाम के उनके समाचार पत्र को हम जानते हैं। एक अस्तित्व दिया, आधार दिया, उनमें आत्मविश्वास पैदा किया। उन्होंने अधिकारों के लिए लोगों को जागरूक किया,संगठित किया, अनुशासित किया,संघर्ष के लिए तैयार किया। लोगों को स्वाभिमानी बनाया,शिक्षित होने का आह्वान किया,अपने अधिकार लेने के लिए लोगों को एकत्रित किया और कई सफल आंदोलन किए।

डॉ. आंबेडकर के प्रयासों से ही आजादी के उपरांत वंचित समाज के उत्थान एवं विकास के लिए आरक्षण को एक संवैधानिक प्रावधान के तहत स्वीकार किया गया। आजादी के सतहत्तर वर्षों उपरांत भी यह नीति सरकार,संविधान एवं न्याय पालिका के संरक्षण में क्रियान्वित है। कोई भी व्यक्ति या सरकारी संस्था आरक्षण के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर सकती। आरक्षण नीति का समाज के दलित, शोषित, वंचित समाज को बहुत लाभ भी मिला है। अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी विकास हुआ है।

# फुले, आंबेडकर और राहुल सांकृत्यायन

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अप्रैल माह का पहला पखवाड़ा स्वतंत्रता, समता,भाईचारे का आधुनिक भारत में जिन महापुरुषों ने सपना देखा था की जयंती का है। ज्योतिराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को,डॉ. बी.आर आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को और महापंडित राहुल से सांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल 1891 को हुआ। इन तीनों महापुरुषों में व्यक्तित्व, कृतित्व, दर्शन, विचार समान हैं, हिंदुत्ववादी व्यवस्था में संस्कारों, परंपराओं, वर्ण जाति व्यवस्था, पितृसत्ता का समर्थन करने वाले मूल्यों का खंडन किया। महात्मा ज्योतिराव फुले ने अपनी पुस्तक गुलामगिरी,डॉ. आंबेडकर ने 'जाति का विनाश' और राहुल सांकृत्यायन ने अपनी पुस्तक 'तुम्हारी क्षय' में वर्ण व जाति व्यवस्था के आधार पर समाज में व्याप्त व्यवस्था पर सच्चाई वर्णित की है। बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम बहुत बड़े स्तर पर पूरे भारत में मनाए जाते हैं।

बरेली में भी पखवाड़े के रूप में रन फॉर आंबेडकर 11 अप्रैल को महात्मा फुले की जयंती, जनजागरण के लिए प्रभातफेरी, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम होते हैं,लेकिन महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती 9 अप्रैल को होती है। महात्मा ज्योतिराव फुले आधुनिक भारत के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने सामाजिक गुलामी, अवमानना, उपेक्षा, शोषण उत्पीड़न के शिकार शूद्रों, अंत्यजों और स्त्रियों की मुक्ति, शिक्षा, पूर्ण बराबरी का आह्वान किया,फुले की दृष्टि अत्यंत व्यापक थी। थॉमस पेन की पुस्तक 'राइट्स ऑफ मैन' का उन पर बहुत असर था। जाति व्यवस्था में अछूत समझी जाने वाली महार जाति में 14 अप्रैल 1891 को जिस बालक का जन्म रामजी सकपाल भीमाबाई दंपती के यहां हुआ वह आगे चलकर डॉ बी.आर आंबेडकर के नाम से विश्व विख्यात हुए। डॉ.आंबेडकर की पुस्तक जाति का विनाश पढ़कर महात्मा गांधी भी प्रभावित हुए और कहा आंबेडकर हिंदुत्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती है,उन्होंने यह भी कहा कोई भी समाज सुधारक इस किताब की अनदेखी नहीं कर सकता। भविष्य में आंबेडकर को किसी भी विशेषण से जोड़े,परंतु आंबेडकर ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्हें भुला दिया जाए। गांधी जी का कथन पूरी तरह से सही साबित हुआ। आज आंबेडकर पराधीनता और अपमान की आग से झुलस रहे लोगों के लिए शीतल छांव बनकर उभरे और उनके मसीहा बन गए। चाहे राजनीतिक या विविध कारणों से ही सही उनसे नाइत्तेफाकी रखने वाले भी उनका नाम लेने और उन्हें स्वीकार करने को आतुर हैं। भारत की समस्याओं की भीतरी तहों को जानने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि भविष्य के किसी भी खूबसूरत भारत की रचना का रास्ता आंबेडकर से गुजर कर जाएगा।

आंबेडकर ने कहा अगर किसी एक चीज ने भारतीय समाज को एक पतनशील समाज में परिवर्तित किया तो वह जाति व्यवस्था है जिसने जिंदा कौम को मुर्दा कौम में तब्दील कर दिया। एक जगह उन्होंने कहा था,लोग जिसे धर्म कहते हैं,वह और कुछ नहीं आदर्शों और प्रतिबंधों की भीड़ है। धर्म बस आदेशों व निषेधों की सहिंता के रूप में ही मिलता है। वास्तविक धर्म वह है जिसमें आध्यत्मिक सिद्धांतों का विवेचन हो,जो वास्तव में विश्व के सभी समुदायों के लिए सर्वजनीन हो हर विषय में उपयोगी होकर तत्व नहीं पाया जाता। इतिहास ने उन्हें यह अवसर दिया जिससे सबके लिए मुकम्मल दस्तावेज लिखा,जिसे भारत का संविधान कहते हैं। संविधान में मूल अधिकार दिए जो किसी व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। नागरिकों के इन अधिकारों के उल्लंघन होने पर या इसको लागू करवाने के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार है। अनुच्छेद-14 के मुताबिक समता का अधिकार है। कानून के समक्ष समानता तथा सभी कानूनों से समान सरंक्षण का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है।

# अदम्य साहस और इच्छाशक्ति की कहानी

अशोक पांडेय
हल्द्वानी

उसकी स्मृति में यह बात अब तक गड़ी हुई है कि अपनी मां की पहली संतान होने के कारण उसे तब तक घर वालों से अपने हक का वह स्नेह नहीं मिला जब तक कि उसके बाद दो भाई और पैदा नहीं हो गए। पिता टैक्सी चलाते थे। आर्थिक-सामाजिक रूप से बेहद निचली पायदान पर खड़े उसके परिवार के पास उसे देने को तमाम तरह के ढेर सारे कष्ट थे। दुनियाभर की तकलीफों के बीच उसके पास एक मां थी,जो उसे बहुत प्यार करती थी। वही उसका सबसे बड़ा संबल थी। यह और बात कि निर्धनता की हिंसा के बीच बचपन से ही मां को खटते देखने की तमाम स्मृतियां भी उसके जेहन से कभी नहीं गईं।

स्कूल जाती थी,लेकिन उसे बार-बार यह अहसास दिलाया जाता कि वह एक लड़की है जिसके पढ़ने-लिखने का कोई मतलब नहीं। कई बार किताबों के लिए पैसे नहीं होते थे। वह किसी सहपाठी से याचना कर किताब उधार मांग कर लाती थी। कई बार यह भी होता कि उसे स्कूल भेजने के बजाय मां के साथ घास-लकड़ी के लिए जंगल भेज दिया जाता। मां घास ढोने वाली टोकरी में उसकी किताब छिपाकर ले जाया करती। मां काम करती,वह पढ़ने की कोशिश करती,लेकिन उसके आंसू निकल आते थे कि संसार की निगाह में बेटी होना इतना बड़ा अपराध कैसे हो गया। वह बहुत कुछ करना चाहती थी, लेकिन सारे रास्ते या तो बंद थे या बंद करा दिए जाते थे। एक बार उसके दोस्त से उधार मांगी गई किताब आग के हवाले कर दी गई। उसे दोस्त से झूठ बोलना पड़ा कि किताब गुम हो गई। उस शर्मिंदगी की याद भी उसके मन से नहीं गई। जब वह दस साल की हुई, उसकी मां को आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल हो गई। घर की अनिश्चित आमदनी में आठ सौ रुपये माहवार की बढ़ोतरी हुई।

विषमतम संभव परिस्थितियों में उसने पिथौरागढ़ जिले के सल्मोड़ा गांव से फर्स्ट क्लास में हाईस्कूल पास करने में सफलता हासिल कर ली। उसे विज्ञान के विषय पढ़ने का मन था,लेकिन गांव के स्कूल में वह सुविधा न थी। उसके लिए पिथौरागढ़ जाना पड़ता-बीस रुपये रोज आने-आने के खर्च करने पड़ते जो नहीं थे। सो वहीं इंटर आर्ट्स में दाखिला ले लिया। घर पर दादी का रुतबा चलता था। उन्होंने कहा लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने की कोई जरूरत नहीं होती और टनकपुर में तैनात एक पुलिस वाले से उसकी शादी तय कर दी। दादी के हठ से किसी तरह उसे पिता ने बचा लिया। सातवीं क्लास से ही उसने एनसीसी में भी दाखिला ले लिया था। एनसीसी का सबसे बड़ा आकर्षण उसमें लगने वाले दो-तीन हफ्तों के कैंप होते थे। घर से बाहर रहना एक बड़ी नेमत हुआ करती थी। जीवन ने उसे यही एक सुअवसर उपलब्ध कराया था जिसे उसने दोनों हाथों से दबोच लिया। जैसे-तैसे इंटर करने के बाद कॉलेज में बीए में दाखिला ले तो लिया पर फिर से शादी का दबाव बढ़ने लगा। यह 2014 का साल था जब अठारह साल की आयु में उसने अपने पिता से तीन साल की मोहलत मांगी कि उसके बाद जो चाहो कर लेना अभी मुझे कुछ कर लेने दिया जाए। उसकी बात मान ली गई।

कॉलेज में भी एनसीसी थी। रुड़की में कैंप लगा जिसमें गणतंत्र दिवस की परेड के लिए बच्चे छांटे जाने थे। कद में छोटी होने के कारण इस परेड के लिए उसका सेलेक्शन न हो सका। उदास होकर घर वापस आना पड़ा। दो माह बाद एनसीसी की तरफ से उसके पास चिट्ठी आई कि उसका नाम रुद्र गैरा पर्वत पर चढ़ाई करने वाले एक अभियान दल के लिए छांटा गया है। पर्वतारोहण का यह उसका पहला अनुभव था जिसमें उसके साथ पच्चीस हम उम्र लड़कियां थीं। पांच हजार आठ सौ मीटर ऊंची इस चोटी की मुश्किल चढ़ाई चढ़ने में दस दिन लगे। शिखर पर पहुंचने के बाद उसके मन में सबसे पहले जंगल में घास काटती अपनी मां की छवि आई जिसने कैसे-कैसे कष्ट सहते हुए उसे यहां तक पहुंचाने में हरसंभव मदद की थी। उसे यह अहसास भी हुआ कि वह इस जीवन में खुद कुछ कर सकती है। रुद्र गैरा अभियान में उसका प्रदर्शन देखते हुए एनसीसी की तरफ से उसे अन्य अभियानों में शामिल किया गया। 2016 में जब उसका चयन त्रिशूल चोटी के आरोहण के लिए हुआ तो स्थानीय अखबारों ने खबर छापी। पहली बार उसके माता-पिता को अहसास हुआ कि शीतल कुछ ऐसा करती है,जो महत्वपूर्ण है।

त्रिशूल अभियान के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी शीतल को अचानक झटका लगा जब उसका नाम अचानक मुख्य सूची से हटाकर रिजर्व सूची में रख दिया गया और अंततः वह अभियान से बाहर हो गई। उसने हार नहीं मानी और जम्मू कश्मीर में एक एडवांस कोर्स के लिए अप्लाई किया। सात हजार रुपये फीस थी। घर पर इतने पैसे न थे। किस्मत से उन दिनों पिथौरागढ़ में एक डांस प्रतियोगिता हुई,जिसे उसके छोटे भाई ने जीत लिया। उसे इनाम में दस हजार रुपये मिले,जो उसने अपनी दीदी के हाथ में रख दिए।

1996 में जन्मी शीतल की इसके बाद की कहानी एक छोटी सी लड़की के अदम्य साहस और उसकी इच्छाशक्ति की दृढ़ता की कहानी है। शीतल ने मुझे बताया बचपन से ही उसे पहाड़ों में चेहरे दिखाई देते थे। जब उसका मन व्यथा से भर जाता वह अकेली उनसे बात करने लगती थी और अपनी पूरी आत्मा उनके सम्मुख उड़ेल देती थी। कभी वे जवाब देते थे कभी नहीं।

# उत्तराखंड में चुनौती तो दूर प्रचार से ही बाहर नजर आ रही कांग्रेस

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल मतदान होगा। ऐसा पहली बार है कि मतदान में सिर्फ एक हफ्ता बचा है, लेकिनर विपक्षी दल कांग्रेस का प्रचार कहीं नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर भाजपा के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो जनसभाएं रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के दौरे भी हो गए हैं। 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी आ रहे हैं। इसी दिन कांग्रेस के पक्ष में स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा की रामनगर में जनसभा प्रस्तावित है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उभरती युवा सनातनी नेता की छवि ने मतदाताओं के बीच मोदी-धामी का 'मैजिक' प्रभावी बना दिया है।

उत्तराखंड में केंद्र सरकार की लाभार्थी योजनाएं तो चल ही रही हैं साथ ही मोदी सरकार ने यहां एक लाख 25 हजार करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी हैं, जिनमें चार धाम की विकास, ऑल वेदर रोड, कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेल प्रोजेक्ट, मानसखंड प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी को शंख भेंट करते मुख्यमंत्री धामी। फाइल फोटो

## आचार संहिता से पहले हर सीट का दौरा कर चुके सीएम धामी

- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के समान नागरिक संहिता कानून लागू करने, लैंड जिहाद पर प्रभावी कारवाई करने, धर्मांतरण कानून लागू करने, दंगा विरोधी कानून लाने, गो हत्या, गो तस्करी के खिलाफ गैंगस्टर लगाने जैसे कार्यों उनकी छवि को सनातनी बनाने के साथ छवि जनता में सख्त हिंदू प्रशासक की भी बना दी है। भाजपा को इस छवि का लाभ लोकसभा चुनाव में मिलता दिख रहा है। युवाओं के लिए नकल विरोधी कानून लाकर नौकरियों में पारदर्शिता लाने से भी भाजपा को फायदा मिल रहा है। मुख्यमंत्री धामी हर रोज तीन जनसभाएं कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा से पहले वह सभी विधानसभाओं के दौरे कर चुके थे। वहीं कांग्रेस, वामपंथी दल और क्षेत्रीय नेता एकजुट होकर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज मुखर नहीं कर पाए हैं।

**1.25**

लाख करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी मोदी सरकार ने

- मोदी-धामी मैजिक से राज्य में जीत की हैट्रिक की उम्मीद
- प्रधानमंत्री मोदी की रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी दो सभाएं
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हर रोज कर रहे हैं तीन जन सभाएं
- कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई रैली या सभा नहीं हुई

### नैनीताल सीट

नैनीताल ऊधमसिंह नगर सीट पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट दूसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। उनका मुकाबला दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके प्रकाश जोशी से है। इस सीट से पूर्व में कृष्ण चंद्र पंत, नारायण दत्त तिवारी, भगत सिंह कोश्यारी जैसे बड़े नेता सांसद बन चुके हैं। यहां कुल दस प्रत्याशी मैदान में हैं। पिछली बार अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को 3,39,096 वोटों से धूल चटाई थी। इस बार कांग्रेस ने ठाकुर के बजाय ब्राह्मण उम्मीदवार उतारा है। लेकिन कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। बसपा ने अख्तर अली को प्रत्याशी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां जनसभा हो चुकी है। कांग्रेस की तरफ से कोई बड़ा नेता अभी नहीं आया है।

### अल्मोड़ा (सुरक्षित) सीट

इस आरक्षित सीट पर एक बार फिर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा के बीच मुकाबला है। 2019 चुनाव में भाजपा के अजय टम्टा को 4,44,651 और कांग्रेस को 2,11,665 वोट मिले थे। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत व बागेश्वर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली इस लोकसभा सीट पर मुख्यमंत्री धामी ने चुनाव घोषित होने से पहले ही चार बड़ी जनसभाएं करके भाजपा की राह आसान कर दी। कुछ माह पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिथौरागढ़ व्यास घाटी आदि कैलाश व जागेश्वर में शिव आराधना कर सभा कर गए हैं। कांग्रेस प्रचार से बाहर नजर आ रही है।

### पौड़ी गढ़वाल सीट

भाजपा ने यहां पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर अपने राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी को टिकट दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के गणेश गोदियाल से हो रहा है। अनिल बलूनी नया युवा चेहरा हैं।पिछली बार 2019 में यहां भाजपा को 5,06,980 और कांग्रेस के मनीष खंडूरी को 2,04,311 वोट मिले थे। मनीष खंडूरी अब भाजपा में हैं उनके अलावा बद्रीनाथ के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी और तीन पूर्व विधायक भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। यहां कुल 13 प्रत्याशी हैं। एक सीट है, जहां कांग्रेस चुनाव प्रचार में ताकत लगाए है।

### टिहरी सीट

इस सीट पर टिहरी राज परिवार का कब्जा रहा है। भाजपा ने इस बार भी महारानी माला राज लक्ष्मी को उम्मीदवार बनाया है। टिहरी राज परिवार ने यहां से 12 बार लोकसभा चुनाव जीता है। 2019 में यहां महारानी को 5,65,333 कांग्रेस के प्रीतम सिंह को 2,64,747 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस ने यहां जोत सिंह गुनसोला को टिकट दिया है। टिहरी राजघराने के प्रति जनता में आदर भाव रहता आया है। राजमहल से ही भगवान बद्री विशाल के द्वार खुलने और बंद होने की तिथि घोषित होने की परंपरा है। कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में है।

### हरिद्वार सीट

यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत से है। कांग्रेस में अंर्तकलह के चलते कई नेता व कार्यकर्ता पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। यहां से खानपुर के विधायक उमेश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मौलाना जमील अहमद को टिकट दिया है। पिछली बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को 6,65,674 वोट मिले थे, कांग्रेस को 4,06,945 और बसपा को 1,73,528 वोट मिले थे। यहां मुस्लिम वोटों की संख्या भाजपा के लिए थोड़ा चिंता का सबब है। हरिद्वार से कुल 14 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

## बारामती लोकसभा सीट

### ननद सुप्रिया की जीत का चौका भाभी सुनेत्रा बनाने में लगीं कैच का मौका

**मुंबई।** महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट इस बार पूरे देश में चर्चा के केंद्र में है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले 2009 से लगातार तीन चुनाव इस सीट से जीत चुकी हैं और वह इस बार चौका लगाने की तैयारी कर रही हैं, लेकिन उनकी राह में उनके चचेरे भाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा ही दीवार बनकर खड़ी हो गई हैं। सुप्रिया जहां एनसीपी शरद पवार गुट से मैदान में हैं तो अजित पवार के नेतृत्व वाली (एनसीपी) ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस बार ननद सुप्रिया के सामने उनकी भाभी कड़ी चुनौती पेश करती नजर आ रही हैं। सुप्रिया की जीत सुनिश्चित करने के लिए शरद पवार जहां मतदाताओं से वर्षों पुराने रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं तो उनकी बहू सुनेत्रा पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रही हैं। भाजपा के साथ ही शिवसेना शिंदे गुट भी सुनेत्रा की जीत सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। फिलहाल शरद पवार के लिए इस बार उनकी पारंपरिक सीट बारामती में सियासी राह कठिन नजर आ रही है। शरद पवार पार्टी और सिंबल पर अधिकार की लड़ाई में भतीजे अजित पवार के हाथ पहले ही शिकस्त खा चुके हैं, अब वह बारामती में बेटी की शकस्त झेलने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके सामने बहू के खिलाफ चुनाव लड़ रही बेटी को जिताना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है।

# यूं ही नहीं कोई शहर बीजेपी के लिए बुलंद बन जाता है

**भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए हाथी को जहां पहली जीत की तलाश, वहीं अर्से बाद हाथ बाजी पलटने को दिख रहा तैयार**

मनोज त्रिपाठी

बुलंदशहर यानी भाजपा का मजबूत गढ़। 2014 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार रहे नरेंद्र मोदी ने यहीं से अपने चुनावी अभियान का शंखनाद किया था, तो 2024 में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद बुलंदशहर से ही 400 पार की हुंकार भरते हुए एक बार फिर लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पहुंचे प्रधानमंत्री ने इससे पहले जिले में 19,000 करोड़ से ज्यादा की तमाम विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करके पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर एनसीआर और हरियाणा तक की दो दर्जन से अधिक लोकसभा सीटों पर राम का नाम और मोदी के काम का चुनावी संदेश फैला दिया।

बुलंदशहर वह जगह है, जिसे भाजपा चुनावी बिगुल के लिए शुभ मानती है। 2014 में यहां से अभियान शुरू करने पर पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम बाहुल्य समेत सभी 14 सीटों पर क्लीन स्वीप किया था, जबकि 2019 में सहारनपुर से प्रचार शुरू करने पर भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सात सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि इस बार यूपी में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा क्या इस बार भी 2014 की तरह बुलंदशहर के तीर से पश्चिम यूपी की सभी सीटों पर कमल खिला पाएगी।

भोला सिंह, भाजपा।

गिरीश चंद्र, बसपा।

शिवराम, कांग्रेस।

### 2009 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सपा | कमलेश कुमार | 2,36,257 | 35.34 |
| भाजपा | अशोक प्रधान | 1,70,192 | 25.46 |
| बसपा | राजकुमार गौतम | 1,42,186 | 21.27 |

### नगीना के सांसद यहां से मैदान में

बुलंदशहर लोकसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और वह यहां इस बार चुनावी जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। मुकाबले में छह प्रत्याशी हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी डा. भोला सिंह को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि, बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे सांसद गिरीश चंद्र के अलावा ऋषिवादी कर्मशील युवा परमार्थी पार्टी के राजेश तुरैहा समेत निर्दलीय सोनम भारती व प्रदीप कुमार चुनौती दे रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र मुस्लिम, दलित, जाट, ब्राह्म बहुल गिनी जाती है। हालांकि वैश्य, त्यागी, गुर्जर, राजपूत के अलावा अन्य ओबीसी मतदाता अच्छी संख्या में हैं। सीट आरक्षित होने के बाद जहां पिछले तीन चुनावों में सपा एक बार यहां से जीत चुकी है, वहीं बसपा का खाता नहीं खुला है। जीत की तलाश में ही बसपा ने इस बार यहां नगीना सुरक्षित सीट के सांसद गिरीश चंद्र जाटव को मैदान में उतारा है।

**2014**

में नरेंद्र मोदी ने यहीं से किया था चुनावी अभियान का शंखनाद तो 2024 में बुलंदशहर से ही भरी 400 पार की हुंकार

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था

### भाजपा का कमल

- बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें अनूपशहर, बुलंदशहर, डिबाई, शिकारपुर और स्याना शामिल हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इन सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कमल खिला था। किसान आंदोलन के बावजूद भी सपा-रालोद का गठबंधन यहां फेल साबित हुआ था।

### भाजपा के बाद बसपा लगातार बढ़ा रही अपना प्रभाव

- बुलंदशहर में सपा ने 2009 में जीत भले दर्ज की हो, लेकिन जिले की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के साथ बहुजन समाज पार्टी का वर्चस्व बढ़ता हुआ नजर आता है। दरअसल, मुस्लिम और दलित मतदाताओं का गठजोड़ जहां बसपा के पक्ष में खड़ा दिखता रहा है, वहीं ठाकुर, लोध, ब्राह्मण और वैश्य समाज भाजपा के साथ लामबंद है। कांग्रेस अब यहां चौथे नंबर की पार्टी बन चुकी है। कल्याण सिंह के बाद यहां किसी नेता का ऐसा कोई आधार नहीं रही कि वह वोट किसी के पक्ष में ट्रांसफर करा सके। जातीय आधार पर जरूर वोट इधर से उधर होते रहे हैं। दो-तीन विधानसभा क्षेत्रों में रालोद का अच्छा असर है। वह इस बार भाजपा को समर्थन देकर उसकी जीत की राह आसान कर रहा है।

### 2019 लोकसभा जनादेश

| भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 60.64 % | 34.82 % | 02.63 % |
| 6,81,321 मत | 3,91,264 मत | 29,465 मत |
| डॉ. भोला सिंह | योगेश वर्मा | बंशी सिंह |

### 2014 का जनादेश




| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | डॉ. भोला सिंह | 6,04,449 |
| बसपा | प्रदीप कुमार जाटव | 1,82,476 |
| सपा | कमलेश | 1,28,737 |

### चार लाख से ज्यादा ब्राह्मण और क्षत्रिय पर ओबीसी-दलित लिखते हार-जीत की पटकथा

- बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की संख्या 18 लाख के करीब है। इनमें पुरुष मतदाता 9 लाख 50 हजार और महिला मतदाता साढ़े आठ लाख हैं। ट्रांसजेंडर वोटर 127 हैं। इस लोकसभा सीट पर ओबीसी और अनुसूचित जाति के मतदाता जीत-हार का फैसला करने में आगे रहते हैं। जातीय आधार पर आकलन के मुताबिक इस लोकसभा क्षेत्र में 3.10 लाख मुस्लिम मतदाताओं के बाद 2.20 लाख ब्राह्मण, 2 लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। जाटव बिरादरी के 2.25 लाख और लोध बिरादरी के दो लाख मतदाता हैं। जाट मतदाताओं की संख्या करीब 1.65 लाख है। इनके अलावा खटिक, वाल्मीकि, गुर्जर, त्यागी, कश्यप, प्रजापति, पाल जाति के मतदाताओं की संख्या चार लाख के आसपास है।

### भाजपा के छत्रपाल लगातार चार बार जीते

वर्ष 1952 से 1971 तक यहां हुए पांच लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का कब्जा रहा। लेकिन साल 1971 के बाद मतदाताओं ने अलग-अलग पार्टियों को चुना। आपातकाल के बाद 1977 और 1980 के चुनाव में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 के चुनाव में जनता दल के जीत दर्ज करने के बाद 90 के दशक में राम लहर के दौरान राजनीति बदल गई और वर्ष 1991 से लेकर 2004 तक हुए पांच चुनावों में बुलंदशहर सीट पर लगातार भारतीय जनता पार्टी ही जीत दर्ज करती रही। भाजपा के छत्रपाल सिंह लोधा ने 1991 के बाद 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत का चौका लगाया। वर्ष 2004 के चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को यहां से चुनावी मैदान में उतारा। कल्याण सिंह अलीगढ़ को अपनी जन्म भूमि तो बुलंदशहर को कर्म भूमि मानते थे। उन्होंने बुलंदशहर में भाजपा की लगातार पांचवीं जीत सुनिश्चित कर दी। 2009 लोकसभा चुनाव से पहले इस सीट का परिसीमन बदल गया और यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गया। परिसीमन के बाद हुए 2009 के पहले चुनाव में समाजवादी पार्टी के कमलेश वाल्मीकि ने जीत हासिल करके भाजपा को जीत का छक्का लगाने से रोक दिया। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के डा. भोला सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की और 2019 में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान में हैं।

**मंडी का रणक्षेत्र** | कांग्रेस ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतारा

# कांग्रेस के विक्रमादित्य रोकेंगे कंगना की जीत का 'बेताल'

महेश शर्मा, नई दिल्ली

**अमृत विचार**: हिमाचल प्रदेश का मंडी लोकसभा क्षेत्र भाजपा के टिकट पर कंगना रनौत के मैदान में आने के बाद चर्चा में आ गया है। कांग्रेस ने यहां से हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को अपना उम्मीदवार बना दिया है। कांग्रेस की कोशिश है कि वह किसी भी सूरत में तीन सौ से ज्यादा मंदिरों वाले मंडी लोकसभा क्षेत्र को कंगना का अंगना न बनने दे। अब पार्टी ने विक्रमादित्य को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

कांग्रेस के दबदबे वाली मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी इतिहास में 13 बार कांग्रेस जीत दर्ज करा चुकी है। ब्राह्मण और राजपूत बहुल इस सीट से ब्राह्मण और राजपूत प्रत्याशी ही जीतकर संसद पहुंचता रहा है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व.वीरभद्र सिंह के परिवार लोग यहां से छह बार जीते हैं। कांग्रेस के सुखराम भी तीन बार जीत चुके हैं। 2019 में रिकार्ड वोटों से जीते भाजपा के रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु होने से यहां पर 2021 में उपचुनाव हुए जिसमें कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। अब कंगना के मुकाबले विक्रमादित्य सिंह का नाम तय कर दिया है। तीन उपचुनाव मिलाकर मंडी लोकसभा सीट पर 19 चुनाव हुए हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के रामस्वरूप शर्मा ने कांग्रेस के आश्रय शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी। भाजपा ने 68.75 फीसद रिकार्ड वोट पाए थे। कांग्रेस को 25.68 फीसद पर ही संतोष करना पड़ा था। 2021 में भाजपा सांसद शर्मा का निधन के बाद उपचुनाव में प्रतिभा सिंह आठ हजार वोटों से जीती थी। यहां पर 2004 में हुए चुनाव से देखें तो प्रतिभा सिंह कांग्रेस से जीती थी पर 2009 में खुद वीरभद्र सिंह मैदान में आए और जीत गए। 2013 में उपचुनाव में फिर प्रतिभा सिंह जीतीं। 2014 और 2019 में भाजपा जीती पर 2021 में उप चुनाव हारी।



### 33 फीसदी राजपूत, 28 फीसदी दलित और 21 फीसदी ब्राह्मण मतदाता

- जातीय आंकड़ों पर नजर डालें तो मंडी में 33.6 फीसद राजपूत आबादी है। 21.4 फीसद ब्राह्मण मतदाता हैं। मंडी में दलित 29.85 फीसद हैं। फिर भी सिर्फ एक बार ही दलित सांसद गोपीराम 1052 में लोकसभा पहुंचे थे। मंडी लोकसभा क्षेत्र में 17 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें 12 पर भाजपा काबिज है।

### भाजपा अलर्ट, कंगना की जुबान न फिसल जाए

- विवादित बयानों से चर्चा में आयीं कंगना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधान मंत्री बनाया तो ट्रोल हुईं। असम के सीएम हेमंता विस्व सरमा को उनके बचाव के लिए एक्स पर आना पड़ा। कंगना पीएम नरेंद्र मोदी को राम का अंश बता चुकी हैं। कांग्रेस का आईटी सेल कंगना की जुबान फिसलने का इंतजार कर रहा, जुबान फिसली नहीं कि उसने मुद्दा बनाया।

**जीतेंगे बाजी** मुजफ्फरनगर में समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की रैली में समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# फावड़े से काटकर की पत्नी की हत्या बचाने आई भतीजी की अंगुली काटी

## घर के बाहर पड़ी टिनशेड के नीचे सो रही थी अवधेशा कुमारी

संवाददाता, निघासन (खीरी)

**अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव परमोधापुर में शनिवार की दोपहर खेत से काम कर लौटे सनकी पति ने पत्नी पर फावड़े से ताबड़तोड़ कई प्रहार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह अपनी भतीजी के साथ घर के बाहर पड़ी टिनशेड के नीचे सो रही थी।भतीजी ने बचाने की कोशिश की तो हत्यारे पति ने फावड़े से उसके हाथ की अंगुली काट दीं। बताते हैं कि वह पत्नी के साथ अक्सर मारपीट करता था।

पुलिस ने आरोपी पति को पकड़कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। गांव परमोधापुर निवासी अयोध्या प्रसाद मौर्य उर्फ श्री कृष्ण का विवाह करीब 20 साल पहले मझगई थाना क्षेत्र के गांव बौधिया निवासी रामप्रसाद की पुत्री अवधेशा कुमारी (42) से हुआ था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। शनिवार की दोपहर करीब एक बजे भतीजी शिवानी के साथ अवधेशा कुमारी घर के बाहर पड़ी टिनशेड के नीचे सो रही थी। इसी बीच अयोध्या प्रसाद खेत से काम करके लौटा। उसके पास फावड़ा था। घर के बाहर अपनी पत्नी को सोते देखा तो वह भड़क उठा। उसने फावड़े से पहले पत्नी के पैर पर वार किए, जिससे उसका एक पंजा कटकर अलग हो गया। चीख-पुकार पर भतीजी शिवानी उठी और अपनी बुआ को बचाने के लिए टिनशेड से बाहर खींच ले गई। इस दौरान अयोध्या ने पत्नी पर एक-एक कर फावड़े से कई प्रहार किए। इससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। बचाने के दौरान भतीजी पर भी प्रहार कर उसके हाथ की अंगुली काट दी।

### अयोध्या कई मामलों में जा चुका है जेल

आरोपी अयोध्या प्रसाद ने एक साल पहले मंदिर में मूर्तियों को तोड़ दिया था। पुलिस ने उसे जेल भेजा था। एक बार चार पांच गायों को पकड़ कर छप्पर में बांध दिया था। तीन दिन भूखे प्यासे बांधे रखने के बाद पुलिस के हस्तक्षेप के बाद गायों को खोला था। उस मामले में भी वह जेल गया था।

## अतीक के गुर्गों का आतंक, 50 लाख की रंगदारी मांगी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** करेली थाना क्षेत्र में जमीन के नाम पर एक महिला से अतीक के गुर्गे ने पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। तहरीर पर पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के गुर्गे महताब, उसके बेटे सोनू, भेड़ा महीन, मुखिया और दो अज्ञात के खिलाफ 50 लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगने, मारपीट, धमकी सहित अन्य धाराओ में एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। कैंट थाना क्षेत्र के छोटी मस्जिद, बेली गांव निवासी सबा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करेली के बक्शी मोढ़ा में उनकी जमीन है। परिवार के ही महताब अहमद जो अतीक गैंग का गुर्गा है। बताया जाता है कि वह माफिया अतीक के 227 गिरोह का सदस्य भी है। गैंग पीड़िता की जमीन बेचने को लेकर विवाद करते रहते हैं। जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

# पटरी पर लेटा युवक आधा घंटा ट्रेन लेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शराब के नशे में एक युवक ट्रेन की पटरी पर लेट गया, जिससे कासगंज से आने वाली ट्रेन शेखूपुर रेलवे स्टेशन पर आधा घंटा तक खड़ी रही। युवक को पटरी पर लेटा देखकर ट्रेन के लोको पायलट ने सूचना जीआरपी को दी। जीआरपी ने युवक को पटरी से खींचकर घटाया, जिसके बाद ट्रेन अपने गंत्वय की ओर रवाना हुई। जीआरपी उसको बदायूं रेलवे स्टेशन लेकर आई और पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

पैसेंजर ट्रेन कासगंज से दोपहर 12: 27 बजे बदायूं रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है। शनिवार को ट्रेन अपने निर्धारित समय पर रेलवे स्टेशन नहीं पहुंची तो यात्रियों ने पूछताछ शुरू कर दी। यात्रियों को बताया गया कि शेखूपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी है। वह जल्द आने वाली है। करीब 1 बजे ट्रेन रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन से जीआरपी ने एक युवक को उतारा। युवक शेखूपुर के निकट रेलवे लाइन पर लेट गया था, जिसकी बजह से ट्रेन आधा घंटा वहीं पर खड़ी थी। युवक ने अपना नाम रामसिंह निवासी पलिया मेहंदी बताया। उसने कहा कि घर में सब लोग उसे परेशान करते हैं। उसके भाई ने उसे बहुत पीटा, जिससे वह गुस्से में था और ट्रेन से कटने के लिए पटरी पर लेट गया।

ट्रेन के आगे लेटने वाला युवक।

## सार-संक्षेप

### बदायूं में पूर्व विधायक मुस्लिम खां होंगे बसपा प्रत्याशी

**बदायूं, अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बसपा ने बदायूं लोकसभा सीट को लेकर अपनी स्थिति साफ कर दी है। बसपा की तरफ से उसहैत विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके मुस्लिम खां को प्रत्याशी बनाया गया है। हालांकि जिलाध्यक्ष के अनुसार इसकी विधिवत घोषणा 15 अप्रैल को की जाएगी। बदायूं लोकसभा क्षेत्र में करीब चार लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इसके अलावा दलितों की संख्या भी ठीक है। बसपा ने मुस्लिम और दलित समीकरण को देखते हुए ही मुस्लिम खां को प्रत्याशी बनाया है। बताया जा रहा है कि मुस्लिम खां को प्रत्याशी बनाए जाने के लिए स्थानीय बसपा संगठन की ओर से पैरवी की गई थी। स्थानीय संगठन के नेताओं ने उनकी बसपा सुप्रीमो मायावती से मुलाकात कराई थी। जिला अध्यक्ष आरपी त्यागी ने बताया कि मुस्लिम खां की उम्मीदवारी की अधिकृत घोषणा 15 अप्रैल को मंडल कोऑर्डिनेटर समशुद्दीन राइन करेंगे। वह 16 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

### तीन दिन की पैरोल के बाद जेल लाया गया अब्बास

**कासगंज, अमृत विचार :** पत्नी निकहत बानो से अनाधिकृत रूप से चित्रकूट की जेल में मुलाकात करने के मामले में पिछले काफी समय से कासगंज की जेल में निरुद्ध अब्बास अंसारी पिता मुख्तार अंसारी के फातिहा में शामिल होने के बाद वापस कासगंज जेल लाया गया। कड़ी सुरक्षा में उसे हाई सिक्योरिटी बैरक में शिफ्ट किया गया। सुप्रीप कोर्ट की ओर से अब्बास अंसारी को 10 अप्रैल को फतिहा पढ़ने की इजाजत मिली थी। 11 और 12 अप्रैल तक की पैरोल मिली थी और गाजीपुर की जेल में रखने के साथ ही परिजनों को मिलने की अनुमति भी दी। 13 अप्रैल को उसे गाजीपुर की जेल से कासगंज के लिए रवाना किया गया। शाम को वह कासगंज जिला जेल पहुंचा। यहां अब्बास अंसारी को लाने वाला वाहन सीधे जेल परिसर में पहुंचा। उसे हाई सिक्योरिटी बैरक में भेज दिया गया। अब्बास अंसारी के भाई उमर अंसारी ने कासगंज जिला में अपने भाई की जान को खतरा बताया है। ऐसे में जेल प्रशासन ने अब्बास अंसारी की सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए हैं। सीसीटीवी एवं बॉडीबॉर्न कैमरे से कड़ी निगरानी की जा रही है। सुरक्षा में कर्मचारी भी लगा दिए गए हैं।

### पुलिस की पिटाई से क्षुब्ध चालक ने खुद को आग लगाई

**पूरनपुर, अमृत विचार :** पूरनपुर के टेंपो चालक ने पानीपत पुलिस की पिटाई से क्षुब्ध होकर खुद को आग लगा ली, जिसकी बाद में मौत हो गई। परिजन उसका शव पूरनुपर कोतवाली ले गए तो पुलिस मामला दूसरे प्रदेश का बताकर लौटा दिया। पूरनपुर के गांव खैरपुर निवासी अकरम (30) पुत्र अख्तर हुसैन हरियाणा के पानीपत जिले में टेंपो चलाते थे। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को पानीपत पुलिस ने अकरम के साथ मारपीट की। इस पर अकरम ने टेंपो में रखा डीजल छिड़क कर खुद को आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसे अकरम को पानीपत के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से रैफर करने पर परिजन शुक्रवार रात अकरम को बरेली ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन अकरम का शव लेकर शनिवार सुबह पूरनपुर कोतवाली पहुंचे और पानीपत पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पूरनपुर पुलिस ने पानीपत में शिकायत करने को कहा। इस परिजन पानीपत जाने की बात कहकर चले गए।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को लेकर डीजीपी से जवाब तलब

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गत दिनों उत्तर प्रदेश राज्य, विशेष रूप से गाजियाबाद जिले में न्यायालयों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नियमों 2020 का अनुपालन न करने पर संज्ञान लेते हुए गंभीर चिंता व्यक्त की थी। इसी मामले में कोर्ट ने गवाही दर्ज करने के लिए सरकारी अधिकारियों को एक जिले से दूसरे जिले में जाने की आवश्यकता को कम करने और सबूत इकट्ठा करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने साक्ष्य दर्ज करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तकनीक का उपयोग करने के लिए राज्य, पुलिस अधिकारियों और अभियोजन निदेशक को समन्वित प्रयास करने का आदेश दिया। कोर्ट ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि संबंधित अदालत का प्रयास अभियोजन पक्ष के उन गवाहों के साक्ष्य को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिकॉर्ड करना होना चाहिए, जो अदालत के क्षेत्राधिकार से बाहर हैं।

### कांग्रेस के स्टार प्रचारक चुनाव मैदान से गायब

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में पहले चरण का चुनाव प्रचार चरम पर है, पर अभी तक कांग्रेस का कोई बड़ा नेता चुनाव प्रचार पर नहीं उतरा है। पार्टी की ओर से घोषित स्टार प्रचारक चुनाव मैदान से गायब हैं। पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल को है, पर अभी तक स्टार प्रचारक कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व अन्य नेताओं की जनसभा नहीं हुई है, जबकि पहले चरण के लिए 17 अप्रैल को प्रचार थमेगा। हालांकि, पहले चरण में कांग्रेस की सिर्फ एक सीट सहारनपुर से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस की ओर से इमरान मसूद प्रत्याशी हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 16 अप्रैल को प्रियंका गांधी की सहारनपुर में रोड शो की तैयारी है। उम्मीद है कि जल्द ही केंद्रीय नेतृत्व इनका व अन्य नेताओं का कार्यक्रम फाइनल करेगा। इसके बाद दूसरे चरण में कई नेताओं की सभा, रैली व गठबंधन के नेताओं के साथ सभाएं होंगी। फिलहाल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी पश्चिमी जिलों की सीटों पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी जनसंपर्क व सभा कर रहे हैं।

# पुलिस हिरासत में ग्रामीण की मौत सड़क पर शव रख किया हंगामा

संवाददाता, मितौली (खीरी)

**अमृत विचार :** पांच साल की बालिका की गला दबाकर हत्या करने के मामले में पूछताछ के लिए थाने लाए गए ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने शव सड़क पर रख जाम लगाया और पांच घंटे हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस पर पिटाई और करंट लगाने का आरोप लगाया। चौकी इंचार्ज पिपरझला, हेड कांस्टेबल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुआ है।

गांव पकरिया जलालपुर के अनूप की पांच साल की पुत्री अंशू तीन अप्रैल को लापता हो गई थी। अगले दिन उसका शव झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। संदेह पर पुलिस शुक्रवार को गांव के आशाराम को पूछताछ के लिए थाने लाई और हिरासत में उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस सीएचसी ले गई, जहां से जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टर ने आशाराम को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजन रात में जिला अस्पताल पहुंचे और शव ले आए। शनिवार सुबह मृतक के शरीर पर चोटों के निशान दिखा तो पुलिस पर पिटाई और करंट लगाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कर निलंबित करने की मांग करते हुए शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

## प्रदेश में बढ़ेंगी 1200 एमबीबीएस की सीटें

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को 14 नही, इस सत्र में 12 नए मेडिकल कॉलेज शुरू हो सकते हैं। करीब 1200 एमबीबीएस सीटें बढ़ने के बाद उप्र. 10 हजार से अधिक एमबीबीएस सीटों वाले राज्यों के क्लब में शामिल हो जाएगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को बताया की मानक पूरे करते हुए 12 कॉलेजों में एमबीबीएस सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी में आवेदन किया गया है । कॉलेजों का निरीक्षण जल्द ही होने की उम्मीद है और इसके बाद अगर टीम को कोई कमी मिलती है और उन्हें पूरा करने के लिए हमें नोटिस जारी करती है तो उन्हें दूर किया जाएगा।

# किशोरी से तीन दिन तक सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चार अप्रैल को दर्ज हुआ था अपहरण का मामला

**अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र की किशोरी को रुद्रपुर ले जाकर किराए के कमरे में तीन दिन रखकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हालांकि, इस मामले में किशोरी के लापता होने के अगले दिन पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने 4 अप्रैल को एक आरोपी के विरुद्ध अपहरण के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज की थी। लेकिन, नामजद की गिरफ्तारी न होने पीड़ित पक्ष शनिवार को मुरादाबाद आकर एसएसपी के सामने पेश हुआ।

पीड़ित पक्ष ने इस मामले में अन्य आरोपों के तहत एफआईआर में धाराओं की वृद्धि करने की मांग की है। तीन लोगों पर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है।

पीड़िता के भाई ने एसएसपी को बताया है कि उसकी बहन की आयु 15 वर्ष है। उसे 3 अप्रैल की दोपहर 2 बजे गांव का ही शोएब पुत्र खुर्शीद बहला-फुसला कर ले गया था। बहन के बारे में जब काफी देर तक पता नहीं चला तो उन्होंने तलाश शुरू की। लेकिन, उसके बारे में कोई पता नहीं चला तो आरोपी शोएब के घर वालों से संपर्क किया। लेकिन, वे कुछ भी बताने को तैयार नहीं थे। ऐसे में पीड़िता के भाई ने मूंढापांडे थाने में आरोपी शोएब के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। शनिवार को पीड़िता का भाई एसएसपी के सामने पेश हुआ था। उसका कहना है कि उसकी बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने में नामजद अभियुक्त शोएब की मां व दो अन्य लोगों का भी हाथ है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को बताया है कि जब उसकी बहन आरोपियों के चंगुल से छूटी तो उसने घर आकर आपबीती बताई है। बहन ने बताया है कि शोएब और उसके साथियों ने उसे रुद्रपुर ले जाकर किराए के कमरे में तीन दिन तक रखा। वहां नामजद अभियुक्त शोएब व दो अन्य ने उसे डरा-धमकाकर लगातार तीन दिन तक उसके साथ बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। फिलहाल, इस मामले को एसएसपी हेमराज ने गंभीरता से लिया है।

# रामनवमी पर पीले वस्त्र में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे रामलला

अयोध्या कार्यालय

- 11 पुजारी करेंगे रामलला का श्रृंगार और पूजन

**अमृत विचार :** रामनवमी के दिन रामलला पीले वस्त्र में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। रामलला को तैयार करने के लिए 11 पुजारियों की टीम बनाई गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसकी जिम्मेदारी मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दी है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार भव्य मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव को मनाया जाएगा। इसके लिए पूरे मंदिर को सजाया जा रहा है। गर्भगृह में रामलला के भव्य स्वरूप का दर्शन होगा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामनवमी के दिन भगवान के जन्मोत्सव पर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सुबह 3:30 बजे मंगल आरती के बाद जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक कराया जाएगा। इसके बाद विशेष चांदी और सोने के वर्क से तैयार किए गए पीले वस्त्र धारण कराए जाएंगे। प्रभु रामलला पांच वर्षीय राज कुमार के रूप में विराजमान हैं इसलिए श्रृंगार में सोने के हार और सोने का मुकुट धारण कराया जाएगा। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया जाएगा। जन्मोत्सव के दिन दोपहर 11:45 बजते ही कपाट बंद कर पुजारियों की टीम रामलला का श्रृंगार करेगी। दोपहर 12 बजते ही रामलला के प्राकट्य आरती का आयोजन किया जाएगा। अभी लगभग पांच पुजारी रामलला की सेवा में लगे हैं। अन्य छह पुजारी को भी इस व्यवस्था में शामिल किया जाएगा।

भव्य मंदिर में विराजमान रामलला।

# उन्नाव में एक ही परिवार के पांच बच्चे गंगा में डूबे, चार की मौत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रतीरामपुरवा गांव के एक ही परिवार के पांच बच्चे शनिवार सुबह गंगा नहाने के दौरान डूब गए।

आसपास के लोगों ने एक बच्ची को तो बचा लिया, लेकिन चार बच्चों की जान चली गई। परिजनों ने गंगा में जाल डालकर बच्चों को निकाला और कानपुर के कांशीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारो को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अफसर पहुंचे। बहराइच के द्वारिकापुरी थाना क्षेत्र के कैसरगंज निवासी सलमान और उसका भाई नियाज अहमद जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रतीराम पुरवा के बंधे पर डेढ़ साल पहले परिवार के साथ रहने आया था। शनिवार को सलमान का 7 वर्षीय बेटा राजबाबू, बेटी नाजिया बानो (11) और नियाज का बेटा मो. मुनाजिर (10), रियाज अहमद (8) और 5 साल की बेटी जैनब सुबह सात बजे गंगा के किनारे पहुंचकर नहाने लगे थे।

# उत्तराखंड

## ट्रॉली के नीचे दबकर चालक की मौत

**काशीपुर, अमृत विचार :** कोसी नदी से उपखनिज लेने गए एक युवक की ट्रॉली के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची कुंडेश्वरी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

कुंडेश्वरी के ग्राम भीमनगर, बज्जर पट्टी निवासी हरदीप सिंह (24 वर्षीय) पुत्र हरभजन सिंह गुलजारपुर के एक स्टोन क्रशर स्वामी का ट्रैक्टर चलाता था। शनिवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर उपखनिज लाने के लिए बंजारी गेट गया था। नदी से सड़क पर आते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया। इससे वह ट्रैक्टर से गिरकर ट्रॉली के नीचे आ गया। हादसे में हरदीप की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कुंडेश्वरी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# एनसीईआरटी किताबों के फर्जी कवर छापने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** फर्जी एनसीईआरटी किताबों के कवर छापने की एक अवैध फैक्ट्री का पुलिस व एनसीईआरटी की संयुक्त टीम ने भंडाफोड़ किया है। मौके से पुलिस ने 256 क्विंटल पेपर बरामद किया है। फर्जी एनसीईआरटी किताबों के छपने से करोड़ों रुपये के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा था। फैक्ट्री में एनसीईआरटी का होलोग्राम इस्तेमाल कर फर्जी कवर बनाए जा रहे थे।

एनसीईआरटी के दिल्ली मुख्यालय की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ रामनगर रोड स्थित एक पेपर मिल में छापा मारा। जहां टीम ने चेकिंग के दौरान अनाधिकृत रूप से एनसीईआरटी का होलोग्राम इस्तेमाल कर बनाए गए कुल 256 क्विंटल अवैध पेपर बरामद किए। टीम ने होलोग्राम बनाने वाली मैश को भी सीज किया। एनसीईआरटी की टीम मामले में पुलिस को एक तहरीर सौंपने की तैयारी कर रही है। कोतवाल आशुतोष सिंह ने बताया कि एनसीईआरटी की टीम ने अवैध कागज के संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम में एनसीईआरटी, दिल्ली से सीनियर ऑफिसर आर सेलवराज, अंडर सिक्योरिटी अफसर हरीश छपरा, असिस्टेंट प्रोडक्शन ऑफिसर ओम प्रकाश, अभिषेक शामिल रहे।

किताबों के बरामद फर्जी पेपरों के साथ एनसीईआरटी की टीम व पुलिस।

## यमुना में डूबने से दो युवकों की मौत

**देहरादून।** विकासनगर के पास यमुना नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार को सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम ने संभावित स्थानों पर दोनों युवकों की तलाश की। टीम ने दोनों युवकों के शवों को बरामद कर पुलिस को सौंप दिया गया। मृतकों की शिनाख्त संदीप राणा पुत्र दीवान सिंह राणा (24) निवासी जयनगर छतरपुर (ऊधमसिंह नगर) और ऋतिक उपाध्याय पुत्र कमलेश उपाध्याय (23) निवासी कनालीछीना (पिथौरागढ़) के रूप में हुई। दोनों युवक सेलाकुई में टाल ब्रोश कंपनी लांघा रोड में कार्य करते थे। दोनों अपने दोस्तों के साथ यमुना में नहाने आए थे। इस दौरान दोनों तेज बहाव में बह गए।

# सत्ता में आने वाले आपदा के समय नहीं दिखते

संवाददाता रामनगर

- प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर किया पलटवार

**अमृत विचार:** कांग्रेस की न्याय रैली में महासचिव प्रियंका गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भाजपा को घेरा। कहा कि देवभूमि की जनता को भ्रमित कर सत्ता में आने वाले आपदा के वक्त नहीं आते हैं। अबकी बार मोदी सरकार पर पलटवार करते हुए उन्होंने जनता का आह्वान किया कि वह अबकी बार जनता की सरकार चुनें।

शनिवार को पीरूमदारा के किसान इंटर कालेज के मैदान से प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड की तीन संसदीय सीटों के मतदाताओं को संबोधित किया। कहा कि वह खुद, भाई और उनके बच्चे भी देहरादून में ही पढ़े। 13 साल की उम्र से रामनगर आ रही हैं। जब भी आती हूं, सिद्धबली मंदिर के दर्शन जरूर करती हूं। उन्होंने अग्निवीर योजना और इलेक्टोरल बॉन्ड पर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जुमलेबाजी में दस साल गुजार दिए, पर कांग्रेस को कोस रहे हैं। कहा कि जब भी वह उत्तराखंड ओर हिमाचल आए तो इन प्रदेशों को देवभूमि बताते हुए कहा कि मैं इस भूमि को बार-बार प्रणाम करता हूं। लेकिन हिमाचल में जब कांग्रेस की सरकार बनी और पिछले साल वहां दैवीय आपदा आई। पहाड़ टूटे, मंदिर टूटे, लोगों के घर टूटे लेकिन केंद्र ने हिमाचल को एक पैसे की मदद नहीं की। कहां गया उस समय उनका देवभूमि के प्रति प्रेम ?

उन्होंने पौड़ी गढ़वाल प्रत्याशी गणेश गोदियाल, नैनीताल ऊधमसिंह नगर प्रत्याशी प्रकाश जोशी, अल्मोड़ा प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से जिताने की अपील की। रामनगर में प्रियंका गांधी ने कहा कि किसानों को सरकार परेशान कर रही है। किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर डटे रहते हैं तो सरकार उनकी बिजली, पानी काट देती है। किसान अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते हैं तो प्रधानमंत्री विदेश के भ्रमण पर चले जाते हैं।

रामनगर के पीरूमदारा में जनसभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी।

# 108 एंबुलेंस का ब्रेक हुआ फेल मरीज और कर्मचारी बचे

संवाददाता, लोहाघाट/ चम्पावत

**अमृत विचार :** मरीज को अस्पताल ले जा रही बाराकोट की 108 आपातकालीन एंबुलेंस का ब्रेक फेल हो गया। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से नया वाहन देने की मांग की है।

शनिवार को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रकाश सिंह अधिकारी की तबीयत खराब होने पर 108 एंबुलेंस काकड़ से उन्हें हॉस्पिटल को ले जा रही थी। दो किलोमीटर चलने के बाद एंबुलेंस का ब्रेक फेल हो गया। ज्येष्ठ प्रमुख नंदा बल्लभ बगौली ने बताया कि शनिवार को 108 एंबुलेंस मात्र 2 किमी चली ही थी कि उसके ब्रेक फेल हो गए। चालक ने सूझबूझ का परिचय देकर वाहन को पैराफिट से टकराकर जैसे तैसे वाहन को रोका, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

बगौली ने बताया कि पूर्व में भी बाराकोट को जो 108 वाहन वाहन दिया गया था वह लाते ही खराब हो गया था। उसके बदले स्वास्थ्य विभाग ने दूसरा वाहन दिया जो धक्का देकर स्टार्ट होता है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उन्होंने सीएमओ को पूर्व में दे दी गई थी।

# खनन रोकने गई टीम पर पथराव, गाड़ी के शीशे तोड़े

संवाददाता, रामनगर

- कालूसिद्ध गेट के रास्ते पर तीन वाहनों को रोकने पर खनन माफिया ने किया हमला

**अमृत विचार :** खनन माफिया पर कार्रवाई करने गई तराई पश्चिमी वन प्रभाग के दो रेंजों की संयुक्त टीम पर शनिवार दोपहर कई लोगों ने पथराव कर दिया। हमलावरों ने एक सरकारी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। वन कर्मियों की ओर से बराबर मुकाबला किये जाने पर आरोपी भाग गए। वन विभाग ने बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में तहरीर दी है।

वन प्रभाग की रामनगर रेंज और आमपोखरा रेंज की संयुक्त टीम एसओजी को साथ लेकर अवैध खनन पर कार्रवाई करने पहुंची थी। टीम ने कालूसिद्ध गेट के रास्ते पर तीन वाहनों को अवैध खनन पर रोका तो ड्राइवरों ने वाहन भगा दिए। संयुक्त टीम ने पीछा कर इन वाहनों को पकड़ लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम नदी में पहुंची, जहां देवघाट पर अवैध खनन चलते देखा व एक बैक कराहा पकड़ लिया गया। इसी बीच खनन माफिया के पक्ष से कई लोग वहां पहुंच गए और वन विभाग की टीम पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में आमपोखरा रेंज के वाहन के शीशे टूट गए। वनकर्मी साहस कर उनके पीछे भागे, लेकिन हमलावर भाग गए। वनकर्मियों ने हमलावरों के खिलाफ बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस में तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए देर रात तक वनविभाग की टीम पुलिस चौकी पर जमी थी।

इस संबंध में पीसी आर्या, डीएफओ, तराई पश्चिम वन प्रभाग का कहना है कि तराई पश्चिमी वन प्रभाग की संयुक्त टीम ने एसओजी के साथ देवघाट में अवैध खनन पकड़ा तो आरोपियों ने पथराव कर दिया। बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में छह नामजद और 10-15 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। अगर रविवार को मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो पुलिस के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया जाएगा।

माफिया के हमले में टूटा वन कर्मियों के वाहन का शीशा।

# रीता की मौत प्रकरण में पति पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में हुए रीता मौत प्रकरण में पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ने दामाद पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

बाकराबाद थाना मिलक रामपुर यूपी निवासी श्रीति ने बताया कि उसकी बेटी रीता ने चार साल पहले बहेड़ी बरेली के रहने वाले उमेश कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। कुछ समय तक सब कुछ ठीक रहा। इसके बाद दामाद बेटी पर शक करने लगा और आए दिन शराब पीकर मारपीट करने लगा। आरोप था कि कुछ माह पहले प्लॉट खरीदने के नाम पर दामाद बेटी से 40 हजार रुपये लाने का दबाव बनाने लगा। इसी बात को लेकर बेटी कई बार मायके आकर भी रहने लगी। इसके बाद दामाद झूठ बोलकर बेटी को अपने साथ थाना ट्रांजिट कैंप आकर रहने लगा। गुरुवार की सुबह पता चला कि बेटी का शव जिला अस्पताल में पड़ा हुआ है और गले में फंदे के निशान हैं। मृतक की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी की मौत का दोषी दामाद को ठहराया।

### मोदी, योगी और शाह कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं, अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां

# पहले चरण के मतदान को 5 दिन बाकी, सत्तापक्ष-विपक्ष ने प्रचार में झोंकी ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। राज्य की 8 सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र पांच दिन शेष हैं। ऐसे में इन चंद दिनों में खासकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का घमासान देखने को मिलेगा। इस बीच जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रहें हैं। वहीं, देर से ही सही लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के उप्र. प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

वहीं, भाजपा के सहयोगी दल भी उप्र. के चुनावी रण में खूब पसीना बहा रहे हैं। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको उप्र. के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही राहुल और अखिलेश संयुक्त रैली कर सकते हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों संयुक्त प्रचार की रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी उप्र. की कई सीट समेत कुल 8 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल है। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा की अंदरूनी कलह पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है।

#### प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता नि:संदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि, एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि, उत्तर प्रदेश मंथ विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

#### विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि, पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की माने तो इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी अंडर करंट पर निर्भर रहें।

## सार-संक्षेप

### वृद्धा आश्रम की सीसीटीवी से होगी निगरानी

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धा आश्रम में अब कर्मियों की मनमानी पर विराम लगाने की तैयारी कर ली है ताकि बुजुर्गों की देखरेख और बेहतर तरीके से हो सके। प्रदेश के सभी 75 वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे और इसका कंट्रोल रूम निदेशालय में बनाया जाएगा। कंट्रोल रूम में बैठकर आश्रम के क्रियाकलापों पर नजर रखी जाएगी। समाज कल्याण विभाग के 75 वृद्धा आश्रम में लगभग साढ़े छह हजार बुजुर्ग हैं। सबसे अधिक बुजुर्ग अलीगढ़ में हैं। बुजुर्गों को नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन तय मैन्यु के हिसाब से दिया जाता है। प्रयास किया जाता है कि नाश्ते से लेकर भोजन में पौष्टिक आहार बुजुर्गों को दिया जाए। साथ ही मौसमी फल भी उनको दिया जाता है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण भी 15 दिन में कराया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम आश्रमों में जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करती है।

### एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं को मिले 368.76 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोरखपुर, पूर्वांचल, गंगा और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। औद्योगिक विकास विभाग ने इसके लिए 368 .76 करोड़ की धनराशि जारी की है। शासन ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए धनावंटन-50-50 करोड़ की धनराशि दी है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना की कुल लागत 23349 .37 करोड़ है, जिसमें से अबतक 13303 .10 करोड़ भुगतान मिला है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए लोन पर ब्याज 135 .25 करोड़ दिया गया है। गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना में भूमि खरीद के लिए लोन पर ब्याज 47 .96 करोड़, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए लोन पर ब्याज के लिए 130 .97 करोड़, गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना में मूल धन की तिमाही किश्त के रूप में 45 .97 करोड़, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे परियोजना के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय संस्थाओं को भुगतान के लिए 40 .38 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

### अमरमणि का नौतनवा स्थित मकान कुर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** 2001 में बस्ती में एक व्यापारी के बेटे के अपहरण के मामले में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस ने अमरमणि त्रिपाठी के नौतनवा स्थित आवास को कुर्क कर दिया है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। पूर्व मंत्री अमरमणि बस्ती जिले के एक व्यापारी के बेटे के हुए अपहरण के मामले में आरोपी हैं। वह इस मामले में फरार चल रहे हैं। बस्ती के अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट ने फरार चल रहे अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था।

### देवरिया में कुत्तों के हमले में 4 साल की बच्ची की मौत

**देवरिया, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र में अमेठी माता मंदिर के पास शनिवार को आवारा कुत्तों के हमले में घुमंतू परिवार की चार साल की बच्ची की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में अमेठी माता मंदिर के पास शंकर नामक व्यक्ति पिछले कई महीनों से अस्थायी झोपड़ी बनाकर अपने परिवार के साथ रह रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह जब परिवार के सदस्य आजीविका के लिए भीख मांगने निकले तो आवारा कुत्तों ने उनके पीछे आ रही उनकी चार साल की बेटी पर हमला कर दिया।

### रामनवमी से पहले सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में होने वाली भीड़ को देखते हुए देश और यूपी की समस्त सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। एनआई, एटीएस के अलावा यूपी पुलिस भी अयोध्या की प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इस संबंध में मुख्य सचिव ने भी बैठक कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ीं बारीकियां भी परखी। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

# आपराधिक छवि वाला व्यक्ति सर्वोच्च पद का हकदार नहीं

### एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की विशेष टिप्पणी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पदोन्नति से जुड़े एक मामले पर अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि पदोन्नति वाले उम्मीदवार की उपयोगिता कई कारकों पर निर्भर होती है।

सेवा न्यायशास्त्र में एक नियोक्ता का प्रयास हमेशा यह होना चाहिए कि जिस उम्मीदवार की पदोन्नति की जा रही है, वह योग्यता के अलावा सभी दृष्टिकोणों से उपयुक्त हो और अगर नैतिक अधमता से जुड़े आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए उम्मीदवार को पदोन्नति दी जाती है तो निश्चित रूप से इससे न केवल समाज में गलत संदेश जाएगा बल्कि छात्रों के अबोध मन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ेगा, साथ ही संबंधित संस्थान के प्रशासन पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता है। वर्तमान मामले में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम, 1982 की धारा 18 के तहत वर्ष 2019 से संस्था के प्राचार्य के रिक्त पद को संभालने का कार्यवाहक प्रभार सबसे वरिष्ठ व्याख्याता होने के नाते याची को दिया गया था, लेकिन अपनी मां के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण याची ने पद संभालने से मना कर दिया। परिणामस्वरूप विपक्षी को प्राचार्य का कार्यवाहक प्रभार दिया गया,लेकिन याची की मां की मृत्यु होने के बाद उन्होंने अपने दावे पर पुनर्विचार करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को एक अभ्यावेदन दिया, लेकिन इसे इस आधार पर खारिज किया गया कि एक बार दावा छोड़ने पर वह पुनः देय नहीं हो सकता। इसके बाद याची ने अन्य स्तरों पर भी प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। तभी एक आपराधिक मामले में विपक्षी को दोषी ठहराया गया। प्रशासनिक अनिश्चितताओं के कारण संस्थान ने कार्यवाहक प्राचार्य के रूप में याची का नाम आगे बढ़ने का निर्णय लिया, लेकिन तभी आश्चर्यजनक रूप से प्रबंधन समिति ने दोषी विपक्षी को न केवल सेवा में बहाल किया बल्कि कार्यवाहक प्रिंसिपल का प्रभार देने का समर्थन भी किया। हालांकि कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि विपक्षी गंभीर सार्वजनिक अपराध का दोषी है। नैतिक अधमता से जुड़ी सजा किसी व्यक्ति को सर्वोच्च पद संभालने का अधिकार नहीं देती है। अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक,बस्ती तथा अपर शिक्षा निदेशक द्वारा पारित आदेश को निरस्त कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने अशोक कुमार पांडेय की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

## आगरा में पति ने की पत्नी की चाकू मार कर हत्या

**आगरा,अमृत विचार :** थाना सदर क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में पति और ससुरालीजनों पर विवाहिता की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनाक्रम के अनुसार मंजू का पति गोविंद के साथ शुक्रवार को देर रात्रि किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। मंजू ने इस बात की सूचना अपने भाई को दी थी। सूचना पर भाई मंजू के पास पहुंचा था। मृतका के भाई ने बताया कि उसने अपनी बहन को कहा कि मुझे ड्यूटी पर जाना है, तुम कमरे के अंदर से दरवाजा बंद कर कुंडी लगा लेना। भाई यह कह कर चला गया। सुबह लौटा तो दो सिपाही बहन के घर के बाहर थे और उसका शव पड़ा हुआ था। मंजू के भाई ने बताया कि बहन को बेरहमी के साथ मारा गया है। उसके चेहरे और शरीर पर चाकू से वार के निशान थे। भाई के मुताबिक, मंजू के तीन बच्चे हैं। वह नर्स का काम करती थी। उसके पति गोविंद और गोविंद के पिता कुंवर पाल एवं मां ने ही इस घटना को अंजाम दिया है।

## बासी खाने से फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए 35 लोग

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर गांव में शुक्रवार को दावत में आए लोगों ने बासी खाना खा लिया। इससे देर रात सभी फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गये । एक-एक करके 35 लोग इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराए गये। इलाज के करीब दो घंटे बाद जब मरीजों की हालत सामान्य होना शुरू हुई। तब जाकर डाक्टरों ने राहत की सांस ली। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट रामआसरे वर्मा व क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र तत्काल मौके पर पहुंचे और मरीजों का हालचाल जाना।

रामसनेहीघाट क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर मजरे सादुल्लापुर गांव में राहुल कुमार के घर में बच्चे का मुंडन संस्कार था। शुक्रवार को रिश्तेदार व अन्य लोग पहुंचे थे। दिन में सभी कोटवा सड़क मुंडन कराने निकले और देर शाम वापस लौटे। लौटने के बाद सभी ने दिन का बचा खाना खा लिया। देर रात करीब 2 बजे सभी लोगों को उल्टी, पेट दर्द और दस्त की शिकायत शुरू हुई।

#### दूषित मिठाई खाने से 11 लोगों की बिगड़ी हालत

**गंजडुण्डवारा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र सुन्नगढ़ी में मिठाई खाने से 11 लोगों की हालत बिगड़ गई जिन्हें उपचार के लिए कस्बा गंजडुण्डवारा के पटियाली रोड स्थित प्राईवेट अस्पताल लाया गया। सुन्नगढ़ी थाना क्षेत्र के रारा गांव निवासी नूर मोहम्मद के पुत्र सुल्तान से शादी पक्की करने कनोई से लोग आए थे।जिनके आवभगत के लिए सुल्तान दोपहर मे कस्बे के सहावर रोड स्थित मुख्तयार मिष्ठान भण्डार से मिठाई लेकर आया था।पक्की के कार्यक्रम के बाद जैसे ही शाम 7 बजे उनकी आवभगत मे वह मिष्ठान परोसा गया।मिष्ठान खाते ही थोड़ी देर मे सभी की हालत बिगड गई और इसका सेवन करने वाले 11 लोग उल्टी,सिरदर्द,दस्त की शिकायत से पीडित हो गये।जिसमें चार बच्चे,चार पुरुष व 3 महिलाएं शामिल थी। जिन्हें परिजनों द्वारा कस्बे के एक प्राइवेट हास्पिटल मे भर्ती कराया गया।

# भाजपा का संकल्प पत्र आज जारी होगा

नई दिल्ली/लखनऊ, ब्यूरो

- **भाजपा मुख्यालय में प्रात : 8.30 बजे मोदी जारी करेंगे संकल्प पत्र**

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव में लगभग सभी राजनीतिक दलों द्वारा अनुसूचित वर्ग के मतों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने सबसे सटीक उपाय अपनाया है। इसके तहत अंबेडकर जयंती पर भाजपा अपना चुनावी संकल्प पत्र जारी करने जा रही है। पार्टी मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में रविवार को सुबह 8.30 बजे संकल्प पत्र जारी होगा। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सामाजिक न्याय मंत्री डा. वीरेंद्र खटीक सहित तमाम राष्ट्रीय नेता होंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र 5 अप्रैल को जारी होना था लेकिन एक रणनीति के तहत इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया गया था। अब अंबेडकर जयंती पर इसे जारी किया जाएगा। रविवार को लोकसभा परिसर सहित देश भर में जगह-जगह अंबेडकर जयंती पर तमाम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उसी कड़ी में भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र जारी होने का एक वर्ग विशेष में अच्छा संदेश जाएगा।

भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र बनाने वाली समिति का अध्यक्ष पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बनाया है। इस कमेटी में 27 सदस्य शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस समिति का संयोजक बनाया गया है।

गुजरात, असम और मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री क्रमशः भूपेंद्र पटेल, हिमंता बिस्वा सरमा, डॉ. मोहन यादव के अलावा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी इस समिति में शामिल किया गया। भाजपा को अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने के लिए मिस कॉल अभियान के जरिए 3.75 लाख और नमो ऐप के जरिए 1.70 लाख सुझाव मिले।

# खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में एक नई प्रेरणा, प्रकाश का स्रोत है बैसाखी: मुख्यमंत्री

लखनऊ स्थित नाका गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेकते मुख्यमंत्री ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह महाराज ने वर्ष 1699 में देश और धर्म की रक्षा के लिए शक्तिपुंज के रूप में खालसा पंथ की स्थापना की, जो आज दुनिया में बिना रुके, डिगे, झुके धर्म की ध्वज पताका को गौरव के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। बैसाखी का पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में एक नई प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बैसाखी के अवसर पर राजधानी के नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इससे पहले उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को मत्था टेका और प्रदेशवासियों संग सिख भाइयों-बहनों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा आदि मौजूद रहे।

### चुनाव ड्यूटी से पति-पत्नी में किसी एक को मिलेगी छूट

**लखनऊ, अमृत विचार :** चुनाव ड्यूटी में लगे पति-पत्नी में किसी एक को ड्यूटी से छूट मिलेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए जारी आदेश जारी किया है। आयोग के आदेश के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि सरकारी कर्मियों में पति व पत्नी दोनों अगर चुनाव ड्यूटी मैं लगाए गए हैं तो दोनों में किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्ति मिल सकेगी। प्रार्थना पत्र के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी इस पर निर्णय लेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने कर्मचारी संगठनों की ओर से सरकारी सेवा में कार्यरत पति व पत्नी दोनों को चुनाव ड्यूटी में लगाने की शिकायत के बाद नए निर्देश जारी किए हैं। उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने निर्वाचन आयोग से इस सिलसिले में शिकायत की थी।

### जांच के लिए खनन निदेशालय पहुंची एसटीएफ

**लखनऊ।** खनन निदेशालय में आग लगने की घटना की जांच के लिए एसटीएफ की टीम शनिवार दोपहर खनन निदेशालय पहुंची। इस दौरान एसटीएफ ने वहां के कई अफसर से पूछताछ की। कर्मचारियों को भी मौके पर बुलाया गया और उनके बयान लिए गए। इसके अलावा गेट पर रखे रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया।

## वर्ग पहेली-39

**बाएं से दाएं**

1. दुगना, दूना।
3. दे. ऐलबम।
5. रिकार्ड किए संगीत को बजाने का उपकरण (जो उत्कृष्ट स्वर उत्पन्न करता है)।
7. क्षार, खार।
9. 1. संगीन अपराधियों को रखने के लिए कारावास में बनी बहुत छोटी और अँधेरी कोठरी 2. बहुत छोटा और अँधेरा कमरा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दस का मान या भाव 2. लिखे हुए अंकों की गिनती के क्रम में दाहिनी ओर से दूसरे स्थान पर आने वाला अंक जिसका मान पहले अंक से दस गुना होता है।
4. 1. शक्तिशाली, ताकतवर 2. महारथी।
6. 1. वह मादा खच्चर जो मिस्र के हाकिम ने मुहम्मद साहब को भेंट की थी 2. मुहर्रम की आठवीं तारीख़ को जुलूस के साथ निकाला जाने वाला वह कोतल घोड़ा जिसके साथ शिया मुसलमान मातम करते हुए चलते हैं।
8. 1. नाम संबंधी 2. केवल नाम मात्र का जिसका वास्तविक तथ्य से कोई संबंध न हो, (नॉमिनल)।



### वर्ग पहेली -38 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | का | ला | ■ | 2 गि | ■ | ■ |
| मे | ■ | ■ | 3 धु | न | की | ■ |
| ष | ■ | 4 ज | क | ना | ■ | 5 उ |
| ■ | 6 नु | ■ | धु | ■ | ■ | प |
| 7 वै | मा | नि | की | ■ | ■ | च |
| ■ | इ | ■ | ■ | ■ | ■ | रि |
| 8 बे | श | र | मी | ■ | ■ | त |

**सुडोकू -118**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 9 | |
| 6 | | 2 | | | | | 7 | |
| 9 | | | 4 | | | 5 | | |
| 4 | | 7 | | | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 5 | 9 | | 6 | | | 3 |
| | | 8 | | | 2 | | | 7 |
| | 9 | | | | | 2 | 5 | |
| | 1 | | | | 3 | | | |

### सुडोकू -117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 11 .43 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 15 अप्रैल 01 .35 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

**वृष** — आज यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। दिन लिए काफी खर्चीला रहेगा।

**मिथुन** — आज आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। दोस्ती प्रेम संबंधों में बदल सकती है।

**कर्क** — आज आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिए। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिए। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज प्रेमीजन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे।

**कन्या** — आज पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है। सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। मन काफी चंचल रहेगा,लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे।

**तुला** — आज लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

**धनु** — आज काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक संबंध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा। आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे।

**मकर** — आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिए। आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी,किंतु आपके चलते हुए कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है।

**कुंभ** — आज आपको अपने मान-सम्मान की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। संतान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें।

**मीन** — आज नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कातिलों के कातिल — दोपहर : 12 .00
- मिस्टर नटवर लाल — रात : 08 .38

&pictures
- राधे — सुबह : 11 .14
- टॉइलेट-एक प्रेम कथा — शाम : 04 .57

SONY PIX
- बुलैट ट्रेन — सुबह : 09 .34
- द अनहोली — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- रक्षा बंधन — सुबह : 11 .30
- खिलाड़ी — रात : 08 .30

StarGold SELECT
- मेड इन चाइना — सुबह : 09 .30
- बैंग बैंग — शाम : 06 .30

**आज की सुपरहिट फिल्म**

एंड पिक्चर्स पर शाम : 04 .57 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है,वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,244 .90 | 22,519 .40 |
| गिरावट | 793 .25 | 234 .40 |
| प्रतिशत में | 1.06 | 1.03 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, रविवार, 14 अप्रैल 2024

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1840, राज श्री 1320, फ़ॉर्चून कि . 1810, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1420, सचिन 1590, सूरज 1445, अवसर 1655, राग गोल्ड 1690, गृहणी 1595, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1715, आशीर्वाद मस्टर्ड 1730, स्वास्तिक 1820 । किराना- ( प्रतिकु . ) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600,हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7175-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500 । चीनी- डालमियां 4060, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4020 (नयी)।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890**
**रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170**

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 84900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74250 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 55300-55500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 74,250 |
| सोना रवा | 74,100 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,100 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72500 |
| सिल्वर ( पक्की) | 810 (अनुमानित ) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,600 |
| चांदी आभूषण | 82,300 |

# दालों की जमाखोरी पर सख्त हुई सरकार

## खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने भंडारन में लिप्त पाए जाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को चेतावनी दी कि दालों के भंडारन में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। यह चेतावनी 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन से पहले आई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ बातचीत के दौरान उद्योग को यह चेतावनी जारी की गई।

उद्योग जगत की प्रतिक्रिया और विभिन्न बाजारों के व्यापारियों के साथ स्टॉक की स्थिति से संबंधित बाजार खुफिया जानकारी को आगे के सत्यापन के लिए एकत्रित किया गया है। सरकार द्वारा व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े लोगों के साथ बातचीत में दालों के भंडारन का मामला सामने आया है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खुदरा विक्रेताओं और अन्य प्रोसेसरों को इस वर्ष 01 अप्रैल से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक स्थिति घोषित करनी होगी। यह समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और आवश्यक खाद्यान्नों और दालों की कीमतों की जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए किया जा रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने 15 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की श्रृंखला के दौरान इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति दालों के वायदा कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रमुख बंदरगाहों और दाल उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में स्टॉक को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यांगून में भारतीय मिशन के साथ म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों जैसे कि संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों द्वारा रखे गए स्टॉक के मद्देनजर आयात की कीमतें पर भी चर्चा की। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि भारतीय मिशन ने बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने और उन्हें और अधिक कुशल बनाने के लिए 25 जनवरी 2024 से रुपया क्यात निपटान तंत्र चालू किया गया है। मंत्रालय के अनुसार सेंट्र बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी 2024 को विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।



### म्यांमा से दालों का आयात भुगतान को सरकार ने बनाया सरल

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

## बिजली की बढ़ी मांग गैस संयंत्रों को दो माह चालू रखने के निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है।

गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी में 260 गीगावाट अधिकतम मांग का अनुमान लगाया है। यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं।

## रियल एस्टेट में विदेशी निवेश की भारी गिरावट जनवरी-मार्च में आए सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया।

रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, रियल एस्टेट में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 44.69 करोड़ डॉलर से 21 प्रतिशत अधिक है। वेस्टियन के सीईओ श्रीनिवास राव ने कहा कि घरेलू निवेशक भारत की वृद्धि गाथा को लेकर उत्साहित हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करना जारी रख रहे हैं।

## आशियाना हाउसिंग गुरुग्राम के 15 मिनट में बिके 224 फ्लैट

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी आशियाना हाउसिंग ने गुरुग्राम में परियोजना शुरू करने के 15 मिनट के भीतर 224 लग्जरी फ्लैट 440 करोड़ में बेच दिए। यह परियोजना गुरुग्राम के सेक्टर 93 में स्थित है। आशियाना हाउसिंग के संयुक्त प्रबंध निदेशक ने कहा कि हम मिली इस प्रतिक्रिया से खुश हैं। हमने सुबह 11 बजे पंजीकरण शुरू किया और हमें 11.15 बजे तक 224 इकाइयों के लिए 800 चेक मिल गए थे।

## पुणे में जीसीसी का ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू

**नई दिल्ली।** स्पेशिलिटी केमिकल क्षेत्र की कंपनी लुब्रीजोल ने एक रणनीतिक केंद्र के रूप में पुणे में एक नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि एम्बेसी टेक जोन, हिंजेवाड़ी, पुणे में स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लुब्रीजोल के नई सुविधा का हिस्सा है। जीसीसी कैम्पस लीड गोल्ड प्रमाणित है और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल को सक्षम बनाने के लिए उपयुक्त है। ग्राहक अनुभव केंद्र लुब्रिजोल के विज्ञान बारे में जानकारी देता है। इंजीनियरिंग, सप्लाय चेन, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, लीगल आणि ह्यूमन रिसोर्स में काम करने वाले 200 से अधिक कर्मचारियों को अगले वर्ष जीसीसी में नौकरी मिलने की उम्मीद है।

## पेट्रेगैज इंडिया ने एलपीजी आयात भंडारण टर्मिनल किया चालू

**चेन्नई, एजेंसी**

पेट्रेडेक समूह की अनुषंगी कंपनी पेट्रेगैज इंडिया ने अपना नया अत्याधुनिक एलपीजी आयात और भंडारण टर्मिनल चालू किया है। कंपनी ने शनिवार को कहा कि इसे 600 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया गया है।

आंध्र प्रदेश के कृष्णापट्टनम में अडाणी कृष्णापट्टनम निजी बंदरगाह के भीतर स्थित नई इकाई से निजी विपणनकर्ताओं के साथ-साथ आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और वाहन क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लाभ होगा। कंपनी ने बयान में कहा कि यह इकाई पेट्रेगैज को एलपीजी विपणन के लिए लागत प्रभावी और भरोसेमंद समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाती है। इस इकाई की वार्षिक क्षमता 15 लाख टन से अधिक है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिमाचल प्रदेशः चार माह बाद खुले चूड़धार मंदिर के कपाट, यात्रा प्रारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में 11 हजार 965 फीट की ऊंचाई पर स्थित चूड़धार मंदिर के कपाट शनिवार से भक्तों के लिए खुल गए हैं। इसके साथ ही सर्दियों में करीब चार महीने बंद रहने के बाद चूड़धार की यात्रा आज से प्रसाशनिक तौर एक बार फिर शुरू हो चुकी है। आज वैशाखी की संक्रांति होने के चलते बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहाँ पहुंचे है। बता दें कि हर साल देवता शिरगुल महाराज की तपोस्थली कही जाने वाली चूड़धार चोटी की यात्रा पर दिसंबर माह में आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लग जाता है। दिसंबर महीने में चूड़धार में अत्यधिक बर्फबारी के चलते जहां पारा माइनस से नीचे रहता है, वहीं चूड़धार के रास्तों पर यात्रा में अत्यधिक जोखिम रहता है। जिसके बाद अप्रैल माह में वैशाखी की संक्रांति पर मंदिर के कपाट विधिपूर्वक पूजा-पाठ के साथ खुल जाते हैं।

### डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली, पिता पर मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सोनीपत के लाठ गांव में डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में बच्चे के पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती बच्चे की मां एवं दादा ने पुलिस के सामने बयान दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने बताया कि गोहाना सदर थाना पुलिस ने जांच अधिकारी के बयान के आधार पर बच्चे के पिता के खिलाफ हत्या की कोशिश व शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### गर्मी के मौसम में रेलवे देगी हर स्टेशन पर पेयजल उपलब्धता की गारंटी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने देश के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने की गारंटी के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने गर्मी के मौसम और संभावित लू की आशंका को लेकर स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता की समीक्षा की है और सभी रेलवे जोन को स्थापित मानदंडों के अनुसार यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि सभी मौजूदा वॉटर कूलर कार्यात्मक रहें और यात्रियों की मांग को पूरा करें।

### खराब मौसम के चलते दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** खराब मौसम के कारण शनिवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदला गया। इनमें से नौ उड़ान जयपुर, आठ लखनऊ, दो चंडीगढ़ और 1-1 को वाराणसी, अमृतसर तथा अहमदाबाद भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि जिन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया, उनमें इंडिगो की नौ, एयर इंडिया की आठ और विस्तारा की तीन उड़ानें शामिल हैं। ।

### 966 करोड़ के चुनावी बॉण्ड खरीदने वाली मेघा इंजीनियरिंग पर मुकदमा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ रिश्वत देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे थे और वह इन बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में 78 लाख रुपये की रिश्वत दी। प्राथमिकी में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों को भी रिश्वत लेने के लिए नामित किया गया है।

**भारत-सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन**

# नवोन्मेष की अगली सीमा है एआई : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि आधुनिक प्रक्रियाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से ऐसे जटिल नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनकी व्यापक समीक्षा की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कृत्रिम मेधा 'नवोन्मेष की अगली सीमा' तक ले जाती है तथा अदालती निर्णय प्रक्रिया में उसका इस्तेमाल अवसर और चुनौतियों दोनों ही पेश करता है जिनपर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कृत्रिम मेधा अप्रत्याशित मौके प्रस्तुत करती है लेकिन साथ ही, वह खासकर नैतिकता, जवाबदेही और पक्षपात से संबंधित कई चुनौतियां भी खड़ी करती है तथा इन चुनौतियों के समाधान के लिए भौगोलिक और संस्थानों की सीमाओं से परे वैश्विक पक्षों द्वारा ठोस प्रयास की जरूरत है। वह भारत एवं सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद विषयक दो दिवसीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश सुंदरीष मेनन तथा कई अन्य न्यायाधीश एवं विशेषज्ञ इस सम्मेलन में मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में भी, कानूनी शोध से लेकर मामला विश्लेषण तक और अदालती कार्यवाही की कार्यकुशलता तक, जिस तरह कानूनी पेशेवर काम करते हैं, उनमें बदलाव लाने में कृत्रिम मेधा में विपुल संभावना है।

उन्होंने कहा कि कानूनी शोध के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा पासा पलटने वाले के रूप में उभरी है तथा उसने कानूनी पेशेवरों को असाधारण कार्यकुशलता एवं सटीकता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि चैटजीपैट के आने से यह चर्चा होने लगी है कि किसी मामले में निष्कर्ष पर पहुंचने में कृत्रिम मेधा पर भरोसा किया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं दर्शाती हैं कि हम अदालती निर्णय प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के प्रश्न को टाल नहीं सकते। अदालती कार्यवाही समेत आधुनिक प्रक्रियाओं में एआई के इस्तेमाल से ऐसे नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनपर व्यापक परीक्षण की जरूरत है।



नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रौद्योगिकी और न्यायिक संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ (बाएं) कार्यक्रम में मौजूद भारत के सर्वोच्च न्यायालय और अन्य अदालतों के न्यायाधीश।

# कोलकाता में भीषण आग, 50 झुग्गियां राख

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दमदम रोड पर छाता कोल के पास मेला ग्राउंड में स्थित झुग्गी बस्ती में शनिवार को आग लगने से लगभग 50 झुग्गियां जल कर खाक हो गयीं।

दमदम निर्वाचन क्षेत्र के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पास के पशुशाला में कई मवेशियों की जलकर मौत हो गई।पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने कहा कि आग की बढ़ती लपटों पर काबू पाने के लिए दमकल की करीब 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि संकीर्ण गाली और भीड़भाड़ वाला क्षेत्र होने के कारण अग्निशमन वाहनों को आग के स्रोत का पता लगाने में कठिनाई हुई। बोस ने कहा कि उनका पहला काम आग की लपटों पर काबू पाना और फिर संपत्ति के नुकसान का आकलन करना था। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को देखेगी। माकपा नेता एवं दमदम उम्मीदवार सुजन चक्रवर्ती ने भी इलाके का दौरा किया और लोगों से बात की।

## आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति को प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने से रोका : राहुल

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से रोका गया क्योंकि वह एक आदिवासी हैं और यह भाजपा की सोच को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं संविधान की रक्षा करने वाले और इसे नष्ट करने वालों के बीच की लड़ाई बताया।

### राहुल चुनाव प्रचार में नहीं करेंगे झंडे का प्रयोग

**वायनाड।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यवाहक प्रमुख एम एम हसन ने शनिवार को कहा कि वायनाड में राहुल गांधी के चुनाव प्रचार के दौरान किसी झंडे का इस्तेमाल नहीं होगा। पर्वतीय निर्वाचन क्षेत्र में अगले सप्ताह होने वाले चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस या उसके सहयोगियों के किसी भी झंडे का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

## भारत माता की जय बोलने में झिझक पर भाजपा ने उठाए सवाल

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी द्वारा पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अनुमति के बिना 'भारत माता की जय' बोलने में झिझकने की घटना लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में राजनीतिक विवाद का केंद्र बिंदु बन गई है।

कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा ने इस घटना का फायदा उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की और खुद को राष्ट्रवाद के सच्चे चैंपियन के रूप में स्थापित करने की कोशिश की। विजयेंद्र की टिप्पणियों ने भाजपा की इस कहानी पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस में देशभक्ति के उत्साह की कमी है और वह राष्ट्रवादी भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित है। घटना को ऐसे प्रस्तुत करके भाजपा ने राष्ट्रवादी आदर्शों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को कांग्रेस की दुविधा या झिझक के रूप में चित्रित करने की कोशिश की।

## दिल्ली में बिजली, पानी और बस यात्रा सब्सिडी रहेगी जारी : सक्सेना

- **दिल्ली के उपराज्यपाल बोले- झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से न लें**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के लोगों को आश्वस्त किया है कि गरीबों को मिलने वाली किसी भी तरह की सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से निहित राजनीतिक स्वार्थ के चलते दिए जा रहे बयानों और अफवाहों पर ध्यान न देने के अपील की है।

राज निवास की ओर से जारी एक बयान में शनिवार को कहा गया है कि सक्सेना ने एक विशेष पार्टी के सदस्यों और सरकार के मंत्रियों द्वारा जानबूझकर दिए जा रहे झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पूरी तरह से खारिज किया है। इन बयानों में प्रचार किया जा रहा है कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली सरकार की फ्री बिजली, पानी और महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा से संबंधित योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार और उपराज्यपाल इन योजनाओं को रोक देंगे। सक्सेना ने आश्वस्त किया है कि गरीबों को लाभ मिलने वाली सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

## राजद का वादा, एक करोड़ युवाओं को नौकरी

**पटना, एजेंसी**

- **राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र का दिया है नाम, जनता से किए 24 वादे**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों की बहनों को प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने का वादा किया है। राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है। राजद ने जनता से 24 वादे किए हैं।

यादव ने कहा कि हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। विपक्षी गुट इंडिया की सरकार बनने पर देश के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी । रक्षाबंधन के मौके पर गरीब परिवारों की बहनों को सालाना एक लाख रुपये देना शुरू करेंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू करने और एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा किया। 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे। घोषणापत्र में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, पांच वर्षों में बिहार में चौमुखी विकास के लिए एक लाख 60 हजार करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता दिए जाने, देश भर में जातिगत गणना कराने, आरक्षण की सीमा बढाकर 75 प्रतिशत करने की बात कही गई है।

## शिअद ने जारी की 7 नामों की सूची

**चंडीगढ़, एजेंसी**

- **शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के चुनावी मैदान में उतारे उम्मीदवार**

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पंजाब के लिए शनिवार को सात उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। शिअद ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा को आनंदपुर साहिब से और दलजीत सिंह चीमा को गुरदासपुर से प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा शिअद ने पूर्व विधायक एन के शर्मा को पटियाला, पूर्व मंत्री अनिल जोशी को अमृतसर, बिक्रमजीत सिंह खालसा को फतेहगढ़ साहिब, राजविंदर सिंह को फरीदकोट और इकबाल सिंह झूंदा को संगरूर सीट से उम्मीदवार बनाया है।

शिअद के नेता दलजीत सिंह चीमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने संसदीय चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों के रूप में पार्टी के सात वरिष्ठ नेताओं की सूची की घोषणा की है। 'खालसा सृजन दिवस' के ऐतिहासिक एवं पवित्र अवसर को प्रत्याशियों की घोषणा के लिए सबसे उपयुक्त दिन के रूप में चुनते हुए, उन्होंने पहली सूची जारी की है। शिरोमणि अकाली दल 1996 के बाद पहली बार अपने दम पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगा। शिअद ने 1996 में भाजपा के साथ गठबंधन किया था। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाली पार्टी ने अब निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों को लेकर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोड़ दिया था।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 06 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 266 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

# घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है।

मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने के लिये निर्णायक साबित हो सकते हैं। दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित होगा। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया। नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाये। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। अंडर 19 विश्व कप 2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाये। वह अच्छी पारी खेलने को बेताब होंगे। मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दे डाले। दूसरी ओर लखनऊ को तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी जगह खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ नाकाम रहे। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होगी। वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या जैसे उम्दा स्पिनर भी है।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।**

## टी20 विश्वकप के आधिकारिक गान के लिए तैयार पॉल व केस

**दुबई।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता सीन पॉल और सोका सुपरस्टार केस एक जून को शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक गान के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज और यूएसए में आयोजित टूर्नामेंट में फेंकी जाने वाली पहली गेंद से 50 दिन पहले आईसीसी ने आधिकारिक गान की घोषणा की है। आने वाले हफ्तों में यह गान लॉन्च के लिए तैयार होगा जिसका ट्रैक माइकल 'टैनो' मोंटानो ने बनाया है।

## खेल डायरी

### कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय दौड़ में बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाशिच को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा। प्रज्ञानानंदा का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी। नेपोम्नियाशिच 4 .5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं हैं।

### भाटिया और थीगाला ने कट में प्रवेश किया

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने तेज हवाओं के बीच अच्छा प्रदर्शन करते हुए 88वें आगस्टा मास्टर्स गोल्फ के दूसरे दिन कट में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया संयुक्त 30वें और थीगाला संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने तीन बर्डी और तीन बोगी लगाकर इवन पार 72 स्कोर किया। वह ब्रायसन डि चैम्ब्यू और मैक्स होमा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। वहीं टाइगर वुड्स ने रिकॉर्ड लगातार 24वीं बार कट में प्रवेश किया। वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं।

### राधिका को रजत, शिवानी को कांस्य पदक मिला

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

### बिली जीन किंग कप: भारत न्यूजीलैंड से 1-2 से हारा

**चांगशा (चीन)।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना दूसरा एकल गंवाने के बाद अपनी जोड़ीदार प्रार्थना थोंबारे के साथ निर्णायक युगल मैच हार गईं। जिससे भारत शनिवार को यहां न्यूजीलैंड से 1-2 से पिछड़कर बिली जीन किंग कप के प्ले-ऑफ जगह बनाने के ऐतिहासिक मौके से चूक गया। भारत टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहकर एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में बना रहा। रुतुजा भोसले ने शुरुआती एकल में मोनिका बैरी पर 6-2, 7-6 से जीत दर्ज कर भारत को आगे कर दिया। अंकिता दूसरे एकल मुकाबले में दुनिया के 169 वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लुलु सुन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 2-6, 0-6 से हार गयी।

### मुक्केबाजी में अमित पंघाल भारतीय टीम में

**नयी दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप विजेता शिवा थापा (63 .5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को जगह नहीं मिली है।

### गौरव गिल ओटागो रैली के पहले दिन शीर्ष तीन में

**नयी दिल्ली।** भारत के सबसे तेज रैली ड्राइवर गौरव गिल न्यूजीलैंड में ओटागो रैली के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। जेके टायर के गिल और न्यूजीलैंड के उनके सह-चालक जेरेड हडसन तालिका में शीर्ष पर काबिज जैक हॉक्सवुड से 30 सेकंड जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रॉबी स्टोक्स से 11 सेकंड पीछे है। गिल और हडसन 2022 एपीआरसी चैंपियन और 10 बार के ओटागो रैली विजेता हेडन पैडन की 'हुंडई आई20 एन रैली2 मशीन' चला रहे थे। रैली के 16 चरण में से पहले दिन ड्राइवरों ने आठ विशेष चरणों से होकर गुजरना था। गिल पांचवें चरण में एक गलती कर बैठे जिससे उन्होंने 15 सेकंड गंवा दिया। एपीआरसी के तीन बार के चैंपियन गिल चौथे, सातवें और आठवें चरण को जीतकर खिताब की दौड़ में बने हुए है।

# राजस्थान के हेटमायर ने पंजाब से छीनी जीत

## पंजाब को एक गेंद शेष रहते तीन विकेट से हराया, राजस्थान रॉयल्स के आवेश और महाराज ने दो-दो विकेट झटके

शिमरोन हेटमायर

मुल्लापुंर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को तीन विकेट से शिकस्त दी। पंजाब की पारी को आठ विकेट पर 147 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 39 रन का योगदान दिया। शिमरोन हेटमायर ने आखिरी ओवरों में 10 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। पंजाब के लिए कगिसो रबाडा और सैम करेन ने दो-दो विकेट लिये।

केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 147 रन पर रोक दिया था। महाराज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये। उन्हें आवेश खान (दो विकेट), ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट), युजवेंद्र चहल (एक विकेट) और कुलदीप सेन (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला था। पंजाब की टीम 13वें ओवर में 70 रन पर पांचवां विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी लेकिन आशुतोष शर्मा (31 रन), जितेश शर्मा (29 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (21 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को चुनौती देने लायक स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब को चोटिल कप्तान शिखर धवन की कमी खली। उनकी जगह टीम में आये अथर्व तायडे ने दूसरे ओवर में कुलदीप सेन का स्वागत लगातार दो चौके से कर आक्रामक तेवर दिखाये लेकिन चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये आवेश ने उनकी 12 गेंद में 15 रन की पारी को खत्म किया। पावरप्ले में पंजाब की टीम एक विकेट पर 38 रन ही बना सकी। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये चहल ने प्रभसिमरन सिंह (10 रन) को चलता किया तो अगले ओवर में महाराज ने जॉनी बेयरस्टो (15) का शिकार किया। धवन की जगह टीम की कमान संभाल रहे सैम करेन भी बल्ले से कुछ कमाल नहीं कर सके। वह महाराज का दूसरा शिकार बने। शानदार लय में चल रहे शशांक सिंह और लय तलाश रहे जितेश शर्मा ने 12वें ओवर में महाराज के खिलाफ एक-एक चौके लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की। शशांका हालांकि नौ रन बनाकर सेन की गेंद पर ध्रुव जुरेल को कैच देकर पवेलियन लौट गये। जितेश ने 15वें ओवर में चहल के खिलाफ छक्का जड़ा जबकि अगले ओवर में उन्होंने सेन के खिलाफ गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया। इसी ओवर का अंत लिविंगस्टोन ने चौका और छक्का से किया। आवेश के खिलाफ 17वें ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जितेश रियान पराग को कैच थमा बैठे। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर क्रीज पर आये आशुतोष ने चहल के खिलाफ शानदार छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर संजू सैमसन के शानदार प्रयास से लिविंगस्टोन रन आउट हो गये। आशुतोष को आवेश की गेंद पर 19वें ओवर में जीवनदान मिला।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.436 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

### पंजाब 147/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायडे का सेन बो आवेश | 15 | 12 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का हेटमायर बो महाराज | 15 | 19 | 1/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का जुरेल बो चहल | 10 | 14 | 1/0 |
| सैम करेन का जुरेल बो महाराज | 06 | 10 | 0/0 |
| जितेश शर्मा का पराग बो आवेश | 29 | 24 | 1/2 |
| शशांक सिंह का जुरेल बो सेन | 09 | 09 | 1/0 |
| लिविंगस्टोन रन आउट (कोटियान/सैमसन) | 21 | 14 | 2/1 |
| आशुतोष शर्मा का महाराज बो बोल्ट | 31 | 16 | 1/3 |
| हरप्रीत बराड़ नाबाद | 03 | 03 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-22-1, कुलदीप सेन 4-0-35-1, आवेश खान 4-0-34-2, युजवेंद्र चहल 4-0-31-1, केशव महाराज 4-0-23-2

### राजस्थान 152/7

19 .5 ओवर, अतिरिक्त : 3

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का हर्षल बो रबाडा | 39 | 28 | 4/0 |
| तनुष कोटियान बो लिविंगस्टोन | 24 | 31 | 3/0 |
| संजू सैमसन पगबाधा रबाडा | 18 | 14 | 1/1 |
| रियान पराग का रबाडा बो अर्शदीप | 23 | 18 | 1/1 |
| ध्रुव जुरेल का शशांक बो हर्षल | 06 | 11 | 0/0 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 27 | 10 | 1/3 |
| रोवमैन पोवेल का जितेश बो करेन | 11 | 05 | 2/0 |
| केशव महाराज का लिविंगस्टोन बो करेन | 01 | 02 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 3 .5-0-45-1, रबाडा 4-0-18-2, करेन 4-0-25-2, लिविंगस्टोन 3-0-21-1, हर्षल 2-0-21-1, बराड 3-0-22-0

# चेन्नई और मुंबई के मुकाबले में नजरें धोनी पर

मुंबई, एजेंसी

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा। चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी।

नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलेंगे। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आयेगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं। पांच पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं ।मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिये कठिन चुनौती होगा। खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिये अहम रहेगी। दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। **चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# ऑस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी हारा भारत, सूपड़ा साफ

पर्थ, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5-0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1-5, 2-4, 1-2, 1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किये। भारत ने आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने आस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाये। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई। हरमनप्रीत का यह श्रृंखला में तीसरा गोल था। ऑस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया। हाफटाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया।

# बॉलीवुड हलचल

## परिणीति ने अमर सिंह चमकीला के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म ' ' अमर सिंह चमकीला' ' के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ' ' अमर सिंह चमकीला' ' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिये 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। परिणीति चोपड़ा ने बताया,किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया ।इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। ये बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च, 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।

## एकता कपूर की फिल्म एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म ' 'एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) वर्ष 2010 में प्रदर्शित हुयी थी ।राजकुमार राव की यह बतौर अभिनेता डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा ने भी अहम भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी ऑनर किलिंग, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच पर आधारित थी। एकता कपूर 14 साल बाद अपनी फिल्म एलएसएडी का सीक्वल एलएसडी 2 ला रही हैं। एलएसडी 2 में उर्फी जावेद, बोनिता राजपुरोहित और पारितोष तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत "मैं कैमरे में उस नूर को देख रही हूं जो साड़ी पहनकर राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ले रही है।" डायलॉग से शुरू होती है। फिर दिखाया गया कि कैसे व्यूज के लिए लोग आपस में झगड़ते हैं। व्यूज के लिए एक बेटा अपनी मां को ही जोरदार थप्पड़ मार देता है। ट्रेलर में व्यूज के लिए यंग जेनरेशन के बीच पागलपन और ट्रांसजेंडर्स के साथ यौन हिंसा जैसे मुद्दों की झलक दिखाई गई है। एलएसडी 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म में होगा जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। ऋतिक रौशन इन दिनों वर्ष 2019 में प्रदर्शित अपनी सुपरहिट फिल्म वॉर के सीक्वल वॉर 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में हैं। फिल्म वॉर 2 में दिखाया जाएगा कि जासूस कबीर धालीवाल (ऋतिक) को एक और मिशन पर भेजा जाता है। यशराज बैनर तले अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा ।बताया जाता है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी ने दक्षिण अफ्रीकी एक्शन निर्देशक फ्रांज स्पिलहास के साथ मिलकर इस सीक्वेंस की परिकल्पना की है, जो एक निजी जेट में सेट किया गया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# 100वीं बार चुनाव हार जाऊं, फिर नहीं लड़ूंगा

- देश के सभी चुनावों में नामांकन भर चुके हैं आगरा के हसनूराम अंबेडकरी 'धरती पकड़'

आगरा, एजेंसी

आगरा में तीसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। नामांकन पत्र खरीदने एक ऐसा शख्स भी पहुंचा जो अब तक 98 बार चुनाव लड़ चुका है।

आगरा जिले की खेरागढ़ तहसील निवासी 78 वर्षीय हसनूराम अंबेडकरी 'धरती पकड़' ने सौ बार चुनाव लड़ने का रिकार्ड बनाने को आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीटों से नामांकन पत्र लिए। उन्हें आज तक किसी चुनाव में जीत भले न मिली हो, लेकिन उनके चुनाव लड़ने के जज्बे में किसी तरह की कमी नहीं आई है। हसनूराम आंबेडकरी ने बताया कि वह पहले राजस्व विभाग में अमीन के पद पर थे। उस समय वह वामसेफ में सक्रिय थे। बसपा ने वर्ष 1985 में खेरागढ़ सीट से विधानसभा चुनाव लड़ाने का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने चुनाव लड़ने को अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी। चुनाव के समय उन्हें टिकट नहीं दिया गया। यह बात उनके दिल को चुभ गई। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। बता दें, हसनूराम पेशे से मनरेगा मजदूर हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने को फंड बना रखा है। इसमें वह प्रतिदिन कुछ न कुछ रुपये डालते हैं। नामांकन प्रक्रिया के अतिरिक्त वह चुनाव प्रचार पर एक रुपया व्यय नहीं करते हैं। प्रचार के लिए वह घर-घर संपर्क करते हैं।

## 1985 में लड़ा था पहला चुनाव, हासिल किया था तीसरा स्थान

1985 में फतेहपुर सीकरी के खेरागढ़ विधानसभा सीट से उन्होंने पहला चुनाव लड़ा और 17711 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। तब से अब तक वह हर चुनाव में किस्मत आजमाते चले आ रहे हैं। हसनूराम ने बताया कि वह ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, सहकारी बैंक, विधायक, एमएलसी, सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं। राष्ट्रपति के चुनाव को भी उन्होंने नामांकन किया था। वह 12 बार आगरा ग्रामीण, 13 बार खेरागढ़ और छह बार फतेहपुर सीकरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग चुनाव जीतने को लड़ते हैं, लेकिन वह हार का रिकार्ड बनाने को चुनाव लड़ते हैं। उनका दावा है कि अब तक किसी प्रत्याशी ने इतने चुनाव नहीं लड़े हैं।

# वैसाखी उत्सव को सिख तीर्थयात्रियों का जत्था पाक रवाना

**अमृतसर।** भारत के करीब 2400 सिख तीर्थ यात्री वैशाखी के अवसर पर शनिवार को पाकिस्तान पहुंचे हैं। पाकिस्तानी पंजाब के पहले सिख मंत्री सरदार रामश सिंह अरोरा, इवैक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वाघा बॉर्डर पर भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। ईटीपीबी प्रवक्ता अमीर हाशमी ने बताया कि गुरुद्वारा पुंजा साहिब में आयोजित वैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए भारतीय यहां आए हैं। उन्हें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने तीर्थयात्रियों को 2,975 वीजा जारी किए थे लेकिन यहां सिर्फ 2400 यात्री ही आए हैं।

# एनपीएस में मिलेगा पीपीएफ के मुकाबले ज्यादा टैक्स फायदा

*जो लोग सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में नहीं आते, उनके लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) खुशहाल रिटायरमेंट के अच्छे विकल्प हैं। लेकिन, टैक्स बेनिफिट के मामले में एनपीएस बेहतर है। नेशनल पेंशन सिस्टम में सरकारी कर्मचारी और सामान्य नागरिक दोनों निवेश कर सकते हैं। यहां 18 से 60 साल तक की उम्र के लोग निवेश कर सकते हैं। देश के करीब सभी सरकारी और निजी बैंकों में जाकर इस योजना के तहत खाता खुलवाया जा सकता है। जानते हैं कैसे...*

- एनपीएस बनाम पीपीएफ पीपीएफ सरकार समर्थित इन्वेस्टमेंट स्कीम है। ये गारंटीड रिटर्न देती है। एनपीएस पीएफआरडीए द्वारा रेगुलेटेड मार्केट लिंक्ड इन्वेस्टमेंट प्लान है। इसमें बाजार से जुड़ी एसेट्स के डाइवर्सिफाई पोर्टफोलियो से ऊंचा रिटर्न देने की क्षमता होती है।

## पीपीएफ की 7.1 फीसदी है ब्याज दर

- पीपीएफ के बेनिफिट्स 15 साल के लॉक-इन पीरियड और गारंटीड ब्याज दरों के साथ, पीपीएफ एक विश्वसनीय सेविंग स्कीम है। जोखिम से बचने वाले लोग अक्सर पीपीएफ में निवेश करते हैं। अभी इसकी ब्याज दर 7.1 फीसदी है।
- एनपीएस के बेनिफिट्स इस मार्केट लिंक्ड रिटायमेंट स्कीम में इक्विटी और डेट, दोनों के लाभ मिलते हैं। एनपीएस के लिए न्यूनतम योगदान टियर-1 में 500 रुपए और टियर-2 खातों में 1,000 रुपए तय है। निवेश की अधिकतम निवेश सीमा तय नहीं है। 18 से 60 वर्ष की उम्र तक इसमें खाता खोला जा सकता है।

## दोनों में क्या हैं टैक्स लाभ

दोनों निवेश योजनाएं आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कटौती लाभ के लिए योग्य हैं। हालांकि, टैक्स बचत के मामले में एनपीएस, पीपीएफ से ज्यादा फायदेमंद है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि इसमें धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपए से अधिक की कटौती के अलावा धारा 80 सीसीडी (1बी) के तहत भी 50 हजार रुपए तक अतिरिक्त छूट मिल सकती है।

- रिटायरमेंट के बाद भी आपको नियमित आमदनी होती रहे, इसके लिए रिटायरमेंट प्लानिंग बहुत जरूरी है। अलग-अलग जगह निवेश कर आप अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिहाज से निवेश का एक अच्छा ऑप्शन नेशनल पेंशन स्कीम भी है।
- पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ के शानदार रिटर्न और टैक्स छूट के चलते यह हर किसी का फेवरेट बनता जा रहा है। इसके तहत जो प्रिंसिपल अमाउंट निवेश किया जाता है, उस पर 80सी के तहत टैक्स नहीं लगता है। वहीं इस पर जो ब्याज मिलता है वह भी सेक्शन 10 के तहत टैक्स के दायरे से बाहर रहता है।

## एक नजर

### लिव-इन में रह रहे प्रेमी जोड़े ने सातवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले में लिव-इन रिलेशन में रह रहे एक प्रेमी जोड़े ने अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। दोनों मृतक यूट्यूब पर चैनल चलाते थे। जानकारी के अनुसार, दोनों में झगड़ा हुआ जिसके बाद उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। मृतकों की पहचान गर्वित (25) और नंदिनी (22) के रूप में हुई है। दोनों देहरादून के रहने वाले थे, बहादुरगढ़ के रुहिल में किराए पर रहते थे। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर शिविल अस्पताल में रखवा दिया है, जहां उनका पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। बता दें कि हाल ही में मृतक देहरादून उत्तराखंड से अपनी टीम के साथ फेसबुक पर शॉर्ट फिल्म बनाकर लौटे थे। जिसके बाद टीम रुहिल रेजीडेंसी में रुकी हुई थी। फिलहाल पुलिस टीम जांच में जुटी है।

### आस्ट्रेलिया में चाकू मारकर ली छह लोगों की जान, हमलावर ढेर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित एक शॉपिंग मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। वेस्टफील्ड मॉल के अंदर चाकूबाजी से अफरातफरी मच गई और सैंकड़ों लोग इधर-उधर भागते दिखे। घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और संख्या में और इजाफा हो सकता है। पुलिस ने बताया कि वहां ऑपरेशन चलाकर हमलावर को मार गिराया गया है। मॉल में छह लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में चाकूबाज पर गोली चलाई। बता दें, घटना सिडनी के पूर्वी उपनगरों में एक मॉल की है।

### भूकंप से दहली चीन की धरती, 5.7 की तीव्रता से लगे झटके

**बीजिंग।** चीन में भूकंप के तेज झटके लगे है। पड़ोसी मुल्क के जिजांग प्रांत में ये झटके महसूस किए गए हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बताया है कि, चीन में आए भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 5.7 आंकी गई है। एजेंसी ने कहा कि भूकंप 10 किमी (6.2 मील) की गहराई पर था। भूकंप से फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### आतंकियों ने बस में सवार लोगों पर चलाईं गोलियां, 11 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को अज्ञात आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों समेत कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पहली घटना में हथियारबंद लोगों ने नोशकी जिले में राजमार्ग पर एक बस को रोककर बंदूक की नोक पर नौ लोगों का अपहरण कर लिया था। इन नौ लोगों के शव बाद में पास के पहाड़ी इलाकों में एक पुल के पास मिले, इन्हें गोली मारी गई थी। बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी कि इस बीच हथियारबंद लोगों ने बस को रोका और यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ लोगों को पहाड़ी इलाके में ले गए थे। वहीं, एक अलग घटना में उसी हाईवे पर एक कार पर गोलीबारी की गई, जिसमें दो यात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

# इजराइल पर हमले की ताक में ईरान अमेरिका ने तीन देशों से मांगी मदद

## ईरान से टकराव टालने में जुटे ब्लिंकन, पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल को अलर्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही ईरान की तरफ से हमले की उम्मीद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के भीतर ईरान की तरफ से यहूदी धरती पर ड्रोन और मिसाइल से हमले होने की संभावना है। ईरान के पास अपनी सीमाओं से दो हजार किमी दूर तक अपने लक्ष्य पर हमला करने वाले बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलें हैं।

नेतन्याहू ने ईरान के हमले की आशंका के बाद शुक्रवार देर रात सुरक्षा की समीक्षा के लिए वॉर कैबिनेट और रक्षा प्रमुखों साथ बैठक की। उधर, ईरान समर्थित हिजबुल्ला गुट ने लेबनान से देर रात इजराइल में रॉकेट 2 और ड्रोन से विस्फोटक दागे। इजराइली सेना का दावा है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने न 40 से रॉकेट और दो ड्रोन को मार गिराया। बता दें, इजराइल को बचाने के लिए अमेरिका ने मदद भेज दी है। भूमध्य सागर में अमेरिका ने अपनी नौसैनिक विध्वंसक पोत को तैनात किया है।

एक यूएसएस कार्ने भी है, जिसे लाल सागर में हूती ड्रोन और जहाज रोधी मिसाइलों को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अमेरिका ने क्षेत्र में युद्ध को रोकने के लिए अपने राजनायिक प्रयासों को भी दोगुना कर दिया है। अमेरिका स्विस चैनलों के माध्यम से लगातार ईरान को संदेश भेज रहा है। बाइडन ने अमेरिका सेंट्रल कमांड के अधिकारी जनरल माइकल कुरिला को वार्ता के लिए इजराइल भेजा है।

### अमेरिका के शीर्ष कमांडर एरिक इजराइल पहुंचे



इससे पहले, अमेरिका ने हाई अलर्ट जारी किया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी न ब्लिंकन ने सऊदी अरब, तुर्की, चीन और यूरोपीय देशों के अपने समकक्षों से ईरान को इजराइल पर हमला रोकने में मदद मांगी है। अमेरिका, रूस समेत 5 देशों ने अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे इजराइल और मिडिल ईस्ट न जाएं। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों से कहा है कि वे तेल अवीव, - यरूशलम और बेर्शेबा से बाहर यात्रा न करें। मिडिल ईस्ट में एक और जंग छिड़ने के आभास के बीच अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला गुरुवार को इजराइल पहुंच गए है। रिपोर्ट के मुताबिक वो ईरानी हमले की स्थिति में इजराइल को गाइड करेंगे। उन्होंने इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के अधिकारियों से मुलाकात की। अमेरिका ने कहा है कि वह इजराइल का साथ जरूर देगा।

### जयशंकर ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष से तनाव पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को ब्रिटेन के अपने समकक्ष डेविड कैमरून के साथ इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर और कैमरून के बीच टेलीफोन ईरान द्वारा जब्त जहाज को लेकर चर्चा हुई है। जयशंकर ने एक्स पर कहा, आज ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून से बात की। पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति और हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा हुई। इस बात की आशंका बढ़ गई है कि 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के जवाब में तेहरान इजराइल पर हमला कर सकता है। ईरान ने इस हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है।

# मालदीव से भारतीय सैनिकों का दूसरा समूह रवाना

माले, एजेंसी

भारत के साथ द्विपक्षीय समझौते के तहत हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों का दूसरा समूह नौ अप्रैल को मालदीव से रवाना हो गया है।

इस महीने के अंत में होने वाले संसदीय चुनाव में अभियान के दौरान मुइज्जू ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारतीय सैनिकों का पहला समूह पहले ही जा चुका है, और नौ अप्रैल को दूसरे प्लेटफॉर्म से भी सैनिक हटा लिए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने मुइज्जू के हवाले से बताया है कि, भारतीय सैनिक अब एक ही प्लेटफार्म पर तैनात है, जो 10 मई तक मालदीव छोड़ देंगे। बता दें, दूसरे समूह की वापसी को लेकर मालदीव और भारत सरकार ने अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। 88 भारतीय सैनिक मालदीव में एक हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान को संचालित करने के लिए तैनात थे। भारतीय सैनिकों का पहला समूह 11 मार्च को मालदीव से रवाना हुआ था। बता दें, भारत विरोधी मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए इंडिया आउट' नारा दिया था। तब से दोनों के बीच तनाव बढ़ गया। मार्च में दोनों देशों के बीच सैन्य समझौता भी हुआ था।

- चुनावी अभियान के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने दी जानकारी, 11 मार्च को स्वदेश लौटा था पहला समूह

### गोपी बनेंगे अंतरिक्ष की सैर करने वाले पहले भारतीय पर्यटक

**वाशिंगटन।** आंध्र प्रदेश में जन्मे गोपीचंद थोटाकुरा अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय पर्यटक बनेंगे हैं। वे न्यू शेफर्ड-25 (एनएस-25) मिशन के लिए चालक दल के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे।

वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए हैं। हालांकि अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी ब्लू ओरिजिन के इस मिशन के लिए उड़ान की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है। ब्लू ओरिजिन के अनुसार, गोपी एक पायलट और एविएटर हैं। इतना ही नहीं वह प्रिजर्व लाइफ कॉर्प के सह-संस्थापक भी हैं।

### टीवी चैनल पर डिबेट के दौरान भाजपा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चले लात-घूसे

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में टीवी चैनल पर डिबेट के दौरान कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एक-दूसरे पर लाठियों और प्लास्टिक की कुर्सियों से हमला किया, जिससे कुछ लोग घायल हो गए। झगड़े का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। नगर पुलिस अधीक्षक पंकज मिश्रा ने कहा, इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ कार्यकर्ताओं को भी चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा यह घटना उस वक्त हुई जब एक टीवी समाचार चैनल ने भंवरताल पार्क में एक चुनावी कार्यक्रम का आयोजन किया था। डिबेट के दौरान दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए, कार्यक्रम में ही एक-दूसरे पर लात-घूसे से वार किया। पुलिस ने बताया है मामला की जांच की जा रही है।

## अनोखी परंपरा

**अगरतला :** अगरतला में एक अनोखी परंपरा आकर्षक रूप में मनाई जाती है। आदिवासी त्योहारों में से ही एक पर्व चरक पूजा है, जिसे भक्त बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। चरक पूजा अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु उलटे होकर जमीन पर लेटते हैं, अन्य मौजूदा महिलाएं ढोल-नगाड़ों के साथ मंगल गीत गाती हैं। ● एजेंसी

### दो इनामी महिला नक्सली समेत 6 ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो इनामी महिला नक्सलियों समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि महिला नक्सली तेलाम गीता (35) और मुचाकी सोमे (24) समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि नक्सली गीता पर दो लाख रुपये व सोमे एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादी नेताओं के भेदभावपूर्ण व्यवहार से तंग आकर हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है।

# आतंक के खात्मे को कोई नियम-कानून नहीं

पुणे, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर घेरा है। जयशंकर ने कहा कि अगर भारत पर सीमा पार से आतंकी हमला होगा तो उसका जवाब देने के लिए हमारा देश प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते, इसलिए हमारे लिए भी उनका जवाब देने के लिए कोई नियम नहीं हो सकता।

जयशंकर ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों पर बोलते हुए कांग्रेस की तत्कालीन यूपीए सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर बहुत विचार-विमर्श के बाद भी उस समय कुछ भी सार्थक परिणाम नहीं निकला। युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' नामक एक कार्यक्रम में युवाओं के साथ बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि अगर अब इसी तरह का हमला होता है और कोई उस पर प्रतिक्रिया नहीं करता है, तो आगे ऐसे हमलों को कैसे रोका जा सकता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि 2014 के बाद से देश की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन देशों के बारे में पूछे जाने पर जिनके साथ भारत को संबंध बनाए रखना चुनौतीपूर्ण लगता है, जयशंकर ने कहा कि भारत को सवाल करना चाहिए कि क्या उसे कुछ देशों के साथ संबंध बनाए रखना चाहिए।

जयशंकर ने उत्तर देते हुए कहा कि एक देश तो हमारे बगल में ही है और ईमानदारी से कहूं तो पाकिस्तान के साथ रिश्ता रखने के लिए हमें केवल आत्मनिरीक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत शुरू से ही स्पष्ट होता कि पाकिस्तान आतंकवाद में लिप्त है, जिसे भारत को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करना चाहिए, तो देश की नीति बहुत अलग होती।

- जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को घेरा, कहा- जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध भारत

# मणिपुर में दो गुटों में गोलीबारी दो लोगों की मौत, जवान तैनात

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर की राजधानी इंफाल के पूर्वी इलाके में शनिवार को दो गुटों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। इस दौरान दो लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है।

इंफाल के पूर्वी इलाके में कांगपोकली जिले की सीमा के पास शनिवार को गोलीबारी हुई। एक अज्ञात समूह और गांव के स्वयं सेवकों के बीच गोलीबारी होने लगी। इस गोलीबारी में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलते ही राज्य सुरक्षा दल और केंद्रीय बल तैनात किया गया है। गोलीबारी में मरे दोनों लोगों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, वहीं पुलिस बल अज्ञात दल को ढूंढ रहा है।

### राज्य में चुनाव के लिए सही समय नहीं, कुकी व मैतई समुदाय चिंतित

**इंफाल।** मणिपुर में कुकी और मैतई के बीच जातीय हिंसा भड़के हुए लगभग एक साल हो गए हैं। जातीय हिंसा ने मणिपुर की तस्वीर ही बदल दी है। मणिपुर में दो लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 और 26 अप्रैल को होंगे। आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर के कुछ क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान होगा, जबकि बाहरी मणिपुर के शेष क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। आगामी चुनाव को लेकर चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में समन्वयक कुकी लहैनीलम ने कहा कि हमारी मांग स्पष्टा है। हम कुकी सममुदाय के लिए एक अलग प्रशासन चाहते हैं। वर्षों से विकास केवल घाटी में हुआ है, लेकिन हमारे क्षेत्रों में ऐसा नहीं हुआ। पिछले साल हुई हिंसा के बाद से हम एक साथ नहीं रह सकते, जिसकी कोई संभावना ही नहीं है।

### अमेरिका में एफबीआई ने वांछित भारतवंशी पर रखा दो करोड़ का इनाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने एक भारतीय पर दो करोड़ से अधिक का इनाम रखा है। अहमदाबाद के वीरमगाम का रहने वाला ये भारतीय अमेरिका के दस सर्वाधिक वांछित भगोड़े की सूची में शामिल भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल है। पटेल की गिरफ्तारी के लिए एफबीआई ने 250,000 डॉलर यानी (2 करोड़ 9 लाख रुपये से अधिक) तक का इनाम घोषित कर दिया है।

भद्रेशकुमार भगोड़े सूची में साल 2017 से शामिल है। भद्रेशकुमार अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में भी शामिल है। पटेल 12 अप्रैल 2015 को मैरीलैंड के हनोवर में एक डोनट की दुकान पर काम करते समय अपनी पत्नी की चाकू से हत्या के बाद से भगौड़ा है। अब पटेल को पकड़ने के लिए एफबीआई ने इनाम तक घोषित कर दिया है।

**जांबाज** भारतीय सेना ने वर्षगांठ पर हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन समेत बुनियादी ढांचा की गिनाईं उपलब्धियां, 24 घंटे कर रहे निगरानी

# सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर में जवानों के 40 साल पूरे

नई दिल्ली एजेंसी

ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों के बारे में बताया। जिसमें हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन का भी जिक्र किया गया।

सेना अधिकारियों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है। खासकर उन चौकियों पर जहां भीषण सर्दियों में जवान तैनात रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि विशेष कपड़ों, पर्वतारोहण उपकरणों और राशन की उपलब्धता ने सैनिकों को दुनिया के सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र की कठोर परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता को बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने हाल ही में सेना के आधुनिकरण पर कहा था कि प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेतावनी देते हैं।

ट्रैक के एक व्यापक नेटवर्क के विकास और ऑल-टेरेन व्हीकल्स (एटीवी) की शुरूआत से ग्लेशियर के पार गतिशीलता में काफी सुधार हुआ है।

डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुलों जैसे नवाचारों ने सेना को प्राकृतिक बाधाओं पर काबू पाने में सक्षम बनाया है, जबकि हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियां सबसे दूरस्थ चौकियों तक भी निर्बाध आपूर्ति लाइनें सुनिश्चित करती हैं। ऑपरेशन मेघदूत' की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों पर कहा कि मोबाइल और डेटा कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है। वीएसएटी तकनीक की शुरूआत ने ग्लेशियर पर संचार में क्रांति ला दी है, जिससे सैनिकों को डेटा और इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है।

प्रौद्योगिकी में इस छलांग ने वास्तविक जागरूकता, टेलीमेडिसिन क्षमताओं और हमारे सैनिकों को उनके परिवारों से जोड़े रखकर उनकी भलाई को बढ़ाया है। उत्तरी और मध्य ग्लेशियरों में चौकियों पर कर्मियों को डिब्बाबंद राशन के बजाए ताजा राशन और सब्जियां मिलें। एक ऐसा पहलू जिसकी कुछ साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। नई लॉजिस्टिक पहलों की बदौलत ताजा राशन और सब्जियां अब हमारे फॉरवर्ड पोस्ट के लिए एक वास्तविकता बन गई हैं।

### इसरो ने स्थापित किया था अत्याधुनिक चिकित्सा ढांचा

दुर्गम स्थान में मिली चिकित्सा सहायता इसरो द्वारा स्थापित टेलीमेडिसिन नोड्स समेत सियाचिन में अत्याधुनिक चिकित्सा बुनियादी ढांचा न केवल हमारे सैनिकों को बल्कि नुब्रा घाटी में स्थानीय आबादी और पर्यटकों को भी महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। परतापुर और बेस कैंप में चिकित्सा सुविधाओं में देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, अत्याधुनिक एचएपीओ कक्ष और जीवन समर्थन प्रणालियों के अलावा ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र शामिल हैं।